मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 39.6 | 26.1 |
| जमशेदपुर | 39.9 | 23.2 |
| डालटनगंज | 37.6 | 19.2 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



पेज 09

चुनावी समर 2024

बुधवार 03 अप्रैल 2024 ● चैत्र कृष्ण पक्ष 09 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 1, अंक : 344

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


## भ्रष्टाचार पर कार्रवाई रोकने के लिए रैली कर रहे भ्रष्टाचारी: मोदी

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी गठबंधन ''इंडिया'' पर कटाक्ष करते हुए हुए मंगलवार को कहा कि यह पहला आम चुनाव है, जिसमें सारे भ्रष्टाचारी, भ्रष्टाचार पर कार्रवाई रोकने के लिए रैलियां कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टियां अपने परिवार को बचाने के लिए रैलियां कर रही हैं. मोदी कोटपूतली में भाजपा की चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसका गठबंधन 'इंडिया' देश के लिए नहीं, बल्कि अपने स्वार्थ के लिए चुनाव लड़ रहा है. पीएम ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि मैं कहता हूं- भ्रष्टाचार हटाओ और वे कहते हैं- भ्रष्टाचारियों को बचाओ. उन्होंने कहा कि आज देश में भाजपा की मजबूत और निर्णायक सरकार की जरूरत और ज्यादा है. वे परिवारवादी पार्टियों व उनके भ्रष्टाचार पर सवाल उठाते हैं, इसलिए उन्हें गालियां देते हैं. लेकिन, मोदी 10 साल से उनकी लगाई हुई आग को बुझा रहा है.



## लोस से निष्कासन का करारा जवाब होगी मेरी जीत: मोइत्रा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की कृष्णानगर सीट से बड़े अंतर से अपनी जीत का दावा करते हुए टीएमसी की वरिष्ठ नेता महुआ मोइत्रा ने कहा कि उनकी जीत पिछले साल उन्हें लोकसभा से निष्कासित करने और 'नकद के बदले सवाल पूछने' के मामले में केंद्रीय एजेंसियों द्वारा उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने की साजिश का करारा जवाब होगी. मोइत्रा ने कहा कि संवैधानिक लोकतंत्र को खत्म करने के भाजपा के सभी प्रयासों के बावजूद, भारत जैसे महान देश में फासीवादी ताकतें इसे नष्ट नहीं कर सकती हैं. टीएमसी ने मोइत्रा को पिछले साल लोकसभा से निष्कासित किए जाने के बाद कृष्णानगर सीट से फिर से टिकट दिया है. उन्होंने केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी और सीबीआई पर 'भगवा खेमे के राजनीतिक एजेंट' के तौर पर काम करने का आरोप लगाया. मोइत्रा ने यह भी कहा कि मेरी जीत में कोई संदेह नहीं है. अंतर कितना बड़ा होगा, इसका फैसला चार जून को होगा.



## तानाशाही ताकतों का किला ध्वस्त होना शुरू है: कल्पना

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा है कि तानाशाही ताकतों का किला ध्वस्त होना शुरू हो गया है. कल्पना ने आप नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह को जमानत मिलने के बाद 'एक्स' पर ये बातें लिखी है. लिखा है कि संजय सिंह जी ने अन्यायपूर्ण कारावास के खिलाफ एक बड़ी जंग जीती है. यह सत्य और संघर्ष की जीत है, यह इंडिया की जीत है. संजय सिंह, उनकी धर्मपत्नी अनिता सिंह और उनके परिवारजनों को हार्दिक बधाई और जोहार. बताते चलें कि राज्यसभा सांसद संजय सिंह को मंगलवार को जमानत जमानत मिल गई. सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस पीबी वराले की बेंच ने जमानत दी. जमानत से संबंधित आज तक में छपी रिपोर्ट के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से पूछा, 'आखिर संजय सिंह को अब भी जेल में रखने की जरूरत क्यों है?



## सब तरक्की करें और देश का विकास हो, यही कामना: मुंडा

**रांची।** केंद्रीय मंत्री सह खूंटी से लोकसभा उम्मीदवार अर्जुन मुंडा ने मंगलवार को तमाड़ स्थित मां दिउड़ी के दरबार में हाजिरी लगाई. उन्होंने पूजा-अर्चना कर सभी की खुशहाली और समृद्धि की कामना की. अर्जुन मुंडा के साथ उनकी पत्नी मीरा मुंडा, परिजन और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि माता का आशीर्वाद सभी पर बना रहे. सब तरक्की करें और देश का विकास हो. बताते चलें कि भाजपा ने दूसरी बार अर्जुन मुंडा को खूंटी लोकसभा सीट से टिकट दिया है. वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने कांग्रेस के कालीचरण मुंडा को पटखनी दी थी.



### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 64,300 |
| चांदी (किलो) | 80,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### चुनाव आयोग ने देवघर एसपी को पद से हटाया

**रांची।** चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव के पहले देवघर के एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग को पद से हटा दिया है. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, देवघर एसपी को हटाये जाने का आदेश सरकार को भेज दिया गया है. बताया जा रहा है कि तीन मामलों में फरार चल रहे आरोपी शिवदत्त शर्मा ने 28 मार्च को सांसद निशिकांत पर जसीडीह थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी. इसकी शिकायत आयोग तक पहुंची थी कि एक फरार आरोपी कैसे थाना पहुंच कर प्राथमिकी दर्ज करवा सकता है.



#### कच्चातिवु पर दुष्प्रचार कर रही द्रमुक: निर्मला

**चेन्नई।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (द्रमुक) पर कच्चातिवु द्वीप को लेकर दुष्प्रचार करने और इस मुद्दे पर गैर-जिम्मेदाराना बयान देने का आरोप लगाया. सीतारमण ने कहा कि भारत ने 1974 में यह द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया था. तत्कालीन द्रमुक अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम करुणानिधि को उस समय केंद्र में सत्तारूढ़ कांग्रेस के इस कदम की जानकारी थी, लेकिन उन्होंने विरोध नहीं किया.

#### जोखिम कम करने के लिए निगरानी जरूरी

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव ने कहा है कि केंद्रीय बैंक जोखिमों को कम करने के लिए लगातार निगरानी रखेगा क्योंकि बेलगाम ऋण वृद्धि वित्तीय स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती है. राव ने हाल ही में यहां आयोजित 'भारत निवेश शिखर सम्मेलन' के दौरान कहा कि आरबीआई की कोशिश हमेशा एक उचित नियामक और निगरानी ढांचे के साथ मजबूत और जुझारू वित्तीय मध्यस्थता प्रणाली को बढ़ावा देने की है. प्रौद्योगिकी विकास और नवाचार में वित्तीय क्षेत्र के लिए बड़ी संभावनाएं मौजूद हैं.

### सख्ती : रामदेव और बालकृष्ण को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

# हम आपका माफीनामा सुनने के लिए नहीं बैठे हैं

**पतंजलि विज्ञापन मामला**

भाषा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने भ्रामक विज्ञापन मामले में अनुपालन को लेकर उचित हलफनामा दायर नहीं करने और पूरी तरह से अवज्ञा करने पर योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण के प्रति मंगलवार को नाराजगी जताई. न्यायालय ने पतंजलि के प्रबंध निदेशक के इस बयान को भी खारिज कर दिया कि औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम पुराना है.

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने मंगलवार को कहा कि केवल उच्चतम न्यायालय ही नहीं, इस देश की सभी अदालतों द्वारा पारित हर आदेश का सम्मान किया जाना चाहिए. यह पूरी तरह से अवज्ञा है. पीठ ने अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश हुए रामदेव और बालकृष्ण से कहा कि आपको न्यायालय में दिए गए वचन का पालन करना होगा, लेकिन आपने हर सीमा तोड़ी है. बता दें कि पतंजलि आयुर्वेद के आचार्य बालकृष्ण ने कई गंभीर बीमारियों के इलाज में औषधीय प्रभावकारिता का दावा करने वाली कंपनी के हर्बल उत्पादों के विज्ञापन और चिकित्सा की अन्य प्रणालियों को कमजोर करने के लिए उच्चतम न्यायालय में बिना शर्त माफी मांगी है. पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड ने 21 नवंबर 2023 को शीर्ष अदालत को आश्वासन दिया था कि वह किसी भी कानून, खासकर उसके उत्पादों के विज्ञापन या ब्रांडिंग से संबंधित कानूनों का उल्लंघन नहीं करेगी.

अब न्यायालय ने रामदेव और बालकृष्ण को मामले में एक सप्ताह में हलफनामे दाखिल करने का आखिरी मौका दिया है. पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 10 अप्रैल की तारीख तय करते हुए निर्देश दिया कि वे दोनों अगली तारीख पर उपस्थित रहेंगे.

*उच्चतम न्यायालय ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि हम रामदेव के वकील का माफीनामा सुनने के लिए नहीं बैठे हैं.* ***विज्ञापन पर सरकार ने आंखें क्यों मूंद रखी थीं?***




### योग व धर्म की आड़ में कारोबार किया, सरकार का समर्थन रहा



आपको याद होगा कि कोराना के वक्त बाबा रामदेव ने एक दवा कोरोनिल लाया था. दवा की लांचिंग कार्यक्रम में रामदेव के साथ बालकृष्ण के अलावा भारत सरकार के तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन और केंद्रीय परिवहन मंत्री गडकरी शामिल थे. इससे लोगों में कोरोनिल के प्रति विश्वास बढ़ा और पतंजलि को कारोबारी फायदा हुआ. बाबा रामदेव ने दावा किया था कि कोरोनिल से कोरोना का इलाज होता है. उन्होंने यह भी कहा था कि एलोपैथी दवा खाकर लोग मर रहे हैं. इसके बाद आईएमए ने मामले को लेकर अदालत का दरवाजा खटखटाया. गौर करने वाली बात यह है कि धर्म और योग की आड़ में बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि का कारोबार बहुत कम समय में तेजी से पूरे देश में बढ़ा है. देश के बड़े तबके में पतंजलि के उत्पादों को लोग दवा के रुप में इस्तेमाल करने लगे. उनके इन कुकर्मों पर केंद्र सरकार का पूरा समर्थन रहा. यही कारण है कि मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के वकील से पूछा कि जब पतंजलि कंपनी पूरे जोर-शोर से यह कह रही थी कि एलोपैथी में कोविड का कोई इलाज नहीं है, तब केंद्र सरकार ने अपनी आंखें बंद क्यों रखी थीं? अगली सुनवाई में इस बारे में बताएं.

## समस्या रामदेव नहीं, हमारी अज्ञानता है

**त्वरित टिप्पणी**



डॉ अनुज कुमार

विज्ञान दावों से नहीं प्रमाणों से चलता है और प्रमाण ऐसे होने चाहिए, जो बार-बार कसौटी पर खरे उतरें. उस प्रमाण को कोई भी दोहराये, तो एक ही परिणाम मिले. मसलन अगर मैं कहूं कि मैं सबेरे एक जूस बना कर पीता हूं, जिससे मेरी शुगर की बीमारी ठीक हो गई. फिर कहूं कि वही जूस पीकर मेरे 20 दोस्तों की भी बीमारी ठीक हो गई. और यह कह कर मैं उस जूस को बेचने लग जाऊं और कोई प्रमाण मांगे, तो प्रमाण के नाम पर अपने 20 या 40 दोस्तों को खड़ा कर दूं. तो विज्ञान उसे प्रमाण नहीं मानता. प्रमाण तब माना जाएगा, जब उसे ले कर एक बड़ी स्टडी होगी. जिसमें सारे मानकों का ध्यान रखा जाएगा. फिर उस स्टडी को एक अच्छे मेडिकल जरनल में प्रकाशित किया जाएगा. अच्छे जरनल पहले देखते हैं कि स्टडी ठीक तरीके से हुई है या नहीं. इसके बाद देश या विश्व के कई अस्पताल या संस्थाएं उसी स्टडी को दोहराएं. और उन्हें भी वैसा ही रिजल्ट मिले. तब माना जाएगा कि वो जूस कारगर है. सुबह में उसे पीने से शुगर की बीमारी ठीक हो जाती है. प्रमाण तब माना जाता है.

टेक्नोलॉजी और विज्ञान पर किसी का एकाधिकार नहीं है. चाहे मॉडर्न मेडिसिन हो या आयुर्वेद या कोई भी अन्य विधि. ये सारी विधियां पूरे मानव समाज की साझा विरासत हैं. मानव सभ्यता ने समय-समय पर उपलब्ध संसाधनों की मदद से अपनी परेशानियों का हल ढूंढा और उसे एक विधि का नाम दिया. ये अब आने वाली पीढ़ियों का काम है कि उस विधि का समय-समय पर ईमानदारी से मूल्यांकन करते रहें और उसे बेहतर बनाएं.

इलाज व दवाई के मामले में चीजों को धर्म के चश्मे से देखना एक काफी गलत परिपाटी है. देश का कोई भी आम नागरिक अपने धर्म और राष्ट्र के प्रति इनसे ज्यादा ईमानदार है. धर्म और राष्ट्र का इस्तेमाल अगर कोई भी अपने व्यावसायिक हितों के लिए करता हो, तो वो एक शातिर व्यक्ति है और उससे भी सचेत रहने की ज़रूरत है. बाबा रामदेव एक उदाहरण मात्र हैं. बाजार में ऐसे उत्पाद बहुतायत में हैं, जो भ्रामक विज्ञापन दे कर अपने उत्पादों को आयुर्वेद की चाशनी से ढंक कर बेचते हैं. मसलन लंग डीटॉक्स, लिवर डीटॉक्स जैसे शब्द जहां भी देखें, वहां सचेत रहने की जरूरत है. जिस तरीके से स्पेस टेक्नोलॉजी में सरकार पूरी तरह से वैज्ञानिकों पर निर्भर रहती है, उसी तरह स्वास्थ्य मामलों में नीति निर्धारण का कार्य डॉक्टरों पर छोड़ दें और उसमें ब्यूरोक्रेसी की अनावश्यक दखलंदाजी कम से कम हो.

पतंजलि के व्यावसायिक स्वास्थ्य पर शायद ही इस पूरे प्रकरण से कुछ प्रभाव पड़े, लेकिन लोगों के स्वास्थ्य के साथ जरूर खिलवाड़ हुआ है. यह जरूरी है कि किसी भी चीज पर विश्वास करने से पहले हम अपनी तार्किक बुद्धिमत्ता और विवेक का इस्तेमाल जरूर करें. क्योंकि समस्या बाबा रामदेव जैसे लोग नहीं हैं, बल्कि समाज की अज्ञानता और अवैज्ञानिक सोच है.

**(लेखक पेशे से मैक्सिलोफेशियल सर्जन और पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट हैं)**

### 'आप' के सांसद संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट से राहत

# नहीं मिला मनी ट्रेल, मिली बेल

भाषा। नई दिल्ली

दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में उच्चतम न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को मंगलवार को जमानत दे दी. इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय ने कहा था कि अगर सिंह को मामले में जमानत दी जाती है, तो उसे कोई आपत्ति नहीं है. न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने छह महीने से जेल में बंद संजय सिंह को रिहा करने का आदेश दिया.

सिंह की रिहाई ऐसे समय में हो रही है जब आम आदमी पार्टी के सामने 19 अप्रैल से शुरू होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले नेतृत्व का संकट है. दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल तथा पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया इसी मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं. संजय सिंह के मामले में पीठ ने कहा कि सिंह पूरे मुकदमे के दौरान जमानत पर बाहर रहेंगे और उनकी जमानत की शर्तें विशेष अदालत तय करेगी. इसके बाद सर्वोच्च अदालत की पीठ ने संजय सिंह को नियम और शर्तों पर मुकदमे की कार्यवाही पूरी होने तक जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया. पीठ ने कहा कि सिंह को दी गई जमानत को 'मिसाल' के तौर पर नहीं लिया जाएगा. इससे स्पष्ट है कि इस जमानत आदेश से अरविंद केजरीवाल समेत जेल में बंद अन्य आप नेताओं को ज्यादा राहत नहीं मिलने वाली है.

**... क्या संजय सिंह को और हिरासत में रखने की आवश्यकता है? :** उच्चतम न्यायालय की पीठ ने सुबह के सत्र में एसीजे एसवी राजू से इस बारे में निर्देश प्राप्त करने को कहा था कि क्या ईडी को संजय सिंह की और हिरासत की जरूरत है? शीर्ष अदालत सिंह की जमानत याचिका पर और धनशोधन मामले में गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती देने वाली अपील पर सुनवाई कर रही थी.

-शेष पेज 7 पर

#### दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में दी गई जमानत

**ईडी ने नहीं जताई आपत्ति, कहा- जमानत दे दी जाए**



#### राजनीतिक बयानबाजी पर रोक लगाने की मांग अस्वीकार

भोजनावकाश के बाद के सत्र में, ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि उन्होंने जांच एजेंसी से निर्देश ले लिए हैं और अगर सिंह को धनशोधन से जुड़े प्राथमकी मामले में जमानत दी जाती है, तो ईडी को कोई आपत्ति नहीं है. हालांकि, यह जरूर कहा गया कि संजय सिंह की राजनीतिक गतिविधियों पर रोक की शर्त पर जमानत दी जाए. इस पर पीठ की ओर से कहा गया कि सिंह एक राजनीतिक व्यक्ति हैं, ऐसे में उनकी राजनीतिक गतिविधतियों पर रोक नहीं लगाई जा सकती.

**टिप्पणी**

## कोर्ट की टिप्पणी और ईडी का स्टैंड

सुरजीत सिंह

सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को लेकर मंगलवार को सख्त टिप्पणी की. कोर्ट ने ईडी से पूछा कि संजय सिंह के घर से आपको एक रुपये भी नहीं मिले. मनी ट्रेल भी नहीं है. संजय सिंह को छह महीने से जेल में रखे हुए हैं. आप मुझे यह बताइये कि संजय सिंह की कस्टडी अभी भी चाहिए या नहीं चाहिए. क्योंकि उनके घर से कुछ नहीं मिला है. ईडी के वकील ने एक सप्ताह का समय मांगा. इस पर कोर्ट ने कहा- नहीं आप दो बजे तक बताइये. इसके बाद ईडी ने कोर्ट से कहा कि संजय सिंह को जमानत देने से हमें कोई आपत्ति नहीं है. इसके बाद कोर्ट ने संजय सिंह की जमानत मंजूर की.

जमानत की शर्तें निचली अदालत तय करेंगी. संजय सिंह के वकील ने यह भी दावा किया है कि सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश का असर ईडी द्वारा दूसरे नेताओं की गिरफ्तारी के बाद जमानत पर होने वाली सुनवाई पर भी पड़ेगा. सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी और ईडी का स्टैंड गंभीर है. इससे उन सवालों को बल मिलेगा, जिनमें कहा जाता रहा है कि ईडी विपक्षी नेताओं को परेशान कर रही है. गिरफ्तार कर लेती है. और यह सब राजनीतिक वजहों से की जा रही है. सुप्रीम कोर्ट में संजय सिंह के वकील ने यह भी दावा किया है कि संजय सिंह के मामले में ट्रायल शुरू नहीं किया गया. ट्रायल में देरी की वजह संजय सिंह नहीं रहे, बल्कि ईडी की तरफ से विलंब किया गया.

बहरहाल, संजय सिंह की जमानत के बाद विपक्ष को ईडी और केंद्र में सत्तारुढ़ भाजपा पर हमला करने की एक और बड़ी वजह मिल गई है. और आनेवाले वक्त में अगर ईडी द्वारा गिरफ्तार दूसरे बड़े विपक्षी नेताओं को भी जमानत मिलती है और इस दौरान कोर्ट की टिप्पणी सामने आती है, तो अब तक जो आरोप लगते रहे हैं, विपक्ष उसे सही बतायेगा और चुनाव में इसका फायदा भी विपक्ष को मिल सकता है. साथ ही भाजपा नेताओं द्वारा भ्रष्टाचार के आरोपों की गंभीरता कम हो सकती है.

## दारोगा मीरा व सीओ शशिभूषण सिंह से ईडी ने नौ घंटे पूछताछ की

संवाददाता। रांची





मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में दारोगा मीरा सिंह और धनबंद के गोविंदपुर अंचल के सीओ शशिभूषण सिंह से ईडी ने मंगलवार को पूछताछ कर रही है. दोनों से अलग-अलग मामले में पूछताछ की गई है. जरूरी कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद ईडी के अधिकारियों ने दोनों से बालू तस्करी, जमीन घोटाला से लेकर अन्य कई मामलों में करीब 9 घंटे तक पूछताछ की.

**शशिभूषण के साथ अंबा व योगेंद्र की मिलीभगत की जांच :** सीओ शशिभूषण का कांग्रेस की बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के पूरे परिवार से अच्छा संबंध रहा है. शशिभूषण पर आरोप है कि उसने कई जमीनों पर कब्जे के लिए अंबा प्रसाद और उनके पिता झारखंड सरकार में पूर्व में मंत्री रहे योगेंद्र प्रसाद की मदद की थी. इसी वजह से अंबा व शशिभूषण के साथ-साथ दूसरे करीबियों के यहां पूर्व के दिनों में ईडी ने रेड किया था. शशिभूषण की भी 100 से अधिक संपत्तियों की जानकारी ईडी को मिली है. हजारीबाग में खासमहल की जमीन कब्जाने में तत्कालीन सीओ शशिभूषण सिंह के साथ अंबा प्रसाद और उनके पिता योगेंद्र साव की मिलीभगत की जांच भी हो रही है.

-शेष पेज 7 पर

**गुड न्यूज** उच्च शिक्षा विभाग की पहल, नेतरहाट में खगोल उद्यान की स्थापना होगी

# स्पेस और रोबोटिक साइंस की होगी पढ़ाई

- दो मोबाइल साइंस एग्जीबिशन बसें भी चलायी जाएंगी, विद्यार्थी होंगे लाभान्वित

रवि भारती। रांची

झारखंड का उच्च शिक्षा विभाग खगोल विज्ञान को बढ़ावा देगा. इसके लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए व्यापक योजना बनायी गयी है. अब राज्य के स्कूल-कॉलेजों के विद्यार्थियों को स्पेस साइंस और रोबोटिक साइंस की पढ़ाई करायी जाएगी. खगोल विज्ञान को बढ़ावा देने के लिए नेतरहाट में खगोल उद्यान (एस्ट्रो पार्क) की स्थापना की जाएगी. साथ ही राज्य में विज्ञान के प्रचार- प्रसार के लिए दो मोबाइल साइंस एग्जीबिशन बसें भी चलायी जाएंगी. इसका भी थीम स्पेस साइंस और रोबोटिक साइंस होगा.



### खगोल उद्यान में क्या-क्या होगा

खगोल उद्यान में सेलेस्टियल ग्लोब, नाइट स्काई अंबरेला, सोलर सिस्टम, स्टोन बॉल फाउंटेन, इंटरेक्टिव राइड एक्सप्लानिंग द मूवमेंट मूड और पिन होल अंबरेला द मूवमेंट ऑफ सन होगा. इससे स्पेस साइंस में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को अद्यतन जानकारी भी मिल सकेगी. वहीं नेशनल इनोवेशन इंडेक्स में झारखंड की स्थिति में सुधार के लिए रांची में राज्य अनुसंधान पार्क की स्थापना 10 से 12 एकड़ भूमि पर की जाएगी. इसका प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है.

### उद्योग और शिक्षा विभाग मिलकर करेगा काम

उद्यमिता विकास के लिए शिक्षा विभाग अब उद्योग विभाग के साथ मिलकर काम करेगा. इसके तहत टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन को सक्षम बना कर उद्यमिता को बढ़ावा दिया जाएगा. राज्य में स्टार्टअप और उद्योग को बढ़ावा देने से रोजगार के अवसर भी मिलेंगे. राज्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने वाले संस्थानों, शिक्षकों, छात्रों, प्रशासकों को सम्मानित करने के लिए राज्यस्तरीय उच्च शिक्षा पुरस्कार योजना लागू की जाएगी. इसके लिए राष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ट संस्थानों के साथ साझेदारी की जाएगी.

## छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में नौ नक्सली ढेर

भाषा। बीजापुर

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में नौ नक्सलियों को मार गिराया है. पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी. बताया कि बीते सोमवार को जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र में नक्सली गतिविधि की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था. दल में डीआरजी, एसटीएफ और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कोबरा बटालियन के जवान शामिल थे.

अभियान के दौरान सुरक्षा बलों का दल जब लेंड्रा गांव के जंगल में था, तब मंगलवार सुबह लगभग करीब छह बजे नक्सलियों ने सुरक्षा बल के जवानों पर गोलीबारी शुरू कर दी. इसके बाद जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की. कुछ देर तक दोनों ओर से गोलीबारी के बाद नक्सली वहां से भाग गए. बाद में जब घटनास्थल की तलाशी ली गई, तब वहां नौ नक्सलियों के शव, एक एलएमजी, बीजीएल लांचर और अन्य हथियार व विस्फोटक बरामद किए गए. मुठभेड़ में कई नक्सलियों के घायल होने की भी संभावना जताई गई है.



**खास बात**

- बीजापुर जिले के लेंड्रा गांव के जंगल में हुआ मुठभेड़

▼ ब्रीफ खबरें

## शिकायत निगरानी नियंत्रण कक्ष का गठन

**रांची।** लोकसभा चुनाव को लेकर भारत निर्वाचन आयोग ने 16 मार्च को आदर्श आचार संहित लागू किया है. चुनाव में पारदर्शिता और आम नागरिकों द्वारा प्राप्त शिकायतों के निष्पादन को लेकर डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा (व्यय अनुश्रवण प्रबंधन कोषांग) ने शिकायत निगरानी नियंत्रण कक्ष और कॉल-सेंटर का गठन किया है. आचार सहिंता के प्रभावी होने के बाद जारी हेल्पलाइन नंबर 1800-345-3333 को कॉल सेंटर से कनेक्ट कर दिया गया है. डीसी ने कहा कि आम नागरिक चुनाव से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी व शिकायत 1800-345-3333 पर दे सकते हैं.

## शहीद के परिजनों को मिला मुआवजा

**रांची।** सिक्किम में ड्यूटी के दौरान शहीद हुए इंडियन आर्मी के हवलदार सुनील लकड़ा के परिजनों को दस लाख की मुआवजा राशि दी गयी. इसको लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने आदेश जारी किया था. गुमला जिले के रहने वाले सुनील लकड़ा 23 अक्टूबर 2021 को सिक्किम में ड्यूटी पर थे, तभी उनकी मौत हो गयी थी. हवलदार सुनील लकड़ा मूल रूप से रायडीह प्रखंड के कोबीटोली गांव के रहने वाले थे. वर्ष 1997 में इनकी नियुक्ति आर्मी के बिहार रेजिमेंट में जवान के पद पर हुई थी. सेना का सामान पहुंचाने के दौरान अचानक ठंड लगने से वे बीमार पड़ गये थे. इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी थी.

## नशे के कारोबार पर हाईकोर्ट हुआ सख्त

**रांची।** हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए रांची एसएसपी को ड्रग्स का कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने मामले पर सुनवाई की. कहा कि रांची के अलग-अलग इलाकों में ड्रग्स का कारोबार करने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाये. साथ ही नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों की गिरफ्तारी जल्द सुनिश्चित की जाये. कोर्ट ने राज्य सरकार से नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की गिरफ़्तारी और उन पर हुई कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है. मंगलवार को अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि राजधानी रांची में बड़े पैमाने पर ड्रग्स का कारोबार चल रहा है. पुलिस ड्रग माफियाओं को गिरफ्तार क्यों नहीं कर रही ? शहर के कई शैक्षणिक संस्थानों के आसपास ड्रग्स बेचा जा रहा है. नशे का प्रभाव युवाओं के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है.

## वेडिंग डायरी प्रदर्शनी का हुआ समापन

**रांची।** होटल कैपिटल हिल में आयोजित दो दिवसीय वेडिंग डायरी प्रदर्शनी का समापन मंगलवार को किया गया. दोनों दिन लोगों की भीड़ रही, बड़े डिजाइनर्स ने भी इसमें हिस्सा लिया. कई स्टॉल चैरिटी के लिए समर्पित किए गए थे. वहीं कई बड़े डिजाइनर फैशन पॉइंट एग्जीबिशन में अपने नई कलेक्शन की लॉन्चिंग की. मुंबई दिल्ली कोलकाता, मुंबई बैंगलोर, जैसे मेट्रो सिटीज के साथ-साथ लखनऊ, बनारस,जयपुर, पंजाब के लेटेस्ट फैशन ट्रेंड के कलेक्शन की खूब खरीदारी हुई. रांची वासियों ने सभी बड़े शहरों के डिजाइनर के कपड़ों की खरीदारी की. वहीं रियल इमिटेशन और फैशन ज्वेलरी पसंद किए गए. फैशन पॉइंट की डायरेक्टर रीना अग्रवाल ने बताया यह एग्जिबिशन बिल्कुल हटकर रहा. एग्जीबिशन में बड़े डिजाइनर ने लेटेस्ट कलेक्शन रांची में लेकर आए यह बड़ी बात है.

### वित्तीय वर्ष 2024-25 में कई महात्वाकांक्षी योजनाएं पूरी कर ली जाएंगी

# उच्च शिक्षा के लिए 959 करोड़ का रोडमैप तैयार, हाईटेक होगी व्यवस्था

### डिस्टेंस एजुकेशन, शोध और दूसरी पाली की कक्षा मद में 100 करोड़ खर्च होंगे

रवि भारती। रांची

राज्य के युवाओं को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा में क्वालिटी एजुकेशन देने के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने रोड मैप तैयार कर लिया है. इसके तहत उच्च शिक्षा विभाग वित्तीय वर्ष 2024-25 में 959 करोड़ रुपये खर्च करेगा. इसमें कई महत्वकांक्षी योजनाओं को भी अमलीजामा पहनाया जाएगा. जो योजनाएं चल रही हैं, उसका भी व्यापक विस्तार किया जाएगा.



**200** करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे शिक्षा पर साथ ही विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति मद में 39 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे.

**84** करोड़ रुपये के खर्च का प्रावधान किया गया है. वहीं पहले से चल रही गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 20 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे.

### तकनीकी शिक्षा पर 289 करोड़ खर्च होंगे

उच्च शिक्षा विभाग वित्तीय वर्ष 2024-25 में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में 289 करोड़ रुपये खर्च करेगा. काउंसिल ऑफ साइंस टेक्नोलॉजी इनोवेशन में 40 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे. नई -नई तकनीक ईजाद की जाएगी. इंस्टीट्यूशनल नेटवर्किंग पर 10 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे. इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेजों के जीर्णोद्धार पर 200 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे. साथ ही विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति मद में 39 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे.



### उच्च शिक्षा पर 679 करोड़ खर्च किए जायेंगे

उच्च शिक्षा विभाग वित्तीय वर्ष 2024-25 में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में 679 करोड़ रुपये खर्च करेगा. इस योजना के तहत राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) में 84 करोड़ रुपये के खर्च का प्रावधान किया गया है. वहीं पहले से चल रही गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 20 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे. विद्यार्थियों को कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 100 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रावधान किया गया है. इसके अतिरिक्त भी शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सरकार की योजना है.

### फेलोशिप पर खर्च होंगे 35 करोड़

उच्च शिक्षा विभाग वित्तीय वर्ष 2024-25 में फेलोशिप और स्कॉलरशिप पर 35 करोड़ रुपये खर्च करेगा. इसके अलावा डिस्टेंस एजुकेशन, कार्यशाला, दूसरी पाली में कक्षाएं शुरू करने, नैक ग्रेडिंग और शोध कार्य पर भी 100 करोड़ रुपये के खर्च का प्रावधान किया गया है.

### भाजपा व आजसू ने सामूहिक प्रचार अभियान चलाने की घोषणा की

# राजग ने राज्य की सभी 14 सीटें जीतने की बनाई रणनीति



संवाददाता। रांची

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की झारखंड इकाई ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव के लिए संयुक्त रणनीति पर चर्चा की, ताकि राज्य की सभी 14 सीटों पर गठबंधन को जीत मिल सके। प्रदेश भाजपा मुख्यालय में आयोजित बैठक में पार्टी के विक्षुब्ध कार्यकर्ताओं और टिकट कटने से नाराज नेताओं को भी साधा गया. भाजपा और आजसू पार्टी के प्रमुखों ने सामूहिक लोकसभा चुनाव अभियान चलाने की घोषणा की। यह भी तय हुआ कि एनडीए जिला स्तर पर चुनाव जीतने की रणनीति बनाएगा.

सभी लोकसभा प्रत्याशियों को पार्टी की ओर से चुनाव प्रचार को लेकर दिशा निर्देश भी दिये गये. बैठक में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, अन्नपूर्णा देवी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह समेत कई नेता मौजूद थे.

### भ्रष्टाचार के मुद्दे पर है लोकसभा की लड़ाई : लक्ष्मीकांत वाजपेयी

डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में दोनों पक्षों का एजेंडा स्पष्ट है. एक तरफ इंडी ठगबंधन घोटालेबाजों का गठबंधन है, जो आकंठ भ्रष्टाचार में डूबा है और भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए अनर्गल प्रलाप कर रहा है. वहीं दूसरी तरफ एनडीए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने के लिए संकल्पित है. सारे भ्रष्टाचारी और परिवारवादी पार्टियां आज मोदी को इसलिए हटाना चाहती हैं ताकि उनके भ्रष्टाचार से पर्दा नहीं उठे.

### संपर्क, संवाद और समन्वय प्रचार अभियान का सूत्र : बाबूलाल मरांडी

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि चुनाव प्रचार अभियान में हमें संपर्क, संवाद और समन्वय से कार्य करना है. प्रत्याशी और कार्यकर्ता जनता से अधिक से अधिक संपर्क करें. कोई घर छूटे नहीं। हम घर-घर जाकर पीएम मोदी का संदेश पहुंचाएं. सभी वर्ग, समाज के बीच हमारा प्रत्यक्ष संवाद स्थापित हो और कार्यकर्ता आपस में समन्वय स्थापित कर अभियान को गति दें, ताकि हम राज्य की सभी सीट पर जीत हासिल कर सकें. मरांडी ने कहा, 2019 के लोकसभा चुनाव में, राजग ने 14 में से 12 सीटों पर जीत हासिल की. इस बार, हमने 'विकसित भारत' के प्रधानमंत्री मोदी के सपने को पूरा करने के लिए राज्य की सभी 14 सीटों पर जीत का संकल्प लिया है.

## टिकट कटने से नाराज तीन सांसद नहीं पहुंचे बैठक में

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बैठक में कई विक्षुब्ध नेता नहीं पहुंचे. भाजपा ने जिन पांच सीटिंग सांसदों का टिकट काटा है, उनमें से सिर्फ तीन ही बैठक में पहुंचे. दो सांसद नहीं आये. दुमका सांसद सुनील सोरेन बैठक में नहीं थे. भाजपा ने उन्हें पहले दुमका से टिकट दिया था, फिर बाद में उनसे टिकट वापस लेकर सीता सोरेन को दिया गया है. वहीं हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा भी बैठक में नहीं थे. भाजपा ने उनका भी टिकट काटकर मनीष जायसवाल को प्रत्याशी बनाया है. वहीं धनबाद सांसद पीएन सिंह, चतरा सांसद सुनील सिंह और लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत भारी मन से बैठक में शामिल हुए.

### दूसरे दल में जाने का सवाल ही नहीं उठता: पलिवार

पूर्व मंत्री राज पलिवार ने कांग्रेस में शामिल होने की खबरों को लेकर पूछे गये सवाल पर कहा कि वे भाजपा के सिपाही हैं. कांग्रेस या झामुमो में जाने का कोई सवाल ही नहीं है. गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे के साथ सोशल मीडिया पर हुई तकरार पर कहा कि वह वाकया होली के माहौल में हुआ था .

### मैं पहचान की मोहताज नहीं : सीता सोरेन

दुमका से लोकसभा की उम्मीदवार सीता सोरेन भी बैठक में शामिल हुईं. उन्होंने कहा की दुमका में एकतरफा मुकाबला है. दुमका की जनता सीता सोरेन (कमल छाप) को पहचानती है न कि तीर-धनुष (जेएमएम) को. मैं पहचान की मोहताज नहीं हूं. मैंने क्षेत्र में विकास का काम किया है.

### धनबाद से चुनाव लड़ें सरयू, स्वागत है : ढुल्लू महतो

धनबाद से भाजपा के प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने कहा कि अगर सरयू राय धनबाद से चुनाव लड़ते हैं तो उनका स्वागत करेंगे. जैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर एक चुनौती का सामना करते हुए सरकार चलाई है. मैं भी भाजपा का एक कार्यकर्ता हूं. हर चुनौती स्वीकार है.

### राजधनी यादव के समर्थकों ने किया प्रदर्शन

एक तरफ जहां भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में एनडीए की बैठक चल रही थी,वहीं दसूरी ओर विक्षुब्धों को मनाया जा रहा था. कार्यालय के बाहर चतरा लोकसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता विरोध-प्रदर्शन कर रहे थे. ये कार्यकर्ता लातेहार के भाजपा नेता राजधनी यादव के समर्थक थे. इन कार्यकर्ताओं की नाराजगी को देखते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने राजधनी यादव को उनके बायोडाटा के साथ अपने चैंबर में बुलाया. यादव ने कहा कि चतरा लोकसभा सीट से भाजपा अपना कैंडिडेट बदले. कालीचरण सिंह 17 साल तक पार्टी विरोधी कार्य करते रहे और आज भाजपा ने उन्हें टिकट दे दिया. उधर कालीचरण ने कहा कि उन्होंने 40 साल तक समर्पित होकर संगठन का काम किया है. रिजल्ट भी दिया है. कर्मवीर सिंह से मुलाकात के बाद राजधनी ने बताया कि उन्हें संगठन महामंत्री ने इस मामले में विचार करने का आश्वासन दिया है.

### मोदी सरकार ने अपने संकल्पों को धरातल पर उतारा : अर्जुन मुंडा

अर्जुन मुंडा ने कहा कि मोदी सरकार विकसित भारत के संकल्प को तेजी से पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रही है. पिछले दस वर्षों में गांव, गरीब, किसान, दलित, वंचित विकास की मुख्यधारा से जुड़े. 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए। वहीं देश का स्वाभिमान सम्मान दुनिया में बढ़ा है. उन्होंने कहा कि भाजपा 2024 के संकल्प पत्र में जनता से प्राप्त सुझावों को समाहित करेगी.

### देश में आज एक ही चेहरा है नरेंद्र मोदी : सुदेश महतो

सुदेश महतो ने कहा कि प्रदेश में एनडीए पूरी तरह एकजुट है और मजबूत है. जमीनी स्तर पर दोनों दलों के कार्यकर्ताओं में समन्वय स्थापित कर प्रचार अभियान को सफल बनाने की परंपरा अच्छी पहल है. आज प्रधानमंत्री के लिए केवल एक ही चेहरा है नरेंद्र मोदी. जनता नरेंद्र मोदी को जिताने के लिए संकल्पित है.

## राजद में लौटे गिरिनाथ सिंह चतरा से लड़ सकते हैं चुनाव



संवाददाता। राची

भाजपा छोड़कर गिरिनाथ सिंह एक बार फिर राजद में लौट गये हैं. पटना स्थित राजद कार्यालय में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. राजद के बिहार प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने उनका पार्टी में स्वागत किया. माना जा रहा है कि चतरा संसदीय सीट से पार्टी उन्हें अपना उम्मीदवार बना सकती है. 30 मार्च को गिरिनाथ सिंह ने लालू यादव से राबड़ी आवास पर मुलाकात की थी. इसके बाद से चर्चा थी कि वो राजद में वापसी करेंगे. चर्चा यह भी है कि राजद उन्हें चतरा लोकसभा से चुनाव लड़ा सकती है.

**पांच साल पहले शामिल हुए थे भाजपा में :** गिरिनाथ सिंह गढ़वा से चार बार विधायक रह चुके हैं. झारखंड राजद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं. भाजपा नेताओं से संपर्क रखने की खबरों और उसका खंडन नहीं करने पर राजद ने उन्हें पार्टी से छह साल के लिए निलंबित कर दिया था. इसके बाद गिरिनाथ ने 25 मार्च 2019 को राजद से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गये थे. निर्मला सीतारमण ने गिरिनाथ सिंह को भाजपा की सदस्यता दिलाई थी.

### राजद में वापसी से पार्टी होगी मजबूत : कैलाश

हरमू जमुनानगर में राजबली राय, शंकर यादव एवं करण पांडेय के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने कैलाश यादव को राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर उनका माला पहनाकर स्वागत किया. उनके साथ पार्टी में शामिल हुए समाजसेवी नंदन यादव का भी स्वागत किया गया. वहीं महासचिव कैलाश यादव ने पूर्व मंत्री भाजपा नेता गिरिनाथ सिंह की राजद में वापसी पर उन्हें बधाई दी. कहा कि निश्चित रूप से गिरिनाथ सिंह के पार्टी में आने से राजद काफी मजबूत होगा. उन्होंने कहा कि सारे लोगों को भाजपा के झूठे वादे और जुमले के खिलाफ गोलबंद होने की जरूरत है. राजद उम्मीदवार के साथ राज्य में महागठबंधन के सभी उम्मीदवारों को पूरी मुस्तैदी से समर्थन कर सभी 14 सीटों पर जिताने का काम करेंगे. मौके पर नंदन यादव, रामकुमार यादव, सुरेश राय, राकेश सिंह, प्रिंस ठाकुर, शुशील श्रीवास्तव, योगेंद्र शर्मा, रामानंद शर्मा, देवानंद विश्वकर्मा, सचितानंद राय, उमेश राय, सरोज मिश्रा, सत्रुघ्न ठाकुर आदि शामिल थे.

## अवैध शराब व नशीले पदार्थों के मामलों में सख्ती बरतें : रवि

संवाददाता। रांची

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार ने सभी जिलों को निर्वाचन पदाधिकारी, एसपी और उत्पाद अधीक्षक को लोकसभा चुनाव तक अवैध शराब और नशीले पदार्थों के मामले में सख्ती बरतने का आदेश दिया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिलों के पदाधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक कर कहा कि स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त चुनाव के लिए जरूरी है कि अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की रोकथाम के मामलों पर पूरी सख्ती से त्वरित कार्रवाई की जाय। इससे शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं निष्पक्ष एवं भयमुक्त निर्वाचन संपन्न कराने में सहूलियत होगी। पदाधिकारी अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के उत्पादन, भंडारण, वितरण, बिक्री एवं परिवहन पर सख्ती बरतें और इसमें संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। शराब एवं मादक पदार्थों में संलिप्त हिस्ट्रीशीटर्स एवं अन्य आरोपियों का प्रोफाइल के साथ डाटाबेस तैयार करते हुए इसके तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने की जरूरत है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि शराब एवं मादक पदार्थ चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित न करें। इसके लिए सभी चिन्हित एवं संभावित स्थानों पर छापेमारी तेज कर दें।

## लोकसभा चुनाव प्रशिक्षण कार्यक्रम में छलका बीएलओ का दर्द


संवाददाता। रांची

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर रांची के जिला स्कूल स्थित सभागार में नगर निगम के सफाई मित्र, सफाई पर्यवेक्षक, बीएलओ और बीएलओ पर्यवेक्षकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ. इस दौरान मंच पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा, जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा, प्रशासक नगर निगम अमित कुमार, नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, एसडीओ उत्कर्ष कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक, उप निर्वाचन पदाधिकारी बिवेक कुमार सुमन उपस्थित थे.

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने दिया आश्वासन :** अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने कहा कि हम आपके (बीएलओ) इस दर्द से वाकिफ हैं. जिस तरह आपने बोला, आपको लोग पहचानते नहीं हैं, आपको लोग घरों में घुसने नहीं देते हैं. ये समस्या होगी, जिसके कारण आज इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. साथ ही उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से सभी बीएलओ को आईकार्ड जल्दी ही जारी किया जाएगा.

### बीएलओ ने बतायी अपनी पीड़ा

एक बीएलओ ने कहा कि बिना किसी आईडी और बुनियादी सामग्री के बिना चुनाव कार्य पर भेज दिया जाता है. जहां उनके साथ अभर्द व्यवहार किया जाता है. मेरी पहचान मुझे दीजिए, मैं काम करने को तैयार हूं. जिससे मुझे देख कर लोग कहें कि दीदी बीएलओ हैं. इस बात का कार्यक्रम में मौजूद सभी बीएलओ ने समर्थन किया.










**उपलब्धि** झारखंड कैडर की ब्यूरोक्रेसी का स्वर्णिम काल, अपने विजन से हासिल किया यह मुकाम

# पहली बार झारखंड के छह अफसर केंद्र में सचिव रैंक पर कार्यरत

रवि भारती। रांची

झारखंड कैडर के आईएएस अफसरों का यह स्वर्णिम काल माना जा रहा है. इसकी वजह यह है कि पहली बार झारखंड कैडर के छह आईएएस अफसर केंद्र में सचिव के पद पर तैनात हैं. केंद्र में सचिव का पद ब्यूरोक्रेसी में शीर्ष पायदान का होता है. झारखंड कैडर के इन अफसरों ने अपने आत्मविश्वास और विजन की बदौलत यह मुकाम हासिल किया है. इन अफसरों ने राज्य के नीतिगत निर्णयों में अपनी दक्षता का परिचय तो दे ही दिया ही है, केंद्र में भी अपनी बेहतर दूरदर्शी विजन से कई नीतियों को अंजाम तक पहुंचाया है, जिसकी चर्चा देश ही नहीं विदेशों में भी हो रही है. उनके ही विजन के बदौलत आम जन को कई कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी मिल रहा है. बहरहाल झारखंड की ब्यूरोक्रेसी में एक गौरवशाली अध्याय जुड़ गया है.

**ब्यूरोक्रेसी के शीर्ष स्थान पर भी झारखंड कैडर के आईएएस**

### एनएन सिन्हा व अलका तिवारी भी केंद्र में सचिव

झारखंड कैडर के 1987 बैच के अफसर एनएन सिन्हा केंद्र में सचिव के पद पर तैनात हैं. इससे पहले वे ग्रामीण विकास मंत्रालय, एनएचएआई में भी योगदान दे चुके हैं .फिलहाल एनएन सिन्हा इस्पात मंत्रालय में सचिव के पद पर कार्यरत हैं. वहीं झारखंड कैडर की 1988 बैच की अफसर अलका तिवारी नेशनल कमिश्नन फॉर शिड्यूल ट्राइब में सचिव पद पर तैनात हैं. इससे पहले उन्होंने रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में भी काम किया है. अलका तिवारी ने झारखंड में वन विभाग, कॉर्मिशियल टैक्स सहित अन्य विभागों में अपनी सेवा दे चुकी हैं.

### रहाटे और खरे के पास भी महत्वपूर्ण विभाग

झारखंड कैडर के 1990 बैच के अफसर सुधीर गंगाधर रहाटे केंद्र के अहम विभाग की जिम्मेवारी संभाल रहे हैं. फिलहाल वे मिनिस्ट्री ऑफ लॉ एंड जस्टिस के सचिव पद पर तैनात हैं. इससे पहले वे ऊर्जा नवीनीकरण मंत्रालय में सेवा दे चुके हैं. झारखंड में उन्होंने ऊर्जा सचिव, श्रम सचिव और गृह सचिव के रूप में अपनी सेवा दी है. वहीं झारखंड कैडर की अफसर निधि खरे केंद्र में उपभोक्ता मामले विभाग में सचिव के पद पर तैनात हैं. उन्होंने सोमवार को इस पद पर योगदान दिया है.

### ब्यूरोक्रेसी के शीर्ष पायदान पर काबिज हैं राजीव गौबा

1982 बैच के आईइएस राजीव गौबा ब्यूरोक्रेसी के सर्वोच्च पद पर आसीन हैं. फिलहाल वे केंद्र में कैबिनेट सेक्रेट्री के पद पर काबिज हैं. गौबा ने गृह सचिव रहते हुए केंद्र द्वारा आर्टिकल 370 को हटाने, जम्मू-कश्मीर के पुनर्निर्माण का मसौदे तैयार करने और इसे सफलतापूर्वक लागू करने में अहम भूमिका निभाई थी. अपनी छोटी कोर टीम के साथ मिलकर उन्होंने इस फैसले के संवैधानिक और कानूनी पहलुओं को अंतिम रूप दिया था और इससे जुड़े प्रशासनिक एवं सुरक्षा व्यवस्था का भी ढांचा तैयार किया था.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार





www.lagatar.in | बुधवार 03 अप्रैल 2024 ● चैत्र कृष्ण पक्ष 09 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 8 ● वर्ष : 1, अंक : 344 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

### रांची मुख्यालय व धनबाद की सीआईडी टीम ने धनबाद में डेरा डाला, अवैध लॉटरी कारोबारियों शिकंजा कसने की चल रही है तैयारी

# अवैध लॉटरी कारोबार के घाघ मगरमच्छों पर सीआईडी टीम ने लगा रखी हैं निगाहें

**रिजवान शम्स। धनबाद**



अवैध लॉटरी का **कारोबार** 21

- लॉटरी कारोबार के खिलाफ सीआईडी के अधिकारी सक्रिय
- धनबाद में एक बड़ा व्यवसाय बन चुका है लॉटरी कारोबार

अवैध लॉटरी के करोड़ों के कारोबार के खिलाफ सीआईडी रांची मुख्यालय की टीम ने धनबाद में डेरा डाले हुई है. टीम ने धनबाद में पदास्थापित विभाग के अधिकारियों से भी संपर्क साधा है. मुख्यालय और धनबाद सीआईडी दोनों मिल कर इस अवैध कारोबार पर पूरी तरह से नकेस कसने की कवायद में जुटे हैं. सीआईडी की टीम ने हॉकरों को नहीं बल्कि कारोबार के मगरमच्छों को निशाना बनाने का इरादा कर पहुंची है.


पूर्व में मुख्यालय की टीम ने चार हॉकरों को पकड़ा था लेकिन इस बार टीम बड़े कारोबारी को दबोचने के फिराक में परिश्रम कर रही है. देखना है कि टीम अपने मंसूबे में कामयाब होती है या नहीं. बताते चलें कि लॉटरी का अवैध कारोबार धनबाद में एक बड़ा व्यवसाय बन चुका है. दर्जन भर से अधिक लोग करोड़ों रुपये समेट चुके हैं और सैकड़ों लोग अभी भी इस अवैध कारोबार से पनप रहे हैं. ये लोग अपने ब्रांड की लॉटरी छपवाकर हॉकरों के माध्यम से बिकवाने का काम करते हैं. कोलियरी क्षेत्रों और आउटसोर्सिंग कंपनियों के क्षेत्र में इन हॉकरों को खास कर चक्कर लगवाया जाता है, ताकि गरीब मजदूर तबके के लोग अमीर बनने के लालच में आकर अपनी मेहनत की कमाई इनके हवाले कर दिया. इस अवैध कारोबार में शातिरों का कई-कई गिरोह सक्रिय है. जो अपने-अपने ब्रांड की लॉटरी को खरीद-बिक्री करने का काम करते हैं.

**इनको तलाश रहीं सीआईडी की निगाहें**

- पवन झुनझुनवाला
- प्रदीप अग्रवाल
- समीर अहमद
- दीपक अग्रवाल
- वेद शर्मा
- कुलदीप अग्रवाल
- आनंद साव
- अजीत साव
- गुरुदेव रवानी
- आशीष यादव

### रेलकर्मी भी बन गया लॉटरी कारोबारी

इस कारोबार में कमाई की चमक इतनी है कि भौंरा स्टेशन के पास रेलवे क्वार्टर में रहने वाला एक रेलकर्मी भी इस दलदल में कूद पड़ा है. खबर है कि पिछले दो-तीन सालों से उक्त रेलकर्मी लॉटरी का अवैध कारोबार करता है. झरिया के समीर की लॉटरी बेचने और बिकवाने में उसकी भूमिका बताई जा रहा है. सूत्रों की मानें, तो रेलवे क्वार्टर से ही वह लॉटरी की खरीद-फरोख्त करने लगा है. भौंरा क्षेत्र के लॉटरी कारोबार के सारे अवैध कारोबारी उसे पहचानते हैं. इस रेल कर्मी को अपनी नौकरी की भी चिंता नहीं है. देखने में सज्जन और चश्मा लगा कर रहने वाले इस रेलकर्मी की लॉटरी कारोबार में काफी चर्चाएं होती रहती हैं.



### पांडरपाला और भूली में लॉटरी कारोबार

धनबाद के पांडरपाला व भूली में लॉटरी के कई नए कारोबारी मैदान में उतर गए हैं. यहां भी लॉटरी जमकर खरीदी व बेची जा रही है. इस धंधे में एक पुराना शातिर आया है, जो कभी गांजा और हेरोइन की तस्करी करता था. लेकिन कुछ दिनों से वह भी पांडरपाला और आसपास के इलाकों में लॉटरी की टिकट की बिक्री करवा रहा है. उसके पास कई हॉकर हैं. उसके द्वारा निरसा के बीएस-2 ब्रांड की लॉटरी बेचने की बात कही जा रही है. भूली, झारखंड मोड़, तेतुलमारी आदि इलाकों में इसने अपना कारोबार फैला रखा है.

इसके अलावा पांडरपाला में जुल्फी भी कुख्यात लॉटरी विक्रेता है. वह बीएस-1 ब्रांड की लॉटरी बेचता है.

---

### अदालत ने दिया सभी आरोपियों को सशरीर पेश करने का आदेश, आरोपियों ने कहा-

# देनी है गवाही, हमें बुलाया जाए

- 8 साल से जेल में बंद आरोपियों ने कोर्ट में दिया आवेदन
- अदालत ने दिया 6 अप्रैल को सशरीर पेश होने का आदेश

**संवाददाता। धनबाद**

**नीरज सिंह हत्याकांड**

नीरज सिंह हत्याकांड में बीते 8 वर्षों से जेल में बंद आरोपी कुर्बान अली, डबलू मिश्रा, सागर सिंह एवं चंदन सिंह ने कोर्ट में आवेदन देकर गवाही देने की बात कही है. मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत में आवेदन दाखिल कर सभी आरोपियों ने कहा है कि उन्हें इस मामले में सफाई साक्ष्य देना है, इसलिए उन्हें सशरीर अदालत में बुलाया जाए. अधिवक्ता मो. जावेद ने बताया कि आरोपी कुर्बान अली गुमला जेल, सागर सिंह कोडरमा जेल ,चंदन सिंह राजमहल जेल और डब्ल्यू मिश्रा साहेबगंज जेल में बंद है. वहीं, आरोपी पंकज सिंह जामताड़ा जेल में बंद है. अधिवक्ता जावेद ने बताया कि अदालत ने सभी आरोपियों को सशरीर पेश करने का आदेश देते हुए 6 अप्रैल की तारीख निर्धारित की है.

**क्या है वारदात :** 21 मार्च 2017 के संध्या सात बजे नीरज सिंह अपने फॉरच्यूनर कार जेएच 10 एआर 4500 से सरायढ़ेला स्थित अपने आवास रघुकुल लौट रहे थे. वह ड्राइवर के साथ आगे की सीट पर बैठे थे. पीछे की सीट पर उनके सहायक अशोक यादव और मुन्ना तिवारी बैठे थे. स्टील गेट के पास बने स्पीड ब्रेकर पर नीरज की गाड़ी की रफ्तार धीमी होते ही शूटरों ने उनकी कार पर गोलियों की बरसात कर दी. हादसे में नीरज समेत अन्य लोगों की मौत हो गई थी.

## फर्जी बेलर गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**खास बातें**

- 54 आधार कार्ड, 17 वाहनों के रजिस्ट्रेशन कार्ड बरामद
- गिरफ्तारी के बाद कई पैरवीकारों के आने लगे फोन

**संवाददाता। जमशेदपुर**



गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

पुलिस ने फर्जी बेलर बन कर अपराधियों को जमानत दिलाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है. गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार आरोपियों में सिदगोड़ा 10 नंबर बस्ती निवासी अरविंद प्रसाद सिंह और आदित्यपुर 2 रोड नंबर 11 निवासी नवीन कुमार राय शामिल है. पुलिस ने इनके पास से 54 आधार कार्ड, 17 वाहनों के रजिस्ट्रेशन कार्ड, 25 सेट आधार कार्ड एवं वाहनों के रजिस्ट्रेशन नंबर एवं वाहन का पॉलिसी पेपर का छाया प्रति, 57 पीस स्टांप पेपर, अलग- अलग व्यक्तियों का पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ 30 पीस और दो पीस छोटा स्टेपलर समेत तीन मोबाइल बरामद किया है.

जानकारी देते हुए एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि लगातार उन्हें सूचना मिल रही थी कि कुछ लोग फर्जी आधार कार्ड एवं वाहनों का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र बना कर फर्जी व्यक्ति बन जेल में बंद अपराधियों को जमानत लेने के लिए जमानतदार बन रहे हैं. इस संबंध में सिविल कोर्ट सुरक्षा में लगाए गए पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों को कोर्ट परिसर में आने- जाने वाले व्यक्तियों का सघन जांच करने एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने के लिए निर्देशित किया गया था. इसी क्रम में सोमवार को सिविल कोर्ट गेट नंबर तीन3 पर तैनात पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों द्वारा दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया. दोनों व्यक्तियों की जांच में उनके पास से एक ही आधार कार्ड नंबर, नाम एवं पता के कई आधार कार्ड, जिसमें अलग-अलग व्यक्तियों का फोटो थे, मिले. इसके अलावा दोनों के पास से कई वाहनों के रजिस्ट्रेशन कार्ड की मूल प्रति, छाया प्रति, स्टांप टिकट, अलग-अलग व्यक्तियों का 30 पासपोर्ट साइज फोटो इत्यादि बरामद किया गया.

### कई वकीलों के साथ फोन पर बातचीत का रिकार्ड मिला

पूछताछ में दोनों व्यक्तियों ने बताया कि पैसा लेकर अपराधियों के जमानत के लिए फर्जी बेलर बनते हैं और एक ही आधार नंबर एवं नाम के आधार कार्ड में अलग-अलग व्यक्तियों की फोटो लगाकर दूसरे व्यक्तियों को भी फर्जी बेलर बनाते हैं. उन्होंने बताया कि एक अधिवक्ता ने उन्हें फोन कर जमानत के लिए बुलाया था. एक बेल कराने के हजार रुपये से ज्यादा मिलते थे. दोनों की गिरफ्तारी के बाद से ही पुलिस अधिकारियों के पास पैरवीकारों के फोन और मैसेज आने लगे. हालांकि उनकी पैरवी नहीं चली और दोनों को जेल भेज दिया गया

---

### अमन साहू व लॉरेंस गैंग से जुड़ा सुनील मीणा बना सिरदर्द

# कुख्यात की तस्वीर आई सामने

**शुभम संदेश एक्सक्लूसिव**

**सौरभ सिंह। रांची**

झारखंड पुलिस के लिए चुनौती बना जेल में बंद अपराधी अमन साहू और लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा सुनील मीणा आखिर कौन है? उसकी गिरफ्तारी पुलिस के लिए चुनौति बनी हुई है. सुनील मीणा मूल रूप से राजस्थान के श्रीगंगनगर जिले के घडसाना की नई मंडी का रहने वाला है और लॉरेंस बिश्नोई गैंग के विश्वस्त लोगों में से एक रह चुका है. वर्क वीजा पर वह भारत से मलेशिया गया.

कुआलालमपुर में रहने के दौरान लॉरेंस बिश्नोई गैंग के रोहित गोदारा, गोल्डी बरार और संपत नेहरा के जरिये सुनील मीणा, लॉरेंस के संपर्क में आया और मलेशिया से ही जरायम की दुनिया में अपनी जड़ें जमाने लगा. वह लॉरेंस बिश्नोई के इशारे पर राजस्थान और पंजाब के कई जिलों में हत्या, रंगदारी वसूली, फायरिंग जैसे घटनाओं को अंजाम दिलाने लगा. जानकारी के अनुसार, अमन साहू अपने गैंग को इंटरनेशनल गैंग बनाने में लग गया है. पहले इस गैंग का हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, बिहार, कोलकाता, रायपुर और छत्तीसगढ़ में नेटवर्क था. अब देश के बाहर भी अपना आपराधिक नेटवर्क चलाने की सोच रहा है.

### यूएसए से कर रहा है अपराधियों की रिक्रूटमेंट

झारखंड पुलिस की एटीएस ने सुनील का पासपोर्ट रद्द करा दिया है और वह एटीएस के डीएसपी व एसआई साहू को गोली मारने से जुड़े मामले में वांछित है. राजस्थान पुलिस और दिल्ली स्पेशल सेल की जांच में यह बात सामने आयी है कि पासपोर्ट रद्द होने के बाद सुनील मीणा डंकी रूट के जरिये सिंगापुर, ईरान, मेक्सिको होते हुए संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) में दाखिल हो चुका है. वह वहीं से अमन साहू गैंग के लिए पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली के आपराधिक गिरोहों में अपराधियों की भर्ती कर रहा है. साथ ही सुनील मयंक सिंह के साथ बैठकर झारखंड, बंगाल, छत्तीसगढ़ के कोल और ट्रांसपोर्ट कंपनियों से रंगदारी वसूली का पिच तैयार कर पलामू सेंट्रल जेल में बंद अमन साहू के गैंग का प्रभाव बढ़ा रहा है.



सुनील मीणा

### अमन साहू गैंग से जुड़ा हुआ है सुनील मीणा

सुनील मीणा लॉरेंस गैंग के अलावा झारखंड के गैंगस्टर अमन साहू का राइट हैंड माने जानेवाले मयंक सिंह से जुड़ा और आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिलाने लगा. अमन साहू गैंग के इशारे पर ही सुनील मीणा ने ही झारखंड में कोल ट्रांसपोर्टिंग कर रही छत्तीसगढ़ की आरकेटीसी कंपनी के कोरबा स्थित ऑफिस में अधिकारियों पर फायरिंग करायी थी. सुनील मीणा ने इस कंपनी के डायरेक्टर सुशील सिंघल की हत्या की नीयत से रायपुर स्थित कंपनी के हेड ऑफिस पर फायरिंग करायी थी.

### विधायक से रंगदारी मांग चर्चा में आया था

राजस्थान के तत्कालीन राहत एवं आपदा प्रबंधन मंत्री व कांग्रेस विधायक गोविंद राम मेघवाल से रंगदारी मांगकर सुनील मीणा सबसे पहले चर्चा में आया था. लॉरेंस के इशारे पर ही सुनील मीणा ने राजस्थान के एक पेट्रोल पंप संचालक से पांच करोड़ की रंगदारी मांगी थी. रंगदारी देने से इनकार करने पर सुनील ने ही पेट्रोल पंप संचालक पर फायरिंग करावायी थी. इस घटना के बाद राजस्थान पुलिस ने सुनील मीणा के खिलाफ डोजियर तैयार कर रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने के लिए पत्राचार भी किया था.

---

# विक्षिप्त ने की एक की हत्या तीन लोगों को किया घायल

**संवाददाता ।गुमला**

**जानलेवा हमला**

- एक ही परिवार के सदस्यों पर किया टांगी से हमला
- ग्रामीणों ने हिम्मत कर पकड़ा पुलिस को सूचना देकर सौंपा

घाघरा थाना क्षेत्र के तेंदार गांव में मंगलवार को आंशिक रूप से विक्षिप्त छोटेलाल उरांव ने गांव में आतंक मचा दिया. छोटेलाल ने टांगी से गांव के ही धीरज मुंडा (42), उनकी 40 वर्षीय पत्नी बासमती देवी, सात वर्षीय बेटा दशरथ मुंडा व नौ नौ वर्षीय बेटी मुक्ति कुमारी पर जानलेवा हमला कर दिया.

हमले धीरज मुंडा की मौत हो गई, जबकि बासमती देवी, उनका पुत्र व पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गये. जानलेवा हमला करने के बाद छोटेलाल खून से सना टांगी लेकर गांव में घूमता रहा. डर से लोग उसके पास नहीं आ रहे थे. हालांकि कुछ ग्रामीणों ने हिम्मत दिखाई और चकमा देकर उसे पकड़ा और एक कमरे में बंद कर घाघरा थाना पुलिस को सूचना दी. थाना प्रभारी तरुण कुमार ने दल-बल के साथ पहुंचे और हत्यारोपी छोटेलाल को गिरफ्तार कर लिया है.

### दो छात्रों के आपसी विवाद में स्कूल में घटी बड़ी वारदात

# नौवीं के छात्र ने चाकू मारा, गंभीर

- सदर असपताल में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर
- उदयपुरा के उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय की वारदात

**संवाददाता। लातेहार**

सदर प्रखंड के उदयपुरा गांव स्थित उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय के नौवीं के छात्र ने आपसी विवाद में अपने सहपाठी को चाकू मार कर घायल कर दिया. मंगलवार को स्कूल में लंच के दौरान छात्र तिकेश्वर भुइयां और सन्नी यादव के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गयी. विवाद बढ़ा, तो तिकेश्वर ने गुस्से में आपा खो दिया और स्कूल के किचन में रखे चाकू से सन्नी यादव की पेट में वार कर दिया. चाकू के हमले से सन्नी लहूलुहान हो गया. सूचना मिलने पर शिक्षकों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रांची के रिम्स रेफर रेफर कर दिया. इससे पूर्व सूचना पाकर पुलिस भी सदर अस्पताल पहुंची. सदर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा ने बताया कि घायल छात्र कुछ भी बयान देने की स्थिति में नहीं था. उसके बयान के बाद ही कुछ पता चल पाएगा कि उसे चाकू कैसे लगी.

### नींबू काटने के दौरान छीना-झपटी में घटना : प्राचार्य

स्कूल के प्राचार्य वीरेंद्र प्रसाद ने बताया कि विद्यालय में टिफिन के दौरान दोनों बच्चे किचन में गये थे. वहां एक बच्चे द्वारा चाकू से नींबू काटा जा रहा था. नींबू काटने के दौरान चाकू की छीनाझपटी में गलतफहमी में दूसरे बच्चे के पेट में चाकू लग गया. उन्होंने बताया कि छात्र के इलाज के लिए दो शिक्षकों को अभिभावक के साथ रिम्स भेजा गया है.

# बनारस मंडी जा रहा लिंकेज कोयला लदा ट्रक जब्त किया

**संवाददाता ।हजारीबाग**

**खास बातें**

- धनबाद से रामगढ़ लेकर जाना था लिंकेज का कोयला
- पुलिस ने मांगा कागजात, चालक नहीं दिखा पाया

धनबाद से रामगढ़ जाने के बजाय लिंकेज का कोयला लदा ट्रक बनारस की मंडी में जा रहा था. डीआईजी सुनील भास्कर के निर्देश पर बरही थाना पुलिस ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए यूपी 71 टी 669 नंबर की ट्रक को पकड़ा. ट्रक चालक से जब कागजात की मांग की गयी, तो वह सही कागजात नहीं दिखा पाया. इसके बाद पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया. लिंकेज कोयला का हर माह आवंटन होता है. सब्सिडाइज्ड रेट पर कोयला देने का मकसद यह है कि स्थानीय छोटी कंपनियों को मदद मिल सके और लोगों को रोजगार मिल सके. लेकिन, जिन्हें भी लिंकेज कोयला मिलता है, वे फैक्ट्री चलाते ही नहीं हैं, या फिर विंकेज कोयला बनारस या डेहरी की मंडियों में ले जाकर बेच देते हैं. इसकी शिकायत मिलने पर वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री कार्यालय के निर्देश पर लिंकेज कोयला के प्रावधान को खत्म कर दिया गया था.

### 16 वर्षों से फरार नक्सली सनातन टुडू गिरफ्तार

**पीड़टांड़।** पुलिस ने 16 वर्षों से फरार नक्सली सनातन टुडू को गिरफ्तार किया है. जानकारी के अनुसार, गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा को सूचना मिली थी कि पीरटांड थाना क्षेत्र के कई मामलों में नामजद वारंटी नक्सली अपने घर आया हुआ है. इसके बाद कौशर अली के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया. इस टीम में पीरटांड़ थाना प्रभारी गौतम कुमार, दारोगा अमित कुमार, सुनील कुमार सहित जवानों को शामिल किया गया था. पुलिस टीम ने बीती रात वारंटी नक्सली सनातन टुडू के ओझाडीह गांव के गांडेय स्थित घर पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया. नक्सली सनातन टुडू, पीरटांड़ के कई कांडों में शामिल रह कर सक्रिय भूमिका निभाता था.

---

**सूरते हाल** तेलमोचो की बदहाल सड़क को लेकर जिप सदस्य आशा देवी ने ग्रामीणों संग खोला मोर्चा

# ग्रामीणों में आक्रोश, बोले- सड़क नहीं, तो अब वोट भी नहीं

**रामकुमार पांडेय/अब्दुल हमीद। महुदा**

**वोट बहिष्कार**

- तीन किलोमीटर तक की सड़क की हालत जर्जर
- कई बार एनएचएआई, व सरकार से लगाई गुहार



आशा देवी

लगातार आंदोलन व पत्रचार के बावजूद तेलमच्चो से महुदा मोड़ तक करीब तीन किलोमीटर तक की जर्जर सड़क की मरम्मती नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने अब वोट बहिष्कार का निर्णय लिया है. जिला परिषद क्षेत्र संख्या 20 की सदस्य आशा देवी ने वोट बहिष्कार की घोषणा करते हुए कहा कि ग्रामीणों की समस्या को लेकर कई बार जिला परिषद बोर्ड, एनएचएआई, राज्य सरकार व केंद्र सरकार के संबंध अधिकारियों से गुहार लगाई जा चुकी है.जर्जर सड़क की मरम्मती या निर्माण करवाने की मांग पर कई पंचायत के ग्रामीण, पंचायत प्रतिनिधि से लेकर विधायक, जिला परिषद सदस्य के साथ धरना पर बैठे बावजूद अब हालात नहीं बदले जा सके. आज भी ग्रामीण इस जर्जर सड़क से गुजरने को विवश हैं, कहा कि जब लोकतंत्र में आम जनमानस की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया जाएगा तो ऐसी स्थिति में वोट बहिष्कार करना ही विकल्प बचता है. जिप सदस्य ने कहा कि जब तक सड़क नहीं बन जाती है, तब तक हमलोग लोकसभा व विधानसभा चुनाव में 'सड़क नहीं तो वोट नहीं' का नारा ग्रामीणों के साथ बुलंद करेंगे. उल्लेखनीय है कि उक्त जर्जर सड़क की बदहाली खबर 'शुभम संदेश' ने दो माह पूर्व प्रमुखता से प्रकाशित की थी.

बता दें कि इस सड़क की मरम्मती के लिए जिला परिषद सदस्य आशा देवी ने जिला बोर्ड के बैठक में सड़क की दुर्दशा को रखा. वहीं, बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने भी उपयुक्त को पत्र लिख कर डीएमएफडी फंड से मरम्मती करवाने की अनुशंसा की थी. इसके बावजूद जर्जर सड़क की मरम्मती की दिशा में पहल नहीं हुई.

### सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे, हर वक्त जमा रहता पानी



तेलमच्चो से महुदा मोड़ तक सड़क में जहां-तहां बड़े-बड़े गड्ढे बने हैं, जिसमें हर वक्त पानी जमा रहता है. पानी सूख जाने पर सड़कों में कीचड़ भर जाता है. इसी कीचड़ नुमा सड़कों से लोग बचते-बचते आवागमन करते हैं. सड़क की बदहाली के कारण आए दिन लोग दुर्घटना का भी शिकार हो रहे हैं. सड़क के आसपास बसे लोसों के घरों में भी कीचड़ और प्रदूषण की मार अलग है. इसकी दुर्दशा फोर लेन सड़क पर यातायात चालू होने के बाद से उत्पन्न हुई है. प्रतिदिन उक्त मार्ग से हजारों छोटे बड़े वाहनों का आवागमन होता है. सड़क की मरम्मती को लेकर ग्रामीण एकता मंच के संयोजक राजू महतो के नेतृत्व में तेलमच्चो, लोहपट्टी एवं कांडरा पंचायत के ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन किया था. इसमें बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो सहित तीन पंचायत के जनप्रतिनिधि भी आंदोलन को समर्थन देते हुए धरना पर बैठे थे.

# मांडर में एसएसबी जवान की पत्नी की गोली मार कर हत्या

**संवाददाता। मांडर/रांची**

**बेखौफ अपराधी**

- स्कूटी से बूढ़ाखुखरा की तरफ से जा रही थी महिला
- बाइकसवार दो अपराधियों ने ओवरटेक कर मारी गोली

जिले के मांडर थाना क्षेत्र में बाइक सवार दो अपराधियों ने मंगलवार शाम एसएसबी जवान की पत्नी को गोली मार दी. आनन-फानन में महिला को रिम्स में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. वहीं घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मामले की जांच में जुट गई हैं. जानकारी के मुताबिक, महिला चान्हो थाना क्षेत्र की रहने वाली गीता भगत एसएसबी जवान विजय भगत की पत्नी थी.

वह स्कूटी से मांडर के बुढ़ाखुखरा की तरफ से जा रही थी. इसी दौरान बाइक सवार दो अपराधियों ने ओवरटेक कर महिला को रोका और फिर गोली चला दी. गीता के गर्दन के पास गोली लगी. इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई है. घटना को अंजाम देने के बाद दोनों अपराधी फरार हो गए. गोली की आवाज सुन कर आसपास के लोग भागे-भागे आये और महिला को लहूलुहान देख मांडर पुलिस को जानकारी दी. सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को इलाज के लिए रांची के रिम्स भेजा और अपराधियों का पता लगाने में जुट गई.

10 लाख की लागत से बेड और उपकरण खरीद कर सदर अस्पताल में खोला गया है कुपोषण उपचार केंद्र

# उद्घाटन के दिन वार्ड था फुल, 42 दिन में एक भी कुपोषित बच्चा भर्ती नहीं हुआ

- विधायक राज सिन्हा के हाथों सिविल सर्जन ने कराया था 21 फरवरी को उद्घाटन

राजा गुप्ता । धनबाद

पिछले दो साल से सदर अस्पताल धनबाद में कुपोषित बच्चों के उपचार और बेहतर स्वास्थ्य उपलब्ध कराने के लिए कुपोषण उपचार केंद्र खोलने के लिए विधायक राज सिन्हा की ओर से विधानसभा में मांग की गई. स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की सहमति पर केंद्र खोलने का निर्णय लिया गया और 10 लाख की लागत से बेड, उपकरण समेत अन्य सामग्री खरीदे गए और बड़े तामझाम के साथ 21 फरवरी को उद्घाटन भी हुआ. भाजपा विधायक राज सिन्हा से सिविल सर्जन चंद्र भानु प्रतापन ने केंद्र का फीता उद्घाटन भी कराया. उस दिन केंद्र का वार्ड पूरी तरह से कुपोषित बच्चों से फुल था, 10 बेड पर बच्चे भर्ती थे, लेकिन 22 फरवरी कोई भी बच्चे नजर नहीं आए. अस्पताल के चिकित्सक ने कहा कि सभी बच्चे स्वस्थ होकर चले गए. मात्र 24 घंटे में ही बच्चे स्वस्थ हो गए. सदर अस्पताल के कर्मी कहते हैं कि उद्घाटन के 42 दिन हो गए, लेकिन एक भी कुपोषित बच्चे भर्ती नहीं हुए.






### पहले दिन बना था खाना, दूसरे दिन से लटक रहा ताला

लोगों का कहना है कि पहले दिन 21 फरवरी को जिन दिन कुपोषण उपचार केंद्र का उद्घाटन हुआ था, उस दिन किचन में प्रोटीन युक्त खाना बनाया गया था, लेकिन दूसरे दिन से उसी किचन के दरवाजा पर ताला लटक रहा है. केंद्र खोलने के पीछे मकसद यह था कि कुपोषित बच्चों को इलाज के लिए जहां भर्ती किया जाएगा. इसके साथ ही डॉक्टर बेहतर तरीके से ना सिर्फ इलाज करेंगे, बल्कि उनकी देखभाल भी होगी. कुपोषित बच्चों के लिए मेन्यू के हिसाब से दूध, ब्रेड, चावल, दाल, हरी सब्जी, रोटी, चिकन, अंडा, फल दिया जाएगा. ताकि बच्चों का शारीरिक के साथ-साथ मानसिक विकास भी हो सके.

### सेटिंग कर 10 बच्चों को कराया गया था भर्ती

स्वास्थ्य कर्मियों के बीच चर्चा है कि 21 फरवरी को कुपोषण उपचार केंद्र खोलने के दिन सुबह में सेटिंग कर कहीं से 10 बच्चों को लाकर भर्ती करा दिया गया था, जो देखने में शारीरिक रूप से कमजोर दिख रहे थे. फिर नौ बजे के आसपास तामझाम के साथ उद्घाटन किया गया और केंद्र खोलने को लेकर सिविल सर्जन को कई लोग बधाई दे रहे थे. हालांकि दूसरे दिन से केंद्र को झांकने तक सिविल सर्जन नहीं गए कि बच्चे भर्ती हो रहे हैं या नहीं. कुपोषित बच्चों को बेहतर उपचार के साथ-साथ स्वस्थ करने की योजना पूरी तरह से फेल साबित हो रही है.

## तम्बाकू नियंत्रण को लेकर छापा पांच दुकानदारों पर लगा जुर्माना

सुधांशु शेखर । देवघर



डॉ. मनोज कुमार गुप्ता जिला नोडल पदाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के एनटीसीपी टीम के साथ राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत देवघर कोटपा-2003 के अधिनियम, तम्बाकू एवं उनके उत्पाद की सार्वजनिक स्थानों बिक्री पर रोक लगाने के लिए सख्ती से अभियान चलाया. तम्बाकू उत्पादकों को लेकर बने कोटपा-2003 अधिनियम के विभिन्न धाराओं को प्रभावी रूप से अनुपालन करने के लिए मंगलवार को बलिया चौक, चंदीह, एयरपोर्ट एवं प्राइवेट बस स्टैंड देवघर में दुकानदारों के विरुद्ध छापामारी की गई. इस दौरान पांच दुकानदारों से जुर्माना वसूला गया. नोडल पदाधिकारी डॉ. राजीव कुमार एवं जिला सहलाकर अभिमन्यु कुमार दांगी ने बताया कि तम्बाकू उत्पाद बेचने वाले दुकानदार अपने दुकानों पर सिगरेट के विज्ञापन वाले पोस्टर लगा कर प्रचार-प्रसार करते रहे हैं, बिना वार्निंग फोटो वाले तम्बाकू की बिक्री की जाती है. साथ ही ये भी देखा गया कि स्कूल परिसर से एक सौ गज की दूरी पर किसी भी प्रकार के नशीली पदार्थ की बिक्री करना मना है. यह अधिनियम कोटपा-2003 की धाराओं का सीधे उल्लंघन है. छापेमारी के दौरान कई दुकानों से विज्ञापन वाले पोस्टर को हटाते हुए सुझाव दिया गया कि भविष्य में ऐसी गलती न करें. साथ ही कोटपा अधिनियम के तहत धारा 4, 6ए एवं 6बी के उल्लंघन की परिस्थिति में अर्थ दंड के रूप में 1000 रूपए की वसूली की गई.

### ब्रीफ खबरें

#### निरसा में चुनाव को लेकर फ्लैग मार्च किया गया

**निरसा ।** लोकसभा चुनाव को शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह चौकस है. पुलिस द्वारा अपराधियों पर नजर भी रखी जा रही है. मंगलवार की शाम निरसा थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर मनजीत कुमार के नेतृत्व में निरसा के विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया .निरसा थाना प्रभारी ने कहा कि वरीय आरक्षी अधीक्षक के निर्देशों का पालन करते हुए पुलिस एवं सीआरपीएफ के साथ निरसा थाना क्षेत्र के गोपालगंज, पीठाक्यारी, भलजोरिया रोड, बिरसिंहपुर, निरसा बाजार, जामताड़ा रोड में फ्लैग मार्च निकाला गया.

#### सुरेंद्र कालोनी में एक लाख की चोरी

**धनसार।** धनसार थाना क्षेत्र जोड़ाफाटक सुरेंद्र कालोनी निवासी राजेश कुमार रविदास के घर का ताला तोड़कर लगभग एक लाख की संपत्ति चोरी कर ली.इस संबंध में राजेश ने मंगलवार की शाम धनसार थाना मे अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत की है. राजेश का कहना है कि वह 24 मार्च को अपने ससुराल गया था.जब मंगलवार की शाम घर लौटा तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है.घर के अंदर का सारा समान बिखरा हुआ है. चोरों ने पलंग के अंदर रखे सतर हजार नगद व पचास हजार के आभूषण चोरी कर ली.शिकायत के बाद धनसार पुलिस मामले की छानबीन करने मे जुट गई है.

#### हवन पूजन के साथ नए सत्र का शुभारंभ

**कतरास।** सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में मंगलवार को सुंदरकांड पाठ हवन- पूजन के साथ नए सत्र की शुरुआत की गई. बड़ी संख्या में भैया-बहन उपस्थित हुए. इस सत्र के प्रारंभ में विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश सिन्हा जी ने भैया - बहनों को रामचरितमानस एवं हवन पूजन के महत्व को बताते हुए कहा कि सनातन धर्म की परंपरा रही है कि जब भी हम कोई मांगलिक कार्य प्रारंभ करते हैं तो सर्वप्रथम हम हवन- पूजन एवं यज्ञादि के द्वारा कार्य की शुरुआत करते हैं .

#### आज जिला शांति समिति की बैठक

**धनबाद।** ईद-उल-फितर एवं रामनवमी को लेकर बुधवार यानी तीन अप्रैल को धनबाद के न्यू टाउन हॉल में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया जाएगा. इसमें विधि व्यवस्था संधारण के लिए स्थानीय स्तर पर आए सुझावों एवं जिला स्तर पर प्राप्त सुझावों पर विचार किया जाएगा.

होलिका की रात हवा चानक में केबल काटने उतरा था गिरोह

# रस्सी टूटने से एक अंदर गिरा, चार हिरासत में

- दस दिन पूर्व हुई थी वारदात, एक साथी ने परिजनों को बताया तो पुलिस ने की कार्रवाई
- सीओ पहुंचे घटनास्थल, चानक में शव की तलाश करने के लिए एनडीआरएफ को लिखा गया पत्र

संवाददाता। पुटकी

होलिका की रात 23 मार्च की रात खैरा बाबू बासा का 26 वर्षीय युवक बजरंगी तुरी उर्फ बोना हवा चानक में गिर गया था. यह बात उसके साथी ने बजरंगी तुरी के परिजनों को बताया है. जानकारी दी कि बजरंगी तुरी और वे पांच लोग केबल काटने गए थे, तब रस्सी टूटने की वजह से तुरी अंदर ही गिर गया था. जानकारी पाकर परिजनों ने थाने में खबर दी और चानक पहुंचकर बजरंगी की खोजबीन शुरू की गई. कुछ सुराग नहीं मिलने पर एनडीआरएफ को पत्र लिखा गया है, जबकि बजरंगी के चार साथियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है.

**गोपालीचक के बंद चानक में हुई थी वारदात :** होलिका दहन की रात छह सदस्यों का गिरोह गोपालीचक के बंद हवा चानक से केबल काटने गया था. गिरोह में शामिल शेरू के अनुसार रस्सी के सहारे बजरंगी व उसका एक साथी गहरे हवा चानक में नीचे उतरे थे. वापस में एक तो निकल गया पर बजरंगी रस्सी टूटने के कारण नीचे गिर गया. घटना की जानकारी गिरोह ने किसी को नहीं दी. इधर परिजन खोजबीन में लगे रहे. जबकि शेरू मद्रास जाने के लिए धनबाद पहुंच गया. लेकिन फिर वह वापस आ गया. कहा गया कि उसने आत्मा की



आवाज सुनी और वापस लौट सारी बात बजरंगी के परिजन को बता दी. फिर घर वालों ने पुलिस के साथ संपर्क किया. इसके बाद पुलिस ने गेडा भूईया दामाद (न्यू मेरिन) ,तूफानी पासवान (केंदुआ कठगोला),शेरू पासवान (खैरा बाबू बासा),करन भूईया (धनसार)को हिरासत में ले लिया है. इस गिरोह का सरगना रंजीत महतो फरार हो गया. मामले की सत्यता जानने के लिए पुटकी के अंचलाधिकारी विकास आनंद संभावित घटनास्थल पहुंचे.

बीसीसीएल व पुलिस अधिकारियों से बात की. युवक के परिजन काफी खोजबीन के बाद मंगलवार की सुबह केंदुआडीह थाना प्रभारी से मिलकर पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया. परिजन युवक के साथी शेरू खान के बयान के बाद बजरंगी की हत्या किए जाने की आशंका जता रहे हैं. परिजन को संदेह है कि बजरंगी की हत्या कर गोपालीचक के बंद हवा चानक में उसकी लाश फेंकी गई है. प्रशासन ने हवा चानक में खोज शुरू की, लेकिन विफल रहने के बाद एनडीआरएफ को बुलाने के लिए पत्र लिखा गया है.

### खबरें कोर्ट की

## फर्जी चेक बनाकर 36 लाख का चूना लगाने में पिता-पुत्र को सजा

- राजस्थान के भीलवाड़ा जिला परिषद कार्यालय का फर्जी चेक बनाकर पा लिया था भुगतान
- चिरकुंडा के रहने वाले हैं आरोपी पिता-पुत्र, तीन-तीन साल कैद की हुई सजा

संवाददाता। धनबाद

मेसर्स कुमारधुबी इंटरप्राइजेज के नाम पर फर्जी चेक बना लेने और राजस्थान सरकार को 36 लाख 70 हजार रुपए का चूना लगाने के एक मामले में धनबाद के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी राकेश रोशन की अदालत ने फैसला सुनाया है. मामले के नामजद आरोपी चिरकुंडा निवासी मनी प्रसाद एवं उनके पुत्र राकेश कुमार को दोषी करार दिया है. अदालत ने सहायक लोक अभियोजक वर्षा द्विवेदी की दलील सुनने के बाद दोनों आरोपी पिता-पुत्र को तीन-तीन वर्ष की सश्रम कारावास एवं दस-दस हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है. प्राथमिकी बैंक ऑफ बडौदा के ब्रांच मैनेजर मनोज कुमार की शिकायत पर चिरकुंडा थाने में 25 सितंबर 2021 को दर्ज की गई थी.

प्राथमिकी के मुताबिक आरोपियों ने 9 सितंबर 21 को भीलवाड़ा जिला अधिकारी के कार्यालय से निर्गत चेक का क्लोन चेक बनाया और उसे बैंक में यह दावा करते हुए जमा किया कि भिलवाड़ा जिला परिषद के कार्यालय ने उनके कुमारधुबी इंटरप्राइजेज के नाम से ही चेक निर्गत किया है. लिहाजा चेक का भुगतान उन्हें किया जाए. बैंक ने उक्त चेक का भुगतान आरोपियों के खाते में कर दिया. जब भीलवाड़ा जिला कलेक्ट्रेट के खाते से 36 लाख 70 हजार रुपए कट गए तो अधिकारियों ने उस पर जांच की तो पता चला कि चेक के साथ फर्जीवाड़ा किया गया. लिहाजा भिलवाड़ा जिला परिषद कार्यालय से बैंक को यह सूचना आई कि उनके कार्यालय से कोई चेक अभी निर्गत नहीं हुआ. ओरिजिनल चेक अभी उनके कार्यालय में ही पड़ा है तो बैंक हरकत में आई और दोनों पिता पुत्र के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई. अनुसंधान के बाद पुलिस ने 06 जनवरी 2022 को दोनों के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था.

### नाबालिग से दुष्कर्म में आरोपी दोषी करार

**धनबाद।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर उसे गर्भवती बना देने के एक मामले में धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने नामजद आरोपी सह टुंडी निवासी सीताराम मुर्मू को दोषी करार दिया है. अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए तीन अप्रैल की तारीख निर्धारित की है. प्राथमिकी पीड़िता की शिकायत पर टुंडी थाने में नौ जुलाई 2023 को दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक आरोपी सीताराम मुर्मू ने उसे शादी का झांसा देकर कई बार दुष्कर्म किया, वह गर्भवती हो गई. इसके बाद उसने शादी करने से इनकार कर दिया.

## हर्षित हत्याकांड में नाबालिग को तीन वर्ष की कैद की सजा

संवाददाता। धनबाद

महुदा निवासी हर्षित की हत्या के मामले में धनबाद जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड की प्रधान दंडाधिकारी प्रतिमा उरांव की अदालत ने नामजद नाबालिग को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष कैद की सजा सुनाई है. प्राथमिकी हर्षित के पिता विन्ध्याचल यादव की शिकायत पर महुदा थाने में दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक नीतीश एवं एक अन्य नाबालिग ने हर्षित को घूमने की बात कही और 22 सितंबर 2022 को अपने साथ ले गया. आरोप है कि जमुनिया कोलडंप में दोनों ने मिलकर हर्षित की गला दबा कर व पत्थर से कूच कर हत्या कर दी.साक्ष्य छुपाने की नीयत से शव को पत्थर के नीचे दबा दिया. काफी खोजबीन के बाद भी जब हर्षित का पता नहीं चला तो हर्षित के पिता ने दोनों के विरुद्ध 23 सितंबर 22 को प्राथमिकी दर्ज कराई. जब पुलिस ने सख्ती दिखाई तो दोनों ने अपना दोष स्वीकार किया. दोनों की निशानदेही पर शव व हत्या में प्रयुक्त गमछे को पुलिस ने बरामद किया था.

## वल्नरेबल बूथों के मतदाताओं से निर्भीक होकर वोट की अपील

- उपायुक्त और वरीय पुलिस अधीक्षक ने किया वल्नरेबल बूथों का निरीक्षण

संवाददाता। धनबाद

लोकसभा आम निर्वाचन के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक एच.पी.जनार्दनन ने संयुक्त रूप से मंगलवार को धनबाद जिला अंतर्गत कई वल्नरेबल बूथों का निरीक्षण किया.शांतिपूर्ण माहौल में लोकसभा चुनाव संपन्न कराने को लेकर पुलिस-प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है. उपायुक्त एवं एसएसपी ने पांडरपाला, मटकुरिया एवं केंदुआडीह स्थित चिन्हित वल्नरेबल बूथ नंबर 50, 51, 52, 53, 72, 73, 393 व 394 का निरीक्षण किया.

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को मतदान केंद्रों पर (एएमएफ) पेयजल,शौचालय, रैंप और बिजली सहित अन्य व्यवस्था कराने सहित कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये. उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के जरिये दिए गए सभी दिशा-निर्देश का पालन करते हुए हुए मतदान कराने का निर्देश दिया.जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वल्नरेबल बूथ के मतदाताओं से वार्ता की और कहा कि लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करें तभी लोकतंत्र मजबूत होगा. निर्भीक होकर मतदान करें, किसी के बहकावे में न आएं.जिला प्रशासन एवं पुलिस आप सभी के साथ हैं. इसलिए बिना किसी डर, दबाव, प्रलोभन के अपने मत का प्रयोग करें.उपायुक्त और एसएसपी ने लोकसभा चुनाव को लेकर वल्नरेबल बूथों का विशेष निरीक्षण किया.

## आचार संहिता उल्लंघन दिखे तो आप भी कर सकते हैं शिकायत

- सी-विजिल एप नागरिकों को आचार संहिता उल्लंघन की रिपोर्ट करने का देता है अधिकार : डीसी
- अब तक मिल चुकी हैं 13 शिकायतें, 100 मिनट में होती है कार्रवाई

संवाददाता। धनबाद

लोकसभा चुनाव में हर नागरिक को मतदाता प्रहरी बनाने के उद्देश्य से चुनाव आयोग ने सी-विजील एप विकसित किया है .इसके जरिए कोई भी व्यक्ति आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत वीडियो, फोटो, ऑडियो व लाइव लोकेशन के साथ अपने मोबाइल फोन से कर सकता है. शिकायत मिलने पर जिला प्रशासन द्वारा 100 मिनट में उस पर कार्रवाई कर शिकायत का निष्पादन किया जाता है.



इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बताया कि सी-विजिल नागरिकों को चुनाव के दौरान रिश्वतखोरी, मुफ्त उपहार, शराब वितरण, अनुमत समय से अधिक देर तक लाउडस्पीकर बजाने जैसे आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की रिपोर्ट करने का अधिकार देता है.इस एप का उपयोग करके, नागरिक लाइव फोटो या वीडियो को कैप्चर करता है. उल्लंघन का स्पष्ट प्रमाण मिलते ही प्रशासन त्वरित हरकत में आ जाता है. प्रत्येक सी-विजिल मामले पर कार्रवाई की जाती है और 100 मिनट की समयावधि में की गई कार्रवाई के साथ जवाब दिया जाता है.

### सी-विजील एप को डाउनलोड करें

उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है. कोई भी नागरिक अपने मोबाइल फोन पर सी-विजील एप को डाउनलोड कर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की वीडियो, तस्वीर एवं ऑडियो को सीधे भेज सकता है. एप पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का लोकेशन भी प्राप्त हो जाता है .यह एप स्वच्छ, निर्भीक एवं कदाचार मुक्त चुनाव संपन्न कराने का एक बहुत बड़ा माध्यम साबित हो रहा है.

### न्यूज अपडेट

#### निगम का बुलडोजर दूसरे दिन भी चला



**धनबाद।** धनबाद नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा. इस दौरान हीरापुर हटिया स्थित पानी टंकी सड़क के दोनों ओर से दुकानों को हटाया गया.साथ ही दुकानदारों को आगे से दूकान नहीं लगाने की कड़ी हिदायत भी दी गई.निगम के इस अभियान से फुटपाथ दुकानदारों में हड़कंप मचा हुआ है .कुछ लोगों ने तो निगम की लगातार कार्रवाई को देखते हुए खुद ही अतिक्रमण हटा लिया.

#### महुदा: 20 वें स्थापना दिवस पर गायत्री महायज्ञ



**महुदा ।** अखिल विश्व गायत्री परिवार का 20वें स्थापना दिवस समारोह के शुभ अवसर पर बुधवार को गायत्री ज्ञान मंदिर हाथुडीह कलौनी महुदा में 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया. इस महायज्ञ में पूरे बाघमारा प्रखण्ड क्षेत्र से दर्जनों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया. इस दौरान बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो की पत्नी सावित्री देवी, जिप अध्यक्ष शारदा सिंह, जिप सदस्य आशा देवी भी महायज्ञ में मुख्य रूप से शामिल हुई.

#### रंगोली बनाकर किया मतदाताओं को जागरूक



**महुदा ।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम पारजोरिया हरि मंदिर के प्रांगण में आंगनबाड़ी केन्द्र की सेविका सह बीएलओ पार्वती देवी के द्वारा वीवीपेट मशीन का डेमो और रंगोली बनाकर मतदाताओं को अपना वोट करने के लिए प्रेरित किया. उक्त कार्यक्रम में सेविका सह बीएलओ पार्वती देवी, सहायिका कलावती देवी, सारथी देवी, शान्ति देवी,रिन्की कुमारी, संध्या देवी, रूपानी देवी, गुडिया देवी, सुशीला देवी, उर्मिला कुमारी,चिंता देवी, बाबिता देवी, उर्मिला देवी,इन्द्र देव महतोमौजूद थे.

#### बुक फेयर में लगी आग, हजारों की किताबें खाक



**धनबाद ।** जिला परिषद मैदान में बंगाली वेलफेयर सोसाइटी द्वारा लगाए गए पुस्तक मेला के ऑक्सफोर्ड बुक स्टॉल में मंगलवार को अचानक आग लग गई.इससे बहुत सारी किताबें जलकर खाक हो गई. लोग आनन फानन में उक्त स्थल पंहुचे और आग पर काबू पाने की कोशिश में जुट गए. घटना की जानकारी अग्निशमन विभाग को भी दी गई. लेकिन घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने दमकल की गाड़ी आने से पहले ही कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पा लिया.

**लोकसभा चुनाव** युवा और फर्स्ट टाइम वोटर्स को मतदान के लिए जागरुकता किया गया

# आईआईटी-आईएसएम में मतदान की शपथ दिलाई गई

संवाददाता। धनबाद

लोकसभा चुनाव के दौरान युवा वोटर्स एवं फर्स्ट टाइम वोटर्स को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर आईआईटी आईएसएम के पेनमैन ऑडिटोरियम में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.इस दौरान नगर आयुक्त रवि राज शर्मा और अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक की उपस्थिति में नुक्कड़ नाटक का मंचन, वोटर हेल्पलाइन एप के उपयोग के बारे में विवरण और मतदाता सूची में शामिल होने के लिए फॉर्म छह की जानकारी सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए गए. इस दौरान नगर आयुक्त रवि राज शर्मा के नेतृत्व में सभी को 25 मई को धनबाद में होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान करने और अपने परिवार के सदस्यों और मित्रों को भी चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने की शपथ दिलाई गई.उन्होंने मतदाता हेल्पलाइन एप और फॉर्म 6 के बारे में भी जानकारी देते हुए कहा कि अगर कोई व्यक्ति छह महीने से अधिक समय से यहां कार्यरत है और उसका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हुआ है तो वह फॉर्म 6 भरकर या वोटर हेल्पलाइन एप का उपयोग कर ऑनलाइन अपना नाम शामिल करा सकता है.



### गतिविधियों पर प्रकाश डाला

कार्यक्रम के दौरानसंस्थान के निदेशक प्रोफेसर जेके पटनायक के नेतृत्व में वोटर अवेयरनेस फोरम के तहत की जा रही गतिविधियों पर प्रकाश डाला और उन्होंने सभी संकाय सदस्यों, अधिकारियों और कर्मचारियों से वोट डालने और अपने परिवार के सदस्यों को चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने की भी अपील की .उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के स्वीप कोषांग के सहयोग से इस वर्ष 15 मार्च को रणधीर वर्मा चौक के पास नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया .साथ ही जागरूकता अभियान के तहत शैक्षणिक केंद्रों के अलावा आवासीय क्षेत्रों सहित पूरे परिसर में नुक्कड़ नाटकों का मंचन किया जा रहा है .संस्थान ने लोगों को चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के महत्व से अवगत कराने और उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से विभिन्न नारे लिखे सेल्फी पोइंट, कट-आउट, बैनर और पोस्टर भी परिसर में लगाए हैं. इस अवसर पर एईआरओ सह अंचल अधिकारी धनबाद शशिकांत सिंकर,प्रो. रजनी सिंह, डीन (कॉरपोरेट संचार), प्रबोध पांडे, रजिस्ट्रार, प्रो. संजय मोडल, एसोसिएट डीन (छात्र गतिविधियां) सहित बड़ी संख्या में संस्थान के छात्र मौजूद थे.

### नहीं रहे सीपीआई नेता निमाई मुखर्जी, क्षेत्र में शोक की लहर

**कतरास।** कतरास स्टेशन रोड बंगाल पाडा निवासी व रेल आंदोलनकारी सह सीपीआई नेता निमाई मुखर्जी का मंगलवार की रात अशर्फी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया. निधन की खबर से इलाके में शोक की लहर है. खबर पाकर गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो, विधायक प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो, पूर्व बियाडा अध्यक्ष विजय कुमार झा, झामुमो नेता राजेंद्र प्रसाद राजा,कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अशोक प्रकाश लाल सहित अन्य लोग उनके कतरास बंगाल पाड़ा स्थित घर पहुंचे और दिवंगत के पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया.इस दौरान सभी ने उनके कार्यों को याद किया. निमाई मुखर्जी जनसेवा के कार्यों में बढचढ़ कर हिस्सा लेते थे.

▼ ब्रीफ खबरें

### बरजो के लिए नया फीडर चालू करने की मांग

**धनवार (गिरिडीह)।** विद्युत आपूर्ति पदाधिकारी गिरिडीह को आवेदन देकर ग्राम बरजो के लिए नया फीडर देने की मांग की गई है. बरजो निवास अरविंद पासवान और संजय यादव ने आवेदन देकर नया फिटर चालू करने करने के लिए आवेदन दिया है. आवेदन में कहा गया है कि बरजो घनी आबादी वाला क्षेत्र है और गांव में ही विद्युत आपूर्ति कार्यालय स्थित है. विद्युत आपूर्ति केंद्र से वर्जन के साथ कई गांवों को एक साथ जोड़ दिया गया है, जिससे अन्य गांव में बिजली बाधित रहने से बरजो में भी बिजली बंद हो जाती है. ग्राम बरजू में विद्युत आपूर्ति कार्यालय रहने के बाद भी वर्जन को पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है.

### संजय सिंह को जमानत लोकतंत्र की जीत : शर्मा

**गिरिडीह।** सुप्रीम कोर्ट से आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को जमानत मिलने पर 'आप' झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने इसे लोकतंत्र की जीत बताया है. उन्होंने कहा कि सत्य की जीत तय है. देर सबेर आम आदमी पार्टी के सभी नेता रिहा होंगे. आज तक चारों नेता के घर से एक रुपया भी बरामद नहीं हुआ. कहा गया कि आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन से उपजी हुई पार्टी है. लेकिन देश में अभी तानाशाही चलाने वाली सरकार चल रही है.

### बोकारो में दो केंद्रों पर 3569 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

**बोकारो।** इंजीनियरिंग संस्थानों में दाखिले के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य (जेईई मेन) के दूसरे सत्र का आयोजन आगामी चार से 12 अप्रैल तक किया जा रहा है. बोकारो जिले में इसके लिए दो परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें कुल 3569 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे. पहला सेंटर चिकसिया (चास) में डॉ एस राधाकृष्णन बीएड कॉलेज के समीप बोकारो एजुकेशन ट्रस्ट कैंपस स्थित अल्फा आईसीटी सेंटर और दूसरा चास के ही नवाडीह मूर्तिटांड़ स्थित आरआर टेक्नोलॉजी को बनाया गया है.

### घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**जमुआ (गिरिडीह)।** बीते 25 मार्च को जमीन विवाद में घायल प्रकाश राय की इलाज के दौरान रिम्स,रांची में मौत हो गई. पुलिस अधीक्षक गिरिडीह के देशानुसार जमुआ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने घटना में शामिल पांच अभियुक्तों किशुन राय (55),शिवम कुमार राय (20), सूरज कुमार राय (22), आनंद राय ,बबलू राय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है . वहीं हमले में उपयोग किये रड एवं कुल्हाड़ी भी जब्त की गई है.जमीन विवाद को लेकर हुए मारपीट मामले में नौ लोगों को आरोपी बनाया गया है.

### कसमार की सेवानिवृत्त शिक्षिका का निधन

**बोकारो।** कसमार प्रखंड के दुर्गापुर गांव के कमारहीर टोला निवासी सेवानिवृत्त शिक्षिका नुनीवाला देवी का निधन मंगलवार को हो गया. वह 81 वर्ष की थी और वर्ष 2004 में कुरको स्थित सरकारी प्राथमिक विद्यालय से सेवानिवृत्त हुई थी. वह दुर्गापुर गांव की एकमात्र सरकारी महिला शिक्षिका थी. स्व नुनीबाला देवी के पिता स्व साहेब राम महतो एकीकृत मंजूरा एवं दुर्गापुर पंचायत के सरपंच थे. बोकारो स्थित एक निजी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांसें ली. नुनीबाला का दो पुत्र समेत भरा पूरा परिवार है.

फ्रांस की थेम्स इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने शिक्षा व प्रशासन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया

## डीपीएस के प्राचार्य डॉ. गंगवार को 'साहित्य वाचस्पति' की उपाधि

- अनुकरणीय शैक्षणिक योगदान के लिए दुबई में किए गए सम्मानित

**संवाददाता। बोकारो**

विगत तीन दशक से भी अधिक समय तक शिक्षा के क्षेत्र में अपनी बहुमूल्य सेवा देते हुए बोकारो का नाम विश्व-पटल पर गौरवान्वित करने वाले डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार की उपलब्धियों में एक और नया अध्याय जुड़ गया है. उन्हें दुबई (संयुक्त अरब अमीरात) में आयोजित एशिया अरब एजुकेशन एंड लीडरशिप समिट के दौरान साहित्य वाचस्पति यानी लिटरेचर में डॉक्टरेट (डी.लिट.) की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है. पेरिस की थेम्स इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने उन्हें शिक्षा और प्रशासन के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए विशेष रूप से यह सम्मान प्रदान किया.



दुबई में सम्मानित होते डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार.

**उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी :** मंगलवार को विद्यालय में आयोजित एक विशेष प्रार्थना सभा के दौरान इसकी औपचारिक घोषणा की गई. इस क्रम में विद्यालय का वातावरण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा. सभी ने प्राचार्य को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं. अपने उद्गार में प्राचार्य डॉ. गंगवार ने इस अवॉर्ड का श्रेय समस्त विद्यालय परिवार को दिया. उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकों व सदस्यों के सहयोग से ही ऐसे सुखद अवसर आते हैं. गौरतलब है कि इसके पूर्व भी डॉ. गंगवार बैंकॉक, ढाका, श्रीलंका और मॉरीशस जैसे देशों में अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजे जा चुके हैं. इनमें ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड, एक्सीलेंट इनोवेटर, ग्लोबल प्रिंसिपल, एक्जम्पलरी लीडर ऑफ द ईयर आदि शामिल हैं.

**विशेष प्रशस्ति-पत्र भी दिया गया**

टीपीईजी इंटरनेशनल, दुबई के संस्थापक सह सीईओ एवं थेम्स इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के प्रो-वाइस चांसलर (खाड़ी) डॉ. मानव आहूजा, इनटाइम क्रिएटिव इवेन्ट, एलएलसी (दुबई) के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. ईके राधाकृष्णन नमबियार, शारजाह स्थित वेस्टफोर्ड यूनिवर्सिटी कॉलेज के सीनियर फैकल्टी डॉ. फिरोज खान एवं अन्य गणमान्यजनों की उपस्थिति में उन्हें इस अंतरराष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया. इसके साथ ही, समर्पण, गहन अनुभव, उपलब्धियों तथा राष्ट्र व समाज के प्रति विशेष अवदान के लिए डॉ. गंगवार को एक विशेष प्रशस्ति-पत्र भी दिया गया.

## एसडीओ ने किया चेकनाका का निरीक्षण, दिए निर्देश



**संवाददाता। साहिबगंज**

राजमहल एसडीओ कपिल कुमार ने मंगलवार को राधानगर में बने चेकनाका का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने चेकनाका के दैनिक पंजी का अवलोकन किया. लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड व पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाली विभिन्न सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है. राधानगर व प्राणपुर पलाशगाछी फेरीघाट में चेकनाके बनाये गए हैं. पलाशगाछी फेरीघाट होकर लोग नाव से पंचानंदपुर के रास्ते पश्चिम बंगाल के मालदा जिला व झारखंड आना जाना करते हैं. जबकि राधानगर-सिरासीन के रास्ते फरक्का होकर पश्चिम बंगाल आना जाना करते हैं. राधानगर हाई स्कूल के समीप चेकनाका का निरीक्षण के दौरान उन्होंने पदाधिकारियों को नियमित रूप से वाहन जांच करने का निर्देश दिया.

जारंगडीह में कोयला चोरों के विरुद्ध सीसीएल ने की कार्रवाई

## तीन टन अवैध कोयला जब्त मोटरसाइकिलें क्षतिग्रस्त की

**संवाददाता। कथारा (बोकारो)**

सीसीएल कथारा क्षेत्र के कथारा महाप्रबंधक डीके गुप्ता के निर्देश पर क्षेत्रीय गश्ती दल एवं जारंगडीह गश्ती दल ने संयुक्त रूप से मंगलवार की सुबह जारंगडीह साइडिंग, मनसा नगर, बाईपास रोड के किनारे, कोयला चोरों के विरुद्ध औचक छापामारी की गई. छापेमारी में गश्ती दल को देख कोयला चोर भाग खड़े हुए. जिसमें सुरक्षाकर्मियों ने पांच मोटरसाइकिलों को जब्त कर पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया. साथ हीं लगभग 25 से 30 बोरी अवैध कोयला जब्त कर जारंगडीह कोयला स्टॉक में गिरा दिया गया, जिसका वजन लगभग तीन टन बताया जा रहा है. गश्ती में मौजूद जवानों में इबरार हुसैन, प्रभारी नागेश्वर नोनिया, हेलेरियस कुजूर जरांगडीह सुरक्षा प्रभारी, देवांसु कुमार, संजय कुमार दास, मुकेश कुमार सिंह, ललिता कुमारी, सरस्वती हंसदा एवं अन्य जवान भी मौजूद थे.

**मामला क्यों नहीं दर्ज होता है :** कोयला चोरी की विरुद्ध चलायी गई छापामारी अभियान के बारे में कथारा क्षेत्रीय सुरक्षा विभाग के प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता ने कहा कि यह सवाल उनसे जुड़ा हुआ नहीं है, बल्कि इसका जवाब थाना प्रभारी से लें तो बेहतर होगा. क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभारी के इस तरह के जवाब से सहज ही उनकी पीड़ा समझा जा सकता है . चर्चा है कि जब कोयला लदी मोटरसाइकिलें जब्त की जाती है तो उसे स्थानीय थाने को सुपुर्द न कर उसे नष्ट करना किस तरह की कार्रवाई है. लोग यह भी सवाल उठा रहे हैं कि जब कोयला चोरी सीसीएल प्रबंधन की हो रही है तो फिर चोरों के विरूद्ध मामला दर्ज क्यों नहीं किया जाता है.


जारंगडीह में कोयला लदे मोटरसाइकिलों को नष्ट करता गश्ती दल.

**खास बातें**

- कथारा महाप्रबंधक के निर्देश पर की गई छापेमारी
- गश्ती दल को देख भाग खड़े हुए कोयला चोर

### अवैध बालू लदे तीन ट्रेक्टर जब्त

**जमुआ (गिरिडीह)।** अवैध बालू लदे तीन ट्रक्टरों को जमुआ अंचलाधिकारी संजय पांडेय ने जब्त किया गया है. जब्त कर इसे कार्रवाई के लिए उन्होंने जिला खनन पदाधिकारी गिरिडीह को भेज दिया है. जानकारी के अनुसार जमुआ पचम्बा मुख्य मार्ग चितरडीह में जमुआ अंचलाधिकारी संजय पांडेय ने अहले सुबह तीन अलग अलग ट्रैक्टरों में अवैध बालू लदे ट्रैक्टरों को जब्त किया. मौके पर ड्राइवर गाड़ी छोड़कर फरार हो गए. इस बाबत जमुआ अंचलाधिकारी संजय पांडेय ने बताया कि बिना निबंधन के तीनों ट्रेक्टरों पर बालू थे जिसे जब्त कर जमुआ थाने को सुपुर्द कर दिया गया. वहीं कार्रवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी को पत्र प्रेषित किया गया है. मालूम हो कि प्रखंड क्षेत्र में चल रहे अबुआ आवास का निर्माण शुरू हो चुका है. ऐसे में सरकार की महती योजना में बालू की कमी बाधक बन गया है.



## भाई ने साथी संग मिलकर की हत्या

- हवस का शिकार बनाने में नाकाम होने पर गला घोट दिया

**बसंतराय। गोड्डा**



बसंतराय थाना अंतर्गत ग्राम गोरगामा में बीते रविवार को पुआल के टाल से नाबालिक बच्ची के शव बरामद किए जाने की घटना को पुलिस ने सुलझाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. यह मामला हत्या का निकला. जिसे मृतका के मौसेरे भाई ने ही अपने मित्र के साथ मिलकर बलात्कार करने में असफल रहने पर घटना को अंजाम दिया . इस बात की जानकारी संवाददाताओं को देते हुए सदर एसडीपीओ जेपीएन चौधरी ने बताया कि बीते 31 मार्च की सुबह खलिहान में रखे पुआल के नीचे से बच्ची की लाश बरामद की गई थी . जिसको लेकर बच्ची के पिता के बयान पर बसंतराय थाने में मामला दर्ज किया गया था. कांड के उद्भेदन के लिए पुलिस अधीक्षक के आदेश पर एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर जांच की जा रही थी. इसी क्रम में मिले इनपुट के आधार पर मृतका के मौसेरा भाई सुमित उर्फ सन्नी कुमार और नीतीश कुमार को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया.

**हत्या की बात स्वीकार की :** कड़ाई से पूछताछ में सन्नी कुमार ने बताया कि बीते 29 मार्च को वे लोग गोरगामा आए हुए थे. वहीं देर रात तक पार्टी किए और फिर बच्ची को बहला फुसलाकर खलिहान में ले आए और बलात्कार करना चाहा. लेकिन सफल नहीं होने पर दोनों ने मिलकर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी. लाश को छिपाने के लिए वहीं खलिहान में पुआल के नीचे दबाकर कमरे में आकर सो गए, ताकि किसी को शक नहीं हो. सुबह घर से निकलकर दोनों भाग गए. गिरफ्तार किए गए दोनों हत्यारे को जेल भेज दिया गया है.

### किया इंटरमीडिएट सेंटर का निरीक्षण

**गावां(गिरिडीह)।** गावां सीओ अविनाश रंजन, बीडीओ महेंद्र रविदास एवं थाना प्रभारी महेश चंद्र ने कई पंचायतों में जाकर इंटरमीडिएट सेंटर का निरीक्षण किया एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया. चुनाव के दौरान प्रखंड में आने वाले सुरक्षा बलों के ठहराव स्थल का मुआयना करते हुए वहां शौचालय, जल, बिजली आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए सारी सुविधाएं बहाल करने को लेकर उचित दिशा निर्देश दिया गया. सीओ अविनाश रंजन ने कहा कि चुनाव में चुनाव कर्मियों समेत जगह जगह पर सुरक्षा बलों को नियुक्त किया जाएगा. उन्हें बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशानी नहीं हो इसके लिए सभी स्थलों का निरीक्षण कर उसका चयन किया जा रहा है.

## मुखिया ने अग्नि पीड़ित परिवारों को दी राहत सामग्री



**संवाददाता। साहिबगंज**

उधवा प्रखंड राधानगर थाना क्षेत्र के पश्चिमी उधवा दियारा अंतर्गत बालुगांव में सोमवार को भीषण आगलगी में बेघर हुए अग्नि पीड़ित परिवारों के बीच मंगलवार को पंचायत के मुखिया जियाउल हक ने राहत सामग्री का वितरण किया. मुखिया ने अग्नि पीड़ित परिवारों के घर पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी ली. पीड़ित परिवारों ने बताया कि भीषण आगलगी की घटना में छह घर,कागजात,घरेलू सामान, तीन लाख रुपया नगदी समेत सारा समान जलकर राख हो गया है. जबकि दो अन्य लोगों का आंशिक रूप से नुकसान हुआ है. वहीं मुखिया ने पीड़ित परिवारों के बीच चावल, दाल, नमक, तेल, चीनी कपड़ा, लूंगी, कंबल सहित अन्य सामग्री का वितरण किया.

चुनाव और मनरेगा को लेकर समीक्षा बैठक

## अंतिम पायदान के लोगों तक सुलभ तरीके से पहुंचे योजना



**संवाददाता। पीड़टांड़ (गिरिडीह)**

पीरटांड़ प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में मंगलवार को बीडीओ मनोज कुमार की अध्यक्ष में सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही मनरेगा योजनाओं के बेहतर संचालन सुनिश्चित करने के लिए विशेष समीक्षा बैठक की गई . एक-एक कर सभी विभागों की समीक्षा की गई तथा मौके पर उपस्थित कर्मियों को दिशा-निर्देश दिए गए. मनरेगा विभाग से संबंधित कार्यों पर विशेष चर्चा की गई.

**मतदाताओं को जागरूक करें**

समीक्षा बैठक के बाद आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भी सम्बंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक में चर्चा कि गई . बीडीओ ने अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने अपने कार्य क्षेत्र में आप सभी को मतदाताओं को जागरूक करें और जिस क्षेत्र के जिस बूथ में वोट प्रतिशत कम है उसे बढ़ाने पर जोर दें.

### महगामा कार्यालय में सेंधमारी कर चोरी

**महगामा।** महगामा अनुमंडल मुख्यालय स्थित सिंचाई विभाग के कार्यालय में दीवार काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया. चोर ने पूरे कार्यालय को तहस नहस कर दिया. चौकीदार के जाग जाने के कारण चोर काटे हुए लोहे के लिए ग्रिल को साथ ले जाने में सफल नहीं हो सके. घटना के संबंध में बताया कि चोर ने कार्यालय के पिछले दीवार को काटकर अंदर प्रवेश किया और आधे दर्जन से अधिक ग्रिल को काटकर बाहर रखा था. कार्यालय में अन्य सामान को भी निकालकर रखा था. चोरी की घटना दिए जाने के क्रम में ही ड्यूटी पर तैनात चौकीदार की नींद टूट गई और उसने शोर मचाना शुरू कर दिया. इसके कारण चोरों को सम्हलने का मौका नहीं मिला और मौके से भागने में सफल रहा. चोर अपने साथ चोरी कर रखे गए सामानों को साथ ले जाने में सफल नहीं हुए. जिसके कारण लाखों रुपए मूल्य के सरकारी संपत्ति का नुकसान होने से बच गया.

जनसंपर्क के दौरान कोडरमा लोकसभा से विनोद सिंह को विजयी बनाने की अपील

## महंगाई रोकने में मोदी सरकार विफल : राजेश

**संवाददाता। गिरिडीह**



महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार रोकने के नाम पर देश की गद्दी पर बैठी मोदी सरकार इसे रोकने में पूरी तरह विफल रही है. खासकर बेरोजगारी से देश के युवा परेशान हैं. झारखंड जैसे राज्य के युवा रोजगार के लिए प्रवासी बनने को मजबूर हो गए हैं. उक्त बातें भाकपा माले नेता राजेश यादव ने मंगलवार को यहां कही. वह कोडरमा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत गांडेय विस, गिरिडीह सदर प्रखंड के जगजगो-टुसकियो तथा बुढ़ियाटांड़ में जन संपर्क अभियान के लिए आए हुए हैं. उन्होंने कहा कि घर-घर महंगाई तथा युवा वर्ग बेरोजगारी की तबाही झेल रहा है. किसान-मजदूर अपने अधिकार छीने जाने से बेचैन हैं, वे अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं, जिसका मोदी सरकार ने हमेशा दमन किया. इन ज्वलंत समस्याओं से इतर मोदी सरकार चंदा घोटाला में व्यस्त रहकर कंपनियों की सेवादारी में लगी रही. देश की जनता अब मोदी सरकार को माफ नहीं करेगी.

**खास बातें**

- बेरोजगारी से देश का युवा वर्ग परेशान हैं
- किसान-मजदूर अधिकार छीने जाने से परेशान हैं

**सहयोग की अपील**

राजेश यादव ने लोगों से महागठबंधन समर्थित भाकपा माले के प्रत्याशी कॉमरेड विनोद सिंह को कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से विजयी बनाकर संविधान, लोकतंत्र और जनता के अधिकारों को बचाने में सहयोग देने का आह्वान करते हुए चुनाव संघर्ष कोष में भी सहयोग की अपील की. माले नेता की अपील पर समर्थन करने वाले सभी घरों से चुनाव कोष में सहयोग का निर्णय लेकर इसकी शुरुआत की गई.

**ये थे मौजूद :** मौके पर माले नेता ठाकुर मंडल, पंकज वर्मा समसुद्दीन अंसारी, इस्लाम अंसारी, कुर्फान मियां, महेंद्र रवानी धनेश्वर मंडल, सफायत अंसारी, पांचू मियां, मो गयासुद्दीन, ताजुद्दीन अंसारी, कुर्बान मियां, आजाद अंसारी, नसीम अंसारी, जैतून खातून, हसीना खातून, मुनवा खातून सहित अन्य मौजूद थे.

डुमरी

माहुरी वैश्य मंडल इसरी बाजार में मधुरासिनी पूजा का आयोजन

## 74 वर्ष से अधिक उम्र के दंपती को सम्मानित किया

**संवाददाता। डुमरी (गिरिडीह)**

माहुरी वैश्य मंडल इसरी बाजार,माहूरी महिला समिति एवं नवयुवक समिति के तत्वावधान में स्थानीय मधुरासिनी भवन में धूमधाम से मधुरासिनी पूजा का आयोजन किया गया. साथ ही बुर्जुग दम्पति सम्मान समारोह का भव्य कार्यक्रम भी किया गया.

पूजनोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत सुबह से ही की गई. जिसमें माहुरी परिवार के इसरी मंडल अंतर्गत इसरीबाजार एवं निमियाघाट के स्त्री,पुरुष एवं बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया. इस दौरान पूजनोत्सव के लिए मां मथुरासिनी की प्रतिमा स्थापित की गई. पूजन, आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ ही भण्डारे का आयोजन किया गया.

पूजनोत्सव के सफल आयोजन में मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर प्रसाद, सचिव दामोदर प्रसाद सेठ,महेश भदानी, मधुरासिनी भवन संचालन समिति के अध्यक्ष दिनेश सेठ, सुधीर माथुर,जयप्रकाश राम, राजेश भदानी, महिला समिति के अध्यक्ष ममता माधुर, सचिव रश्मि माथुर, कोषाध्यक्ष रागिनी सेठ, उपाध्यक्ष नीलम गुप्ता, गीता भदानी सह सचिव सीमा गुप्ता की सराहनीय भूमिका रही.



**खास बातें**

- पूजा, आरती और भंडारे का किया गया आयोजन
- माहुरी परिवार के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

**दंपत्तियों को तिलक लगाया**

मथुरासिनी पूजनोत्सव में इसरी मंडल का बुर्जुग दम्पति सम्मान समारोह भव्य कार्यक्रम के रूप में प्रस्तुत किया गया. सम्मान समारोह में 74 वर्ष से अधिक उम्र के दम्पतियों को सम्मानित किया गया. बालिका समिति द्वारा बुजुर्ग दंपत्तियों को तिलक लगाया गया. वहीं महिला समिति द्वारा मां मनुरासिनी के चित्र सभी दम्पतियों को दिया गया. साथ ही इसरी मंडल के सदस्यों द्वारा दम्पतियों का माल्यार्पण एवं वस्त्र देकर उनका आर्शीवाद प्राप्त किया गया.समाज द्वारा भगवान दास सेठ यशोदा देवी,रघुनंदन राम लोहानी,गीता देवी,मणीशंकर राम सेठ,देवकी देवी, नकुल प्रसाद सेठ,लक्ष्मी देवी, प्रभु राम सेठ, वृन्दा देवी, सीताराम भदानी, भगवती देवी,जगदीश राम गुप्ता रुकमणी देवी,नेमचंद्र राम,मालती देवी,अर्जुन राम सेठ विजय राम,चंद्रीका देवी,वासुदेव राम,चम्पा देवी,दशरथ प्रसाद भदानी, कंचन देवी, शरण प्रमाद, उषा देवी,कुसुम देवी, गौरीशंकर भदानी, भरत राम सेठ, उषा देवी आदि को सम्मानित किया गया.

## शीतला माता की पूजा में उमड़े श्रद्धालु

**संवाददाता। बोकारो**

कसमार प्रखंड के खैराचातर स्थित सार्वजनिक शीतला माता मंदिर में तीन दिवसीय शीतला अष्टमी पूजा समारोह के दूसरे दिन मंगलवार को मां शीतला की पूजा धूमधाम से हुई. इस अवसर पर सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा. खैराचातर, बगदा, सिंहपुर, बसरिया, उदयमारा, हरनाद आदि गांवों से बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने पूजा में भाग लिया. जरीडीह प्रखंड के पाथुरिया निवासी ज्योतिषाचार्य पंडित मानस बनर्जी के मार्गदर्शन में कसमार प्रखंड के सिंहपुर निवासी आचार्य रवींद्र पांडेय व मंजूरा के कृष्ण किशोर पांडेय ने पूरे विधि-विधान से पूजा संपन्न करायी. इस दौरान मंत्रोच्चार से पूरा गांव गूंज उठा. पूजा के दौरान मां को नौ प्रकार का भोग चढ़ाया गया. पूजा संपन्न होने के बाद श्रद्धालुओं के बीच भोग (प्रसाद) का वितरण हुआ. शाम को संध्या आरती में भी काफी संख्या में श्रद्धालु जुटे.



मालूम हो कि यह कसमार प्रखंड के एकमात्र शीतला माता मंदिर है. 2021 में इसकी प्राण प्रतिष्ठा काफी धूमधाम से हुई है. उसके बाद से ही यह आस्था का केंद्र बन गया है. शीतला माता के भक्त आये दिन यहां पूजा-अर्चना करने जुटते हैं. मंदिर में माता शीतला की संगमरमर की आकर्षक मूर्ति स्थापित की गई है. प्राण प्रतिष्ठा के बाद हर साल शीतला अष्टमी की पूजा धूमधाम से की जाती है. मौके पर पूर्व मुखिया रामसेवक जायसवाल, राजेश कुमार राय, सौरभ कुमार राय (मोंटी), दीपक जायसवाल, सुशील कुमार जायसवाल, अनिरुद्ध जायसवाल, विष्णु कुमार जायसवाल, सौरभ जायसवाल उपस्थित थे.

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने दूसरी बार विष्णुगढ़ का दौरा किया

# कांग्रेस परिवारवादी व घोटालेबाज पार्टी है: मनीष

संवाददाता। विष्णुगढ़



**जन समर्थन**

- पूरा इलाका अभी से ही भगवामय हो गया है
- कई जगहों पर लोगों ने मनीष की आरती उतारी
- लोगों ने मनीष को 51 किलो की फूल माला पहनाई

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने मंगलवार को विष्णुगढ़ का दूसरी बार दौरा किया. इसके पहले 13 मार्च को प्रखंड क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया था. उनके दौरे से मतदाता उत्साहित हैं और इलाका अभी से भगवामय हो गया है. दौरे के दौरान हर जगह मिल रहे समर्थन से भाजपा प्रत्याशी अभिभूत हैं. कई जगह उनकी आरती उतारी गई.

एक जगह आम्र पल्लव का मुकुट पहनाया गया. कई जगह गाजे बाजे के साथ उनका स्वागत किया गया. विष्णुगढ़ पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सातमील मोड़ में जय श्रीराम के उदघोष के साथ मनीष जायसवाल का स्वागत किया. उन्हें 51 किलो की फूल माला पहनाई गयी. उन्होंने डोर टू डोर जन संपर्क किया. प्रखंड के नरकी, खरकी, सिमराबेड़ा, गाल्होबार, मडमो, खरकट्टो, रोहनियाटांड़, चानो, सारुकूदार, मंगरो, करगालो, सिरय, अचलजामो, अलपीटो और सिमरिया समेत अन्य गांवों में उन्होंने जनसंपर्क किया. चानो पहुंचने कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल के पिता व पूर्व सांसद तथा विधायक के पिता टेकलाल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. अभियान में विष्णुगढ़ पूर्वी भाजपा मंडल अध्यक्ष नारायण महतो, महामंत्री प्रकाश मंडल, कोडरमा सांसद प्रतिनिधि भुनेश्वर पटेल, चानो मुखिया गीता देवी, पूर्व मुखिया डुमरचंद महतो, छोटी साव, नारायण गंझू, सुखदेव रजवार, भाजयुमो अध्यक्ष गोविंद महतो, भोला साव, दिलीप तुरी, नुनु गोपाल, लखन महतो, जागेश्वर महतो, प्रदीप वर्णवाल, विनोद साव, संतोष कुमार, गंगाधर महतो, महावीर महतो, सुखलाल महतो, गायत्री देवी, तुलसी सिंह रजनी, तुलो महतो, सतीश कुमार पटेल, दिनेश कुमार मंडल, भुनेश्वर महतो, दिलेश्वर साव, द्वारिका महतो, बालेश्वर शर्मा, रंजन चौधरी सहित कई अभियान में शांमिल थे.

# मीडियाकर्मी पोस्टल बैलेट के जरिये दे सकते हैं वोट

संवाददाता। रामगढ़

**लोस चुनाव**

- मीडियाकर्मियों को आवश्यक श्रेणी में रखा गया है
- मीडियाकर्मी जनसंपर्क कार्यालय से फॉर्म 12डी ले सकते हैं

चुनाव आयोग द्वारा मीडियाकर्मियों के लिए मतदान करना आसान कर दिया है. जानकारी के अनुसार लोस चुनाव के दौरान कवरेज के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्राधिकार पत्र धारित करने वाले रामगढ़ जिले के मीडियाकर्मी पोस्टल बैलट के द्वारा मतदान कर सकेंगे. चुनाव के मद्देनजर निर्वाचन आयोग द्वारा मीडियाकर्मियों को 'आवश्यक श्रेणी' में रखा गया है. चुनाव कवरेज के दौरान वैसे सभी मीडिया कर्मी, जिन्हें चुनाव कवरेज के लिए प्राधिकार पत्र जारी किया जाएगा, वे इस बार पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे. इसके लिए मीडियाकर्मी जिला जनसंपर्क कार्यालय रामगढ़ से फॉर्म 12डी प्राप्त कर सकते हैं. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी के अधिकृत वेबसाइट से फॉर्म 12डी डाउनलोड किया जा सकता है. बताया गया कि चुनाव की अधिसूचना के पांच दिनों के भीतर नोडल पदाधिकारी के प्रमाण पत्र के साथ फॉर्म को निर्वाची पदाधिकारी कार्यालय में जमा किया जाएगा.

## ब्रीफ खबरें

### जवाहर घाट पर चला वाहन चेकिंग अभियान

**बरही।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बरही थाना क्षेत्र के जवाहर घाट से पहले कोबरा वाहिनी 203 से थोड़ी दूरी पर वाहनों की गहनता से जांच की जा रही है. एसडीओ जोहन टुडू लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं. एसडीओ के निर्देश पर दंडाधिकारी की मौजूदगी में पुलिस चेक पोस्ट पर लगातार वाहनों की जांच की जा रही है. इसी क्रम में एसडीओ जोहन टुडू के नेतृत्व में कई वाहनों की जांच भी की गयी. एसडीओ ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर जांच अभियान चलाया जा रहा है. एक राज्य से दूसरे राज्य में जाने वाले सभी वाहनों की सघन जांच की जा रही है. बरही से बिहार राज्य की दूरी काफी कम है. ड्यूटी पर तैनात जवानों द्वारा वाहन में रखे सामान, बैग, डिक्की की जांच की जाती है.

### डीसी ने दिये सीमावर्ती इलाकों में जांच के आदेश

**हजारीबाग।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी नैंसी सहाय ने लोस चुनाव को लेकर जिला अंतर्गत सीमावर्ती इलाकों में गहन जांच पड़ताल व चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं. इसके तहत हर गतिविधियों पर निगरानी के लिए तीन पालियों में दंडाधिकारिओं की प्रतिनियुक्ति की गई है. सीमावर्ती क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अवैध शराब व अन्य प्रकार के गैरकानूनी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए बिहार राज्य की सीमा पर स्थित बरही प्रखंड के चोरदाहा चेक पोस्ट पर पूर्व से प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों के स्थान पर इन पदाधिकारी कर्मियों की दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्ति की गई है. जिनमें महेंद्र साव, सीआरपी चौपारण मोबाइल संख्या 9122548572, मो शोएब अंसारी, सीआरपी चौपारण की 9199181984 है.

### सीओ ने कई बूथों का किया भौतिक सत्यापन

**बरही।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मंगलवार को उपायुक्त हजारीबाग के निर्देश पर बरही सीओ रामनरायण खलखो ने प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन किया. इस दौरान सीओ ने मतदान केंद्रों के भवन, शौचालय, पेयजल, बिजली सहित कई बिंदुओं पर गहनता से जांच कर जरुरी आवश्यकताओं को चिन्हित किया. सीओ ने कहा कि जिस मतदान केंद्र पर उक्त बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं है, वहां मतदान से पहले सारी व्यवस्था कर ली जाएगी. इस दौरान सीओ ने शिवपुर, धनवार, कोरियाडीह, दुधपनिया, करियातपुर, दुलमहा, बरसोत, श्रीनगर, महुगड़ा, रानीचुआ, चलंगा, कुटमा, जीतपुर के बूथ का निरीक्षण किया.

### सरहुल पर्व को लेकर धुमकुड़िया में बैठक

**हजारीबाग।** सरहुल मैदान धुमकुड़िया में मंगलवार को आदिवासी केंद्रीय सरना समिति ने बैठक की. इसमें सरहुल पूजा को सफल बनाए जाने को लेकर चर्चा की गई. बैठक की अध्यक्षता आदिवासी केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष महेन्द्र बेक ने की. कहा कि 10 अप्रैल को उपवास एवं 11 को पूजा अर्चना एवं हजारीबाग जिले के सभी प्रखंडों से शोभायात्रा निकाली जाएगी. वहीं सरकार के गाइडलाइन के अनुसार आचार संहिता का पालन करते हुए सरहुल पर्व मनायेंगे. इस मौके पर बंधन एक्का, सुनील एक्का, जीत वाहन, भगत कृपाल कच्छप, रवि लिंडा, बंधन टोप्पो, कुलरंजन एक्का, पवन तिग्गा, रजनी बेक, बिनीता खलखो, सपना कच्छप, मनीषा बेक व दीपक केरकेट्टा उपस्थित थे.

8.30 करोड़ रुपये की लागत से 10 साल पहले बनाया गया था आईटीआई कॉलेज भवन

# भवन तैयार, पढ़ाई का है इंतजार

प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग



**ग्राउंड रिपोर्ट**

- राज्यपाल सैय्यद अहमद ने इसकी आधारशिला रखी थी
- इलाके की बेरोजगारी दूर होगी और पलायन भी रुकेगा
- संस्थान में वेल्डर, फीटर, इलेक्ट्रिशियन की पढ़ाई होती

केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी के संसदीय क्षेत्र इचाक प्रखंड के बोंगा गांव में साढ़े आठ करोड़ की लागत से आईटीआई भवन बनाया गया है. यह भवन करीब 10 साल पहले ही बनकर तैयार हो गई थी. दस साल बीतने के बाद भी आज तक यहां आईटीआई की पढ़ाई शुरू नहीं हो सकी है. बता दें कि मार्च 2013 में राज्य के तत्कालीन राज्यपाल सैय्यद अहमद, कोडरमा के तत्कालीन सांसद बाबूलाल मरांडी ने आईटीआई भवन निर्माण की आधारशिला ढाई एकड़ भूमि में रखी थी.

करीब डेढ़ साल में यह भवन बनकर तैयार हो गया था. मगर स्थानीय जिला प्रशासन और सरकार की उदासीनता की वजह से आज तक यहां पढ़ाई शुरू नहीं हो सकी. आधारशिला रखे जाने के दौरान बाबूलाल मरांडी ने कहा था कि इचाक में आईटीआई कॉलेज खुलने से यहां के युवकों को प्रशिक्षण मिल सकेगा. जिससे युवा रोजगार से जुड़ सकेंगे. इलाके की बेरोजगारी दूर होगी और पलायन भी रुकेगा. इस संस्थान में फीटर, इलेक्ट्रिशियन, वेल्डर, टर्नर, मोल्डर एवं अन्य ट्रेडों में तीन सौ विद्यार्थियों का नामांकन हो सकेगा.

इसमें इचाक ही नहीं बल्कि कटकमसांडी, बरकट्ठा, बरही व चौपारण समेत कई प्रखंडों के गरीब किसानों के बच्चों को प्रशिक्षण मिल सकेगा. मगर न कॉलेज में पढ़ाई शुरू हुई, न युवाओं को प्रशिक्षण और रोजगार मिल सका. इस संबंध में झारखंड मूर्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव संजीव बेड़िया से पूछे जाने पर बताया कि आचार संहिता खत्म होने के बाद दो सप्ताह के अंदर आईटीआई कॉलेज का उद्घाटन किया जाएगा. कांग्रेस के प्रमंडलीय अध्यक्ष डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा बोंगा में तत्कालीन सांसद बाबूलाल मरांडी एवं राज्यपाल के द्वारा शिलान्यास किया गया था. वर्षों पूर्व भवन बन कर तैयार है. केंद्रीय शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी से पोषक क्षेत्र के द्वारा उद्घाटन मांग पत्र सौंपा गया है. ऐसे संस्थान झारखंड में सैकड़ों हैं जो शिलान्यास के बाद उद्घाटन के इंतजार में जर्जर हो रहे हैं. क्योंकि केंद्र सरकार जुमले की सरकार है. आज देश में अघोषित आपातकाल की स्थिति बनी हुई है. सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए, ताकि यहां के विद्यार्थियों को फायदा मिल सके.

इस मामले पर प्रखंड सांसद प्रतिनिधि भागवत प्रसाद मेहता ने कहा कि प्रखंड स्तर पर अधिक से अधिक विद्यार्थियों को रोजगार से जोड़ने के मकसद से बोंगा में आईटीआई भवन बनाया गया है, लेकिन भवन बने करीब एक दशक बिताने के बाद भी चालू नहीं होना चिंताजनक है. बता दें कि वर्ष 2019 में अन्नपूर्णा देवी कोडरमा की सांसद बनीं थी. उन्हें मंत्री बने करीब पांच वर्ष बीतने चले हैं. जब वह मंत्री बनीं थीं तो यहां लोगों में आईटीआई की पढ़ाई शुरू होने की आस जगी थी. मंत्री द्वारा आश्वासन भी दिया गया था कि अब यहां के विद्यार्थियों का नामांकन होगा. लेकिन विद्यार्थियों का नामांकन नहीं हो सका. इस बिल्डिंग में अब लूट खसोट की योजना चल रही है. इसमें दीनदयाल उपाध्याय के नाम से सिलाई कढ़ाई का कोर्स एक निजी कंपनी चला रही है.

### रोजगार तलाश रहे हैं: आशीष

वही इस संबंध में देव आशीष कुमार ने बताया कि ग्रेजुएशन पूरा हो चुका है. रोजगार की तलाश कर रहे हैं. जिस क्षेत्र में जाते हैं वहां पहले टेक्निकल डिग्री की डिमांड होती है. जो हमारे पास नहीं है. इस कारण आज तक बेरोजगार हैं. अगर इचाक का आईटीआई कॉलेज चालू होता तो आज हमारे पास भी डिग्री होती. हम अब तक बेरोजगार नहीं बल्कि रोजगार से जुड़े गए होते.

### झूठ बोलते हैं नेता: विकास उरांव

इस संबंध में बारहवीं क्लास के छात्र विकास उरांव ने बताया कि हम विद्यार्थियों से नेता व मंत्री झूठ बोलकर अपनी राजनीतिक रोटी सकते हैं. वह छात्रों के प्रति नहीं सोचते है. कभी बिल्डिंग तो कभी डिग्री की बात करते हैं. जब साढे आठ करोड़ खर्च किया गया तो फिर चालू क्यों नहीं किया जा रहा है. अब भवन भी जर्जर हो चुका है. अब वह बिल्डिंग किराया पर लगा दिया गया है. हम विद्यार्थी को पैसे के अभाव में पढ़ाई छोड़ना पड़ रहा है.

### हमलोग सरकारी कॉलेज पर आश्रित हैं: सुमन

इस संबंध में मारखम कॉलेज स्थित निवासी सुमन कुमारी बताती हैं कि हम गरीब आदिवासी परिवार से आते हैं. हमलोग सरकारी कॉलेज और स्कूल पर ही आश्रित हैं. हजारीबाग में एक आईटीआई कॉलेज है. जिसमें समय से पहले ही सीट भर जाता है. कई बच्चे टेक्निकल पढ़ाई के अभाव में बेरोजगार हो जाते हैं. अगर इचाक में बना आईटीआई कॉलेज चालू हो जाता तो आज हम भी डिग्रीधारी होते और अब तक रोजगार भी मिल गया होता.

### कॉलेज अब तक चालू नहीं हुआ है : दीपक

द्यार्थी दीपक कुमार ने कहा कि अभी हम बारहवीं में हैं. जिस वर्ष गांव में आईटीआई कॉलेज बन रहा था तब तीसरी क्लास में थे. उस वक्त खुशी थी कि अब गांव में ही आईटीआई कॉलेज बनेगा और हमलोग पढ़ पाएंगे.

# मटवारी गांधी मैदान में झामुमो मनाएगा 45वां स्थापना दिवस

संवाददाता। हजारीबाग

झारखंड मुक्ति मोर्चा का 45वां स्थापना दिवस चार अप्रैल को मटवारी गांधी मैदान में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा. जिसे लेकर झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेड़िया ने मंगलवार को राज होटल में प्रेस वार्ता किया. बताया कि चार अप्रैल को स्थापना दिवस मनाया जाएगा. जिसमें 25 हजार से अधिक लोग भाग लेंगे. इसके माध्यम से केंद्र के भाजपा सरकार के सरकार को मुख्यमंत्री और झामुमो के अध्यक्ष हेमंत सोरेन के जेल भेजने का जवाब दिया जाएगा. समारोह में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल की जीत सुनिश्चित की जाएगी. स्थापना दिवस समारोह का उद्देश्य होगा भाजपा भगाओ और झारखंड बचाओ. स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन होंगे. वहीं विशिष्ट अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, गिरीडीह विधायक सुदीप कुमार सोनू व फागू बेसरा होंगे. उक्त बातें झामुमो जिला प्रभारी सह केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, कमल नयन सिंह, नीलकंठ महतो, संजय सिंह सुनील शर्मा आदि ने दी. उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम यादगार होगा. जिसमें झारखंड के कलाकार ढोल, मांदर, नगाड़ा व अन्य वाद्ययंत्र के साथ अपना सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे.

# मतपत्र कोषांग में मास्टर ट्रेनरों को दिया गया बैलेट प्रशिक्षण

संवाददाता। हजारीबाग

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार जिला के सभी मास्टर ट्रेनर (जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय) को ट्रेनिंग दिया गया. ट्रेनरों को पोस्टल बैलेट के विभिन्न पहलुओं से संबंधित प्रशिक्षण जिला समाहरणालय संचालित मतपत्र कोषांग में दिया गया. इसमें मतपत्र कोषांग के नोडल पदाधिकारी व निर्वाचन आयोग के एनएलएमटी मृत्युंजय कुमार द्वारा पोस्टल बैलेट के सभी तकनीकी एवं प्रशासनिक पहलुओं पर जानकारी दी गई, ताकि प्रशिक्षण के दौरान मतदान दल के सभी कर्मियों व विविध श्रेणी के वैसे कर्मी व मतदाता जो पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान करेंगे उनको प्रशिक्षण दिया जा सके. सभी मास्टर ट्रेनर को बताया गया कि निर्वाचन कर्तव्य पर रहने वाले मतदाताओं को पोस्टल बैलट के माध्यम से सुविधा केंद्र पर मतदान करने की व्यवस्था की जा रही है. आवश्यक सेवा श्रेणी के मतदाताओं को पोस्टल बैलेट के माध्यम से पोस्टल वोटिंग सेंटर पर मतदान करने की व्यवस्था की जा रही है. 85 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ नागरिक मतदाता व 40% से ज्यादा दिव्यांगता वाले मतदाता, जो वाहन की सुविधा तथा मतदान केंद्र पर अन्य सुविधा उपलब्ध कराए जाने के बावजूद मतदान केंद्र तक जाने में असमर्थ होंगे.

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने लोकसभा चुनाव को लेकर की बैठक

# सभी कोषांगों को ट्रेनिंग देना है: डीसी

संवाददाता। हजारीबाग



जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी नैंसी सहाय ने लोकसभा चुनाव के सफल संपादन को लेकर कार्मिक कोषांग, सामग्री एवं प्रशिक्षण कोषांग के वरीय तथा नोडल पदाधिकारी एवं प्रतिनियुक्त कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की. बैठक में कार्मिक कोषांग में प्रतिनियुक्त कर्मियों के कार्यो और उपलब्धता पर चर्चा की गई. सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अपने दायित्वों का निर्वह्न एवं कार्य को सुचारू रूप से करने का निर्देश दिया गया.

सभी कोषांगों के कर्मी को अपने-अपने कोषांग में अनिवार्य रूप से योगदान देने के लिए निर्देशित किया गया. जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी को निर्देशित किया कि सभी कोषांगों को अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए पूर्ण रूप से प्रशिक्षण दिया जाना आवश्यक है, ताकि सभी बिंदुओं पर स्पष्टता रहे. उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी सीओ और सभी थाना प्रभारी को सी विसील, एनकोर, सुविधा एप के साथ साथ चुनाव आयोग से संबंधित सभी ऑनलाइन एप की जानकारी देने को कहा. उन्होंने कहा कि सभी कर्मियों के प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण कैलेंडर ससमय तैयार करा लें. तिथिवार सभी को चुनाव से संबंधित पूर्ण प्रशिक्षण करवाएं. मौक पर उन्होंने कार्मिक कोषांग, सामग्री कोषांग एवं प्रशिक्षण कोषांग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी अपने-अपने कोषांग से संबंधित हैंड बुक को पूरी तरह पढ़ लें, इससे चुनाव कार्यों को संपादित करने में काफी सहूलियत होगी. इस अवसर पर उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित, अपर समाहर्ता संतोष कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया, भू अर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार, जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुधीर कुमार, एलआरडीसी, जिला शिक्षा पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे.

### रामनवमी को लेकर हजारीबाग में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**हजारीबाग।** रामनवमी पर्व को लेकर मंगलवार को शहर में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला. इसकी अगुवाई सदर एसडीपीओ कुमार शिवाशीष ने की. जिसमें प्रशासनिक अधिकारी के साथ जिला पुलिस बल के जवान शामिल थे. फ्लैग मार्च में वज्र वाहन, बख्तरबंद वाहन के साथ पुलिस की गाड़ियां सायरन बजाते साथ चल रही थीं. फ्लैग मार्च की शुरुआत पुलिस लाइन से हुई. फ्लैग मार्च लोहसिंघना, पगमिल, पेलावल, रोमी, शिवपुरी, बड़ा अखाड़ा, कानी बाजार, मेन रोड, खिरगांव, छोटकी ग्वालटोली, बड़ा बाजार, हूरूहुरू, कोर्रा, मटवारी क्षेत्र तक चला. सदर एसडीपीओ कुमार ने कहा कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य लोगों में सुरक्षा के प्रति विश्वास जगाना है. ताकि लोग शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में ईद और रामनवमी त्योहार मना सकें. फ्लैग मार्च में मेजर देवव्रत, मुख्यालय डीएसपी नीरज कुमार, डीएसपी मनोज कुमार सिंह शामिल थे.

# गोलीकांड के चार आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता। झुमरीतिलैया



बेकोबार गोलीकांड में कोडरमा पुलिस को बड़ी सफलता मिली. पुलिस ने छह घंटे में गोली कांड के चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. कोडरमा पुलिस अधीक्षक को सोमवार संध्या करीब 7 बजे यह सूचना प्राप्त हुई कि कोडरमा थाना अन्तर्गत ग्राम बेकोबार में अजय पंडित को अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मार दी गयी है.

मामले की गंभीरता को देखते हुए इसके सत्यापन एवं त्वरित उद्भेदन के लिए पुलिस अधीक्षक कोडरमा के आदेशानुसार अनुपुपदा कोडरमा जीतवाहन उरांव एवं पुनि सह थाना प्रभारी कोडरमा, सुजित कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया. गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए छह घंटों में कांड का उद्भेदन करते हुए घटना को अंजाम देने वाले चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया. घटना को अंजाम देने में प्रयुक्त एक देसी पिस्टल, दो जिन्दा कारतूस, एक पिस्टल का मैगजिन एवं एक बाइक को भी बरामद किया गया. गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ करने पर उन्होंने यह स्वीकार किया कि पूर्व से पीड़ित के परिवार और अभियुक्तों के परिवार के बीच चली आ रही सम्पति विवाद के कारण इनके द्वारा घटना को अंजाम दिया गया. इस संबंध में केस दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की गई. गिरफ्तार अभियुक्त के नाम बिनोद पंडित, प्रवीण पंडित, पंकज कुमार व सुनिल ताकुर हैं. इनसे एक देसी पिस्टल, दो जिन्दा कारतूस, एक बाइक और तीन मोबाइल फोन बरामद किया गया. छापामारी दल में अनुपु पदाधिकारी कोडरमा, सुजित कुमार, तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार, प्रेम कुमार थाना, अब्दुल्ला खां, तकनीकी शाखा कोडरमा, सशस्त्र बल एवं पैंथर कोडरमा थाना थे. इन सभी अधिकारियों को पुलिस कप्तान कोडरमा रिवॉर्ड देंगे. जिसमें एसडीपीओ जीतवाहन को प्रशस्ति पत्र व अन्य अधिकारियों को दो दो हजार का नगद पुरस्कार दिया जाएगा.

**साईं लीला** शिर्डी से आये साईं भजन सम्राट व कथा वाचक गुरुजी प्रवीण महामुनि कथा सुनाएंगे

# मुनका बगीचा में होगी तीन दिवसीय साईं कथा

संवाददाता। हजारीबाग



**भंडारा कार्यक्रम**

- चार अप्रैल की सुबह आठ बजे नगर भ्रमण किया जाएगा
- मुनका बगीचा कार्यक्रम स्थल पर सभी श्रद्धालु पहुंचेंगे

साईं परिवार हज़ारीबाग़ के द्वारा गुरुवार से साईं कथा होगी. कानी बाजार के मुनका बगीचा में साईं बाबा के महासमाधि के अवसर पर साई कथा के साथ साईं लीला महानाट्य भी होगा. बता दें कि शिर्डी से आये साईं भजन सम्राट व कथा वाचक गुरुजी प्रवीण महामुनि कथा कहेंगे. भजन और भंडारा के साथ झांकी का विशेष आयोजन होगा. इसमें हजारीबाग के तमाम श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है. चार अप्रैल की सुबह आठ बजे नगर भ्रमण किया जाएगा. जो कि मुनक्का बगीचा से महावीर स्थान चौक, पंच मन्दिर चौक, झंडा चौक, बड़ा अखाड़ा से होते हुए शहर के मुख्य मार्ग से भ्रमण करते हुए मुनका बगीचा कार्यक्रम स्थल पर सभी श्रद्धालु पहुंचेंगे. उसके बाद शाम छह बजे से बाबा का साईं लीला महानाट्य व साई कथा कार्यक्रम किया जाएगा. पांच को साईं कथा का कार्यक्रम, भंडारा होगा. छह को विशाल भजन संध्या और भंडारा कार्यक्रम होगा. तीन दिनों तक भंडारा का कार्यक्रम चलता रहेगा. गुरुजी श्री प्रवीण महामुनि के द्वारा प्रवचन कार्यक्रम की शुरुआत गुरुवार से होगी. साईं लीला महानाट्य का त्रिदिवसीय कार्यक्रम संध्या पांच बजे से शुरू हो जाएगा.

प्रवचन सुनने के बाद प्रत्येक दिन प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा. साईं लीला महानाट्य के अंतिम त्रिदिवसीय कार्यक्रम में छह अप्रैल को विशाल भंडारा का आयोजन साईं परिवार के सदस्यों द्वारा किया जाएगा. कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य रूप से संयोजक सुनील अग्रवाल, अध्यक्ष मनोज कुमार सिन्हा, सचिव संजय कुमार, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता, प्रदीप मालाकार, मनीष चौरसिया, संजय कश्यप, सुशील जायसवाल, राकेश सिन्हा, डॉ अमरेंद्र कुमार सिंह, संजीव कुमार, अर्जुन कुमार, बल्ली गुप्ता, गौतम किशोर व गौतम कुमार सहित समस्त साई परिवार के सदस्यों की अहम भूमिका रहेगी. इस संबंध में साईं परिवार की ओर से बताया गया कि कार्यक्रम में निमंत्रण पत्र सभी को दिया जा रहा है. कई अधिकारी व समाजसेवियों को भी निमंत्रण पत्र दिया जा रहा है. प्रचार प्रसार के लिए लगातार वाहन से भी प्रचार किया जा रहा है.

# भराजो की सोनाली कुमारी का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन



संवाददाता। टाटीझरिया (हजारीबाग)

टाटीझरिया प्रखंड के भराजो निवासी बबुनी रविदास एवं शारदा देवी की पुत्री 14 वर्षीय सोनाली कुमारी ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल की है. यह जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली, वे खुशी से झूम उठे.

सोनाली मध्य विद्यालय भराजो में आठवीं की छात्रा है. सोनाली का नवोदय विद्यालय बोंगा में नवम वर्ग में नामांकन होगा. जहां इसकी पढ़ाई का खर्च सरकार देगी. विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार रवि ने बताया कि उनके विद्यालय की सोनाली मेधावी और संस्कारवान भी है. वह नियमित रूप से विद्यालय भी आती थी. वह मन लगाकर पढ़ती थी, जिसका उसे फायदा मिला. सोनाली की मां शारदा देवी ने कहा कि बेटी शुरू से ही पढ़ाई में तेज है. उसकी पढ़ाई में पूरा परिवार सहयोग करता है. बेटी की सफलता पर खुशी और गर्व महसूस हो रहा है. सोनाली कुमारी ने कहा कि उसका लक्ष्य मन लगाकर पढ़ना और आगे सिविल सेवा में जाना है.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** पिता से लाभ होगा. साथ ही कोई बड़ा कार्य होगा. यह समय का लाभ देगा. समय अनुकूल रहेगा. जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें. व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा. आय में निश्चितता रहेगी. नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा.

**वृषभ** ससुराल पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलेगा. भाग्य का साथ मिलेगा. कोई बड़ा कार्य होगा. धर्म में मन लगेगा. व्यापार लाभदायक रहेगा. पारिवारिक सहयोग मिलेगा. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. लेन-देन में सावधानी रखें.

**मिथुन** किसी विदेशी निवेश से लाभ का योग है. अचानक खर्च होगा. सत्संग का लाभ मिलेगा. आत्मशांति रहेगी. यात्रा संभव है. व्यापार ठीक चलेगा. नौकरी में चैन रहेगा. दूसरों की जवाबदारी न लें. थकान रह सकती है.

**कर्क** जीवनसाथी के सहयोग से कोई शुभ कार्य होगा. किसी भी प्रकार के विवाद में न पड़ें. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. व्यापार ठीक चलेगा. आय में निश्चितता रहेगी. मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा.

**सिंह** माता से वैचारिक मतभेद हो सकता है. ऋण लेने से बचें. साथ ही रोग से भी बचे. शारीरिक कष्ट संभव है. जल्दबाजी से हानि होगी. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. समय अनुकूल नहीं है. जल और फल का दान करें.

**कन्या** समस्या का हल सहज ही प्राप्त नहीं होगा. किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग मिलेगा. भाग्य अनुकूल है. व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी. धन प्राप्ति सुगम होगी. शत्रुओं का पराभव होगा. किसी व्यक्ति की बातों में न आएं.

**तुला** किसी महिला से कोई विवाद हो सकता है. माता से मनमुटाव भी हो सकता है. पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है. नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी. जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी.

**वृश्चिक** भाई के साथ कहीं घूमने का योग है. समय अनुकूल है. नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे. ऐश्वर्य व आरामदायक साधनों पर व्यय होगा. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. कोई नई कार्य में जल्दबाजी से बचें.

**धनु** कल सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. लेन-देन में सावधानी रखें. अपरिचितों पर अंधविश्वास न करें. कारोबार ठीक चलेगा. भाग्य अनुकूल है. समय का लाभ लें. मिठाई का दान बच्चों के बीच करें.

**मकर** किसी बड़े काम को करने की योजना बनेगी. आत्मसम्मान बना रहेगा. व्यापार लाभदायक रहेगा. घर-परिवार में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. अन्न और जल पक्षी को दे.

**कुंभ** विदेश से जुड़े लोगों के लिए समय उत्तम है. कहीं खर्च को लेकर मन खिन्न होगा, पर आपके प्रभाव से धन प्राप्ति सुगम होगी. समय अनुकूल है. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. परिवार के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा.


**मीन** आय का मार्ग खुलेगा.किसी गलत के निर्णय से बचना चाहिए. आय के लिए दिन अच्छा है. दौड़धूप से स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है. आय बनी रहेगी. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. अन्न दान करें.

## जमशेदपुर कोर्ट ने दिया उलीडीह थाना प्रभारी का वेतन रोकने का आदेश



**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर कोर्ट के एडीजे टू आभास वर्मा ने मंगलवार को उलीडीह थाना प्रभारी अमित कुमार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनका वेतन रोकने का आदेश दिया है. कोर्ट ने हत्या के मामले में सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया. 18 जनवरी 2022 को उलीडीह थाना क्षेत्र के कल्याणनगर स्थित एक निर्माणाधीन मकान में मजदूरी करने वाली महिला पूनम देवी (32) की हत्या कर दी गई थी. मामले में पुलिस ने हत्या के आरोपी पति अशोक गोराई को गिरफ्तार कर जेल भेजा था. इस संबंध में झारखंड हाइकोर्ट ने संज्ञान लेते हुए उलीडीह पुलिस को घटना स्थल से जब्त प्रदर्श को कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया था, ताकि मामले को जल्द खत्म किया जा सके. हालांकि हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद उलीडीह थाना प्रभारी अमित कुमार ने जब्त प्रदर्श कोर्ट में जमा नहीं किया. जिसके बाद कोर्ट ने उनके वेतन रोकने का फरमान जारी कर दिया.

## जगन्नाथपुर व हाट गम्हारिया क्षेत्र से अवैध शराब जब्त, एक गिरफ्तार



**नोवामुंडी ।** उत्पाद विभाग के द्वारा अवैध शराब के कारोबार पर लगाम लगाने के उद्देश्य से जगन्नाथपुर, हाट गम्हरिया, मझगांव थाना क्षेत्र में छापेमारी की गई. इस क्रम में अलग- अलग स्थानों से कुल 18.2 लीटर बीयर, 7.98 लीटर विदेशी शराब एवं 40 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त की गई. इस मामले में चोरी छुपे शराब के अवैध कारोबार में लिप्त एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया. मिली जानकारी के अनुसार विभागीय निर्देश पर सोमवार को उत्पाद विभाग के एएसआई अमित प्रसाद के नेतृत्व में छापामारी दल ने गोपनीय सूचना के आधार पर जगन्नाथपुर के विशाल टोला स्थित एक घर से विदेशी शराब 7.245 लिटर एवं बीयर 13 लिटर बरामद किया गया. वहीं, हाट गम्हरिया थाना क्षेत्र के कासिम बजार चौक के पास एक घर मे छापामारी के दौरान दस लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद की गई.

### शुभम संदेश और लगातार.इन की पहल : क्या कहते हैं फर्स्ट टाइम वोटर...

# लालच में न आएं, शिक्षा व रोजगार के लिए वोट करें

**पियूष गौतम। रांची**




लोकसभा 2024 चुनाव का बिगुल बज चुका है. झारखंड में इस बार 22,33,738 युवा पहली बार वोट करेंगे. जिसमें 10,93,718 पुरुष, 11,39,960 महिला और 60 ट्रांसजेंडर शामिल हैं. आम चुनाव में इस बार पहली बार वोट करने वाले राज्य के फर्स्ट टाइम वोटरों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है. एक-तरफ अलग-अलग राजनीतिक पार्टियां युवा मतदाताओं को रिझाने की कवायद में जुट गई हैं. तो वहीं दूसरी तरफ 18 या इससे अधिक वर्ष के युवा मतदाता देश व राज्य के विकास और अपने उज्जवल भविष्य को लेकर क्या है उनकी राय. फर्स्ट टाइम वोटर के तौर किस मुद्दे पर करेंगे मतदान. आइए जानते हैं युवाओं की राय...

### परीक्षा में धांधली से छात्रों का समय होता है बर्बाद : कमलेश कुमार



राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली ज्यादातर प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में धांधली की खबरें आती हैं, जिस कारण मामला न्यायालय में चला जाता है. इससे छात्रों का महत्वपूर्ण समय बरबाद हो जाता है. छात्र हित में इसका स्थाई समाधान किया जाना चाहिए.

### देश में शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देनेवाले प्रत्याशी को चुनेंगे: अनुज राज



शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाला नेता ही इस बार के चुनाव में मेरा सर्वोच्च प्राथमिकता वाला प्रत्याशी होगा. सरकारी स्कूलों की शिक्षा में गुणवत्ता व व्यवस्था में सुधार होने से गरीब से गरीब छात्र भी बेहतर शिक्षा हासिल कर अपने सपनों को सकार करने में सफल हो सकेंगे. इसलिए शिक्षा पर फोकस जरूरी हैय

### कॉलेजों में प्रशासनिक मनमानी छात्रों के लिए है परेशानी : सुशील कुमार



सुशील कुमार ने बताया कि कॉलेजों में प्रशासनिक मनमानी भी छात्रों के लिए कई बार परेशानी बन जाती है. परीक्षा, तिथि, शुल्क इत्यादि को लेकर शिक्षण संस्थान के कई फैसले छात्रों के लिए मुश्किल खड़ी कर देती है है. इसके त्वरित समाधान के लिए व्यवस्था बननी चाहिए.

### यातायात व्यवस्था में सुधार के साथ सख्ती से पालन हो : रंजन कुमार




रंजन कुमार ने बताया कि स्कूल, कॉलेजों में आवागमन के दौरान कई बार छात्र जाम में फंस जाते हैं, जिस कारण समय पर छात्र स्कूल व कॉलेज नहीं पहुंच पाते हैं. यातायात व्यवस्था में न केवल सुधार की आवश्यकता है, बल्कि यातायात नियमों का सख्ती से पालन भी होना चाहिए.

### नए मतदाताओं को सही उम्मीदवार को जिताना होगा : रंजन कुमार



पहले हमें तो अपने झारखंड राज्य में शिक्षा का विस्तार करना होगा क्योंकि लोग शिक्षित रहेंगे तभी हमारे राज्य का विकास होगा। और हमारे देश का भी विकास तभी होगा जब युवाओं को रोजगार से जोड़ा जाएगा. नए मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में सही उम्मीदवार को जिताना होगा। नई सरकार को बेराजगारी, महंगाई और सामाजिक भाईचारे पर विशेष ध्यान देना होगा। नई सरकार को शहर के साथ गांवों के विकास पर भी विशेष तौर ध्यान देने की आवश्यकता होगी.

### सभी सोच समझ कर अपना नेता चुनें और लालच में ना आएं : दुलाल




मैं गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के ब्रहामणडीहा का हूं, परंतु वर्तमान में झारखंड से बाहर निवास करता हूं व डीएमवीवी भारतीय महिला शक्ति फाउंडेशन नामक गैर सरकारी संगठन का संस्थापक हूं. मैं जनता से यही उम्मीद करता हूं कि आप सभी सोच समझ कर अपना नेता चुनें और लालच में ना आएं. किसी भी राजनीतिक पार्टी का समर्थन नहीं करता हूं. हर जनप्रतिनिधि का फर्ज बनता है कि यदि जनता उन्हें अपने क्षेत्र से वोट देकर जीता रहा है तो उन्हें जनता के हर दुख में शामिल होना चाहिए.

### रोजगार देने वाली सरकार के लिए वोट करना चाहिए : मनोज हेम्ब्रम



आगामी लोकसभा चुनाव में नए मतदाताओं को रोजगार देने वाली सरकार को चुनना चाहिए. ऐसे प्रत्याशी को वोट देना चाहिए जो युवाओं के हित में संसद में आवाज उठा सके. आगामी सरकार को युवाओं के मुद्दों पर काम करना चाहिए. नई सरकार को यह समझने की जरूरत है कि इसके बिना देश को विकसित बनाने का दावा दावा ही रह जाएगा. युवाओं को मतदान के दिन बड़ी संख्या में घर से निकल कर लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेकर अपनी पसंद की सरकार चुनने का काम करना चाहिए.

### अपनी पसंद की सरकार बनाने के लिए मतदान करना जरूरी : रोनित कु शर्मा



मतदान से ही लोकतंत्र मजबूत हो सकता है। अगर हम वोट का सही उपयोग करेंगे तो सही नेता चुन सकते हैं। मतदान से ही हम अपने इलाके के लिए अच्छा प्रतिनिधि चुनते हैं। हमें वोट देश के विकास, उन्नति, प्रगति के आधार पर देना चाहिए। युवा इसके माध्यम से समाज और देश के सर्वांगीण विकास में अपना योगदान कर सकता है। सभी युवाओं को लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए। सभी नए मतदाताओं को अपनी पसंद की सरकार चुनने के लिए मतदान अवश्य करना चाहिए.

### झारखंड में 'इंडिया' गठबंधन का सीन होने लगा है खराब

# 'इंडिया' सकते में : मंडरा रहा भाजपा विरोधी मतों के विभाजन का खतरा

**कौशल आनंद । रांची**

झारखंड में लोकसभा चुनाव की तैयारी में एनडीए प्रत्याशी जुट चुके हैं. लेकिन दूसरी ओर अब तक इंडिया गठबंधन के चार को छोड़ अन्य 10 सीटों के प्रत्याशियों का पता नहीं हैं. सीट शेयरिंग से लेकर प्रत्याशी चयन या गठबंधन के साझा ?उम्मीदवार की घोषणा का मामला, हर मामले में इंडिया गठबंधन पिछड़ता जा रहा है. गठबंधन का टेंशन यहीं खत्म होने नहीं जा रहा है. गठबंधन को गैर भाजपाई मतों के विभाजन का खतरा मंडरा रहा है. वामदल एवं राजद के बाद एआईएमआईएम ने भी 10 सीट पर प्रत्याशी उतारने की घोषणा कर इंडिया गठबंधन का टेंशन बढ़ा दिया है. एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि पार्टी झारखंड में 10 लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है. आने वाले तीन-चार दिनों के अंदर वे सीट और प्रत्याशी की घोषणा कर सकते हैं.

**वाम दल भी गैर भाजपाई वोटों के विखराव का बनेंगे कारण :** कहने तो राष्ट्रीय स्तर पर वामदल इंडिया गठबंधन का हिस्सा है. लेकिन झारखंड सहित कई राज्यों में वाम दल ने अलग राह पकड़ ली है. यानि गठबंधन से इत्तर अपने प्रत्याशी उतार रहे हैं. झारखंड में केवल कोडरमा सीट भाकपा-माले को मिला है. लेकिन वाम दल में शामिल अन्य पार्टियां भाकपा, माकपा , मासस अलग-अलग राह पकड़ चुके हैं. धनबाद सीट से पहले ही मासस ने अपना प्रत्याशी उतार दिया है, जबकि माकपा ने चार सीटों पलामू, लोहरदगा, चतरा और दुमका से अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है. वहीं माकपा ने राजमहल सीट से गोपी सोरेन को मैदान में उतारा है. माकपा कुल आठ सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कर रही है. पार्टी ने तय किया है कि अगर रांची से सुबोधकांत सहाय को टिकट नहीं मिला, तो रांची सीट से भी वह अपना प्रत्याशी उतारेगा.




### चतरा नहीं मिला, तो इतिहास दुहरा सकता है राजद

राजद ने झारखंड की दो सीटों पलामू और चतरा पर दावा ठोंक कर कांग्रेस पर दबाव बढ़ा दिया है. कांग्रेस पलामू या चतरा में एक ही सीट देने का मन बन चुकी है. राजद को यदि चतरा सीट नहीं मिली, तो पुराना इतिहास दुहरा सकता है. गत लोकसभा चुनाव में भी राजद को केवल पलामू सीट मिला था. लेकिन राजद के सुभाष यादव नामांकन के दो दिन पूर्व पटना सिंबॉल लेकर आये और चतरा से कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ पर्चा भर दिया. गत चुनाव में कांग्रेस ने मनोज यादव को चतरा से उतारा था. इस तरह गत लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और राजद में दोस्ताना संघर्ष हुआ. वोटों का बिखराव हुआ और भाजपा प्रत्याशी सुनील सिंह यहां से जीत गये. हालांकि इस बार भाजपा ने सुनील सिंह का पत्ता काट कर बाबूलाल मरांडी के चहते कालीचरण सिंह को प्रत्याशी बना दिया है. काली कभी बाबूलाल मरांडी के साथ झाविमो में थे, फिर भाजपा में शामिल हो गये.

### झापा भी टेंशन देगी, चमरा-लोबिन का थपथपा रही पीठ

झारखंड पार्टी (एनोस) गुट भी इंडिया गठबंधन को टेंशन देने की तैयारी में कमर कस कर बैठी है. झापा ने लोहरदगा से चमरा लिंडा और राजमहल से लोबिन हेंब्रम को बाहर से समर्थन देने का मन बनाया है. लोहरदगा सीट से कांग्रेस ने अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है, लेकिन चमरा लिंडा भी हर हाल में चुनाव में उतरने की तैयारी में हैं. झापा केवल उनके नामांकन के इंतजार बैठी में है. जैसे ही झामुमो राजमहल सीट से विजय हांसदा को पुन: प्रत्याशी बनाने की घोषणा करेगा, वैसे ही झापा लोबिन को बाहर से समर्थन देने की घोषणा कर सकता है. अगर दोनों सीट से चमरा लिंडा और लोबिन हेंब्रम मैदान में उतरे, तो इंडिया गठबंधन का खेल बिगड़ सकता है. इतना ही नहीं, झापा खूंटी और चाईबासा से मजबूत प्रत्याशी उतारने या किसी दूसरे मजबूत प्रत्याशी का समर्थन करने की तैयारी में है. एनई होरो की पार्टी अबुआ झापा ने पहले से ही जयपाल सिंह मुंडा के पुत्र जगत जयपाल को खूंटी से मैदान में उतार दिया है.

### जयराम भी कील ठोंकने को पूरी तरह से तैयार हैं

दूसरे टाईगर के रूप में चर्चित झारखंड भाषा खतियान संघर्ष समिति के प्रमुख जयराम महतो भी इंडिया गठबंधन का खेल बिगाड़ने की तैयारी में जुटे हैं. वे खुद गिरिडीह से चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी में हैं, जबकि अन्य पांच सीट हजारीबाग, धनबाद, सिंहभूम, चतरा, कोडरमा, रांची से भी प्रत्याशी उतारने की तैयारी में हैं. अब तक सिंहभूम से दामोदर हांसदा, चतरा से दीपक कुमार गुप्ता को मैदान में उतार दिया है, जबकि रांची से देवेंद्र नाथ महतो चुनावी समर में कूदने की तैयारी में कमर कस कर तैयार बैठे हैं.

### लालचंद महतो का तीसरा मोर्चा भी ठोंक रहा है ताल

झारखंड के आठ छोटे एवं क्षेत्रीय संगठनों व पार्टियों को मिलाकर पूर्व मंत्री लालचंद महतो ने तीसरा मोर्चा बनाया है. तीसरा मोर्चा में झारखंड की सभी 14 सीटों पर प्रत्याशी उतारने का दावा करते हुए ताल ठोंक रहा है. खुद मोर्चा के प्रमुख पूर्व मंत्री लालचंद महतो ने गिरिडीह से चुनाव लड़ने की बात कही है. वैसे अन्य 13 सीटों पर मोर्चा के अलग-अलग घटक दल से प्रत्याशी उतारने की तैयारी है.

### ओवैसी भी इंडिया गठबंधन की परेशानी बढ़ाने को तैयार



अपने दावे के अनुरूप अगर असदुद्दीन ओवैसी झारखंड में 10 सीट पर प्रत्याशी उतारते हैं, तो यह इंडिया गठबंधन के लिए बड़ा खतरा बन सकता है. क्योंकि एआईएमआईएम का इतिहास रहा है कि भले ही वह जीते या न जीते, मगर गैर भाजपाई मतों में भारी बिखराव कर गैर भाजपाई दलों की जीत में बड़ी बाधा डाल सकता है. पिछले बिहार विधानसभा चुनाव में आठ से 10 सीट पर सीधे नुकसान पहुंचाकर यूपीए को सत्ता तक पहुंचने से रोक दिया था. असदुद्दीन ओवैसी झारखंड इंडिया गठबंधन के विजय रथ के राह में रोड़े अटका सकते हैं. वैसे भी ओवैसी पर भाजपा की बी टीम होने का आरोप हमेशा लगता रहा है. आरोप लगता रहा कि भाजपा की मदद के लिए ही विपक्षी गठबंधन के खिलाफ प्रत्याशी खड़े कर गैर भाजपाई वोटों का बिखराव कर देते हैं.

## रवि को बेटे जैसा मानता था : प्रेमचंद अग्रवाल

### ज्योति की हत्या का रहस्य अब भी अनसुलझा



प्रेस वार्ता के दौरान प्रेमचंद व अन्य.

**रोहित कुमार । जमशेदपुर**

जमशेदपुर से सटे एनएच 33 पर बीते दिनों ज्योति अग्रवाल की हत्या कर दी गई थी. इस मामले में मंगलवार को ज्योति के पिता प्रेमचंद अग्रवाल ने अपने आवास में एक प्रेस वार्ता कर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के सहयोग करने पर धन्यवाद दिया. उन्होंने जमशेदपुर और सरायकेला-खरसावां पुलिस का भी धन्यवाद देते हुए कहा कि पुलिस ने तत्परता से इस केस को हल किया है. प्रेस वार्ता के दौरान प्रेमचंद ने कहा कि वे हत्या का राज खुलने तक रवि अग्रवाल को अपने बेटे जैसा मानते थे. उन्हें अब भी हत्या का सही कारण नहीं पता है. उन्होंने पूरी कहानी को फिर से दोहराते हुए कहा कि साल 2009 में बेटी की शादी रवि अग्रवाल से की थी. शादी के कुछ सालों बाद पति-पत्नी के बीच विवाद होता रहा था. हालांकि बीते दो-तीन सालों से विवाद बढ़ता चला गया. इस बीच रवि ने डॉ मनोज साहू से इलाज शुरु किया. रवि द्वारा ज्योति को दवाई दी जाती थी पर वह ज्योति को क्या दवाई दे रहा था इसकी जानकारी किसी को नहीं थी. ज्योति को दवाई देने के बाद जबरदस्ती शराब पिलाई जाती थी. इसके अलावा कफ सिरप की भी हेवी डोज दी जाती थी. प्रेमचंद ने कहा कि वे लोग चाहते थे कि रवि और ज्योति एक साथ रहे. इसलिए कभी भी तलाक के लिए दबाव नहीं दिया. हमेशा दोनों पक्ष के बीच समझौता हुआ पर अंत में साजिश के तहत रवि ने ज्योति की हत्या कर दी. ज्योति के दोनों बच्चों को वे अपने साथ रखना चाहते हैं. इसके लिए जो भी कानूनी प्रक्रिया है वह पूरी करेंगे. इधर, ज्योति के परिजनों ने कहा कि रवि के पिता ने एक नो ब्लेम लेटर पर साइन करने को कहा था. जिसपर लिखा है कि अगर ज्योति आत्महत्या करती है तो मायके पक्ष द्वारा ससुराल पक्ष के किसी पर भी केस नहीं किया जाएगा. उन्होंने उसपर साइन नहीं किया. इसके अलावा परिजनों ने कहा कि अब तक उन्हें यह नहीं पता चला है कि आखिर रवि ने हत्या क्यों की. पुलिस का कहना है कि रवि दोनों के बीच हो रहे झगड़े से तंग आ गया था. जिस कारण हत्या की गई. परिजनों ने शक जाहिर करते हुए बताया कि रवि के यहां तीन महिलाएं काम करती हैं. संभवतः रवि के साथ किसी का अवैध संबंध हो जिस कारण से उसने हत्या करवाई हो.

पेज एक का शेष...

### दारोगा मीरा व सीओ शशिभूषण से...

**बालू व आर्म्स तस्करी को लेकर ईडी के रडार पर मीरा :** तत्कालीन तुपुदाना ओपी प्रभारी मीरा सिंह और उनके करीबी लाल मोहित नाथ शाहदेव के यहां ईडी ने 21 मार्च को छापेमारी की थी. मीरा सिंह के मोबाइल और डायरी की जांच से खुलासा हुआ था कि रोजाना कई ट्रक बालू की तस्करी होती थी. खूंटी-रांची के सिंडिकेट से बालू के नाम पर उगाही के साथ-साथ आर्म्स की तस्करी को लेकर भी मीरा ईडी के रडार पर हैं. वहीं, मोहित के मोबाइल से मिले प्रारंभिक साक्ष्य से आर्म्स तस्करी में उसकी संलिप्तता का पता चला है. ईडी इस मामले में मोहित से शुरुआती पूछताछ भी कर चुकी है. हथियारों की डील किससे हुई, इससे जुड़े साक्ष्यों पर ईडी पड़ताल कर रही है.

### नहीं मिला मनी ट्रेल, मिली बेल

**... क्या संजय सिंह को और...**

पीठ ने राजू से कहा कि सिंह छह महीने जेल में बिता चुके हैं. उनके पास से कोई राशि नहीं मिली है और दो करोड़ रुपये रिश्वत लेने के आरोपों की जांच सुनवाई के दौरान हो सकती है. राजू ने कहा कि वह भोजनावकाश के बाद के सत्र में सिंह की गिरफ्तारी और रिमांड के खिलाफ उनकी दलीलों पर जवाब देंगे. संजय सिंह की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने बहस की.

**पर्यावरण संरक्षण** लातेहार के चूल्हापानी से महुदा, रानीगंज, मायापुर व कोलकाता होते हुए दामोदर के संगम तक जाएगी

# लातेहार से हल्दिया तक निकलेगी 790 किलोमीटर की साइकिल यात्रा




**शेखर शरदेंदु । बोकारो**

झारखंड में जलवायु परिवर्तन के कारण आम जन जीवन काफी प्रभावित हुआ है. इसका असर नदियों पर भी पड़ा है. वहीं पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रमुख नदी दामोदर को बचाने के लिए पर्यावरणप्रेमियों ने साइकिल रैली निकालने की योजना बनायी है. इसके लिए छह जून से 17 जून तक दामोदर नदी के उद्गम स्थल लातेहार जिले के चूल्हापानी से लेकर संगम स्थल पश्चिम बंगाल के हल्दिया तक 790 किमी साइकिल यात्रा निकाली जाएगी. झारखंड के चर्चित पर्यावरणप्रेमी दीपक कुमार समेत अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में यह रैली निकाली जाएगी. यह जानकारी दीपक कुमार ने दी. बताया कि दामोदर को बचाने के लिए यह रैली अप्रैल में ही निकालने की योजना थी, लेकिन लोकसभा चुनाव को लेकर इसकी तिथि में परिवर्तन किया गया. उन्होंने बताया कि रैली की शुरुआत से पूर्व पांच जून को प्रदेश के बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, दुमका और रामगढ़ समेत अन्य कई जिले में मानव श्रृंखला का निर्माण कर एक लाख पौधरोपण करने का भी लक्ष्य रखा गया है. मालूम हो कि 2023 में सितंबर में महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित जी 20 शिखर सम्मेलन में राष्ट्रीय वक्ता के रूप में दीपक कुमार ने झारखंड के पर्यावरण संकट पर अपना संदेश दुनिया के सभी देशों के प्रतिनिधियों के समक्ष रखा था.

**दामोदर नदी**

- 790 किलोमीटर लंबी होगी यह साइकिल यात्रा
- एक लाख पौधरोपण करने का भी रखा है लक्ष्य

इस दौरान पूरे विश्व के लगभग 110 देशों ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य, जलवायु परिवर्तन और दामोदर समेत देश की अन्य नदियों को बचाने के मुद्दे पर समर्थन की भी घोषणा की थी. दीपक ने बताया कि पर्यावरण एवं दामोदर को बचाने के लिए साइकिल यात्रा की शुरुआत छह जून को लातेहार जिले के चूल्हापानी नामक दामोदर के उद्गम स्थल से होगी.यह क्रमशः उरिमारू, पतरातू, भुरकुंडा, रामगढ़, रजरप्पा, ललपनिया, जारंगडीह, हथियापत्थर, भंडारीदह, चन्द्रपुरा, दुग्धा, महुदा, भाटडीह, भटिंडा, भौरा, सिंदरी, कुमारडुबी के बाद बंगाल के डिसरगढ़, बर्नपुर, रानीगंज, दुर्गापुर, बर्दमान, शक्तिगढ़, गोपालपुर, कृष्णागढ़, मायापुर, कोलकाता, गोड़िया होते हुए दामोदर के संगम स्थल हल्दिया में जाकर समाप्त होगी. दीपक ने कहा कि इसके लिए टीम तैयार हो चुकी है. यात्रा में देश के कई पर्यावरण प्रेमी, फिल्मकार से लेकर सामाजिक कार्यकर्ता भी जुड़ेंगे.

# सियासत में अतीत

नए निजाम का नया प्रचलन है कि अतीत को बेपर्द कर दिया जाए, भले ही उसका असर विदेश नीति पर ही क्यों न पड़े. आमतौर पर चुनावों में विदेश नीति से जुड़े सवालों पर चर्चा करने से परहेज किया जाता है, लेकिन इस समय भारत के चुनावों में विदेश नीति से जुड़े गंभीर सवाल भाजपा और कांग्रेस के बीच तीखे विवाद का कारण बने हुए हैं. इस विषय पर बहस की शुरुआत प्रधानमंत्री मोदी ने की है और कांग्रेस ने उसका जवाब दिया है. प्रधान मंत्री पचास साल पहले श्रीलंका के साथ एक द्वीप को अदान-प्रदान का सवाल उठा रहे हैं तो कांग्रेस ने भी बांग्लादेश के साथ तीन बीघा के अदान-प्रदान के साथ चीन विवाद का सवाल उठाया है. आम तौर पर यह माना जाता है कि चुनावी होड़ के बीच विदेश संबंध से जुड़े मुद्दों को हवा देना उचित नहीं है. इस सिलसिले में जो कहा जाता है, उसका संदेश विदेश तक जाता है. इससे देश की नीति को लेकर अनिश्चय एवं संदेह पैदा होता है. घरेलू राजनीति में फायदा उठाने के लिए विदेश संबंध से जुड़े मसले को मुद्दा बनाना राष्ट्र हित के लिहाज से हानिकारक है. खासकर इस क्रम में अगर गड़े मुर्दे उखाड़े जाएं, तो उससे बहुत खराब संदेश जाता है. विदेश और रक्षा नीतियों पर राष्ट्रीय आम सहमति अपेक्षित होती है. इस बीच खुद प्रधानमंत्री ऐसी बातें कह डालते हैं, जिससे कई हलकों में खलबली मचती है.

> चुनावी होड़ के बीच ऐसे मुद्दों को हवा देना किसी लिहाज से उचित नहीं है. इस सिलसिले में जो कहा जाता है, उसका संदेश विदेश तक जाता है. इससे देश की नीति को लेकर अनिश्चय एवं संदेह पैदा होता है.

मिजोरम विधानसभा चुनाव के दौरान नरेंद्र मोदी ने यह अप्रत्याशित बयान दे दिया कि इंदिरा गांधी की सरकार ने मिजोरम के आम नागरिकों पर हवाई बमबारी की थी. यह कहते समय संभवतः उन्हें इसका ख्याल नहीं रहा कि आज उस भारतीय राज्य के सर्वोच्च प्रतिनिधि वे ही हैं, जिसकी तरफ से वह कथित कार्रवाई की गई थी. अब मोदी ने कच्चातिवू द्वीप का मसला उठा दिया है. 1974 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी सरकार ने श्रीलंका से हुए करार के तहत यह द्वीप उसे दिया था. अब चूंकि मोदी ने यह मसला उठाया तो जवाबी हमले के तौर पर कांग्रेस ने बांग्लादेश के साथ बस्तियों की अदला-बदली का मुद्दा उठा दिया है. इस करार के तहत मोदी सरकार ने 111 बस्तियां बांग्लादेश को दी थीं. साथ ही कांग्रेस ने पूर्वी लद्दाख में 2020 में हुए चीन के अतिक्रमण के लेकर भी मोदी सरकार पर निशाना साधा है. जहां तक इलाकों की अदला-बदली का सवाल है, तो यह कोई नई बात नहीं है. व्यापक राष्ट्र हित में कई बार सरकारें इस तरह के निर्णय लेती हैं. चुनावी होड़ के बीच ऐसे मुद्दों को हवा देना किसी लिहाज से उचित नहीं है. इस सिलसिले में जो कहा जाता है, उसका संदेश विदेश तक जाता है. इससे देश की नीति को लेकर अनिश्चय एवं संदेह पैदा होता है. जबकि प्रयास यह संदेश देने का होना चाहिए कि सरकारें भले आती-जाती रहें, मगर देश की नीतिगत स्थिरता कायम रहती है.

## सुभाषित

**परोपकाराय फलन्ति वृक्षाः, परोपकाराय वहन्ति नद्यः।**
**परोपकाराय दुहन्ति गावः, परोपकाराय मिदं शरीरम् ।।**

वृक्ष परोपकार के लिए ही फलते हैं. नदी परोपकार के लिए ही बहती है. गाय परोपकार के लिए दूध देती है. इस शरीर की सार्थकता परोपकार में ही है. इसलिए परोपकार की महिमा अपार है.

# चार सौ पार-नारा, संभावना या टारगेट

**चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने अभी हाल ही के अपने एक टेलीविजन चैनल को दिए साक्षात्कार में इसका बड़े ही तार्किक ढंग से विश्लेषण किया है. उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि ये नारे जो हैं, ये न केवल कार्यकर्ताओं को उत्साहित करते हैं, बल्कि उनको एक टारगेट भी देती है, जिसको लेकर वह जनता तक पहुंचे, लेकिन इस प्रश्न के जवाब में कि क्या भाजपा अकेले अपने दम पर 370 सीटें पाएगी.**




• देश-काल



डॉ. प्रमोद पाठक

इसमें तनिक भी संदेह नहीं कि भाजपा का आत्मविश्वास सातवें आसमान पर है. जैसे-जैसे आगामी लोकसभा चुनाव करीब आते जा रहे हैं, भाजपा की प्रचार मशीनरी और भी जोर-शोर से अपने आत्मविश्वास का प्रदर्शन करती जा रही है. आश्चर्य इस बात का नहीं है कि भाजपा का शोर तेज होता जा रहा है, बल्कि आश्चर्य इस बात पर है कि उसी अनुपात में विपक्षी गठबंधन का हौसला कमजोर पड़ता दिखाई दे रहा है. यही विपक्ष के लिए नुकसानदेह हो सकता है. दरअसल विपक्षी दल भाजपा की प्रचार मशीनरी की रणनीति को ढंग से समझ नहीं पाते. यह तो भाजपा की प्रचार मशीनरी का पुराना स्टाइल है. अत्याधिक आत्मविश्वास का प्रदर्शन ताकि विपक्ष का मनोबल कमजोर पड़े. बहुत जरूरी नहीं है कि इसका असर चुनाव परिणाम पर पड़े, लेकिन एक संकेत मतदाता के एक छोटे वर्ग में जा सकता है. हालांकि अधिकांश मतदाता भी इन खेलों को समझता है. 2004 के चुनाव प्रचार के दरमियान जब भाजपा दूसरे कार्यकाल की तलाश में थी, तब दो इसी तरह के नारे काफी जोर से प्रसारित किए गए थे. एक तो शाइनिंग इंडिया का नारा था और दूसरा नारा था राजतिलक की करो तैयारी, आ रहे हैं अटल बिहारी. यानी पूरी तरह से जनता के बीच स्थापित करने की कोशिश की गई थी कि चुनाव परिणाम ऐसे ही होंगे. उस बार तो चुनाव परिणाम ऐसे नहीं हुए, जबकि नारा और प्रचार तंत्र में कहीं से कमी नहीं आई थी. इसलिए विपक्ष को अपनी रणनीति पर काम करना चाहिए न कि भाजपा के नारों और प्रचार प्रसार की आक्रामकता से हतोत्साहित होना चाहिए. आज विपक्ष को सबसे ज्यादा आवश्यकता है अपनी ठोस रणनीति, अपनी एकजुटता और प्रचार प्रसार पर ध्यान केंद्रित करने की. आश्चर्य की बात है कि ऐसा वे नहीं कर पा रहे हैं और भाजपा की रणनीति में उलझ जा रहे हैं. यही कारण है की सीटों के समझौते और उम्मीदवारों के चयन में अभी भी काफी उलझनें दिख रही हैं. जरूरत है भाजपा की रणनीति को समझना और खुद का आत्मविश्वास और हौसला बनाए रखना. इस बार के चुनाव में भाजपा ने दो बड़े नारे दिए हैं. अबकी बार चार सौ पार और 370 सीट का. यानी राजग गठबंधन को 400 से ज्यादा सीटें और अकेले भाजपा को 370 सीट. ये दो नारे विपक्ष को विचलित कर दे रहे हैं. जरूरत है इन नारों के हकीकत को समझने की. चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने अभी हाल ही के अपने एक टेलीविजन चैनल को दिए साक्षात्कार में इसका बड़े ही तार्किक ढंग से विश्लेषण किया है. उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि ये नारे जो हैं, ये न केवल कार्यकर्ताओं को उत्साहित करते हैं, बल्कि उनको एक टारगेट भी देती है, जिसको लेकर वह जनता तक पहुंचे, लेकिन इस प्रश्न के जवाब में कि क्या भाजपा अकेले अपने दम पर 370 सीटें पाएगी. उन्होंने साफ-साफ कहा कि इसकी संभावना नगण्य है, किंतु विपक्षी दल इस खेल को समझ नहीं पा रहे हैं और अपनी रणनीति को ढंग से नहीं बना पा रहे. इसमें शक नहीं कि भाजपा मजबूत स्थिति में है और इसके पीछे उसकी सबसे बड़ी ताकत उसका अविवादित नेतृत्व और मजबूत प्रचार तंत्र है, लेकिन पूर्व में भी ऐसे कई चुनाव हुए हैं, जिसमें इस तरह की स्थिति थी. सन 1977 के चुनाव में भी बहुत हद तक ऐसी ही परिस्थितियां थीं. कांग्रेस के समक्ष कोई चुनौती नहीं थी. 1989 के चुनाव में भी ऐसे ही हालात थे, लेकिन दोनों बार परिणाम अप्रत्याशित रहे. 1989 में तो 400 पार पर टिकी कांग्रेस को अचानक 200 के नीचे आना पड़ा. कोई जरूरी नहीं कि विपक्षी एकता और एक अविवादित नेतृत्व हो. दोनों ही चुनाव में विपक्ष के पास प्रधानमंत्री का कोई चेहरा स्पष्ट नहीं था. तो कई बार जनता के पास अपनी एक अलग सोच होती है, जो तथाकथित चुनावी व्याकरण को झूठा साबित कर देती है. इसलिए भाजपा के इस प्रचार तंत्र की आक्रामकता से विचलित होने की बजाय विपक्ष को अपनी रणनीति पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है. इतना तो तय है कि भाजपा इस रेस में आगे निकल चुकी है, लेकिन राजनीति में संभावनाएं हमेशा ही बनी रहती हैं. कहते हैं, राजनीति में एक हफ्ते का अरसा भी लंबा होता है, यहां तो अभी कई हफ्ते बाकी हैं. लेकिन विपक्ष को अपनी आक्रामकता बढ़ानी होगी और एक नया नैरेटिव यानी कथानक तैयार करना होगा. इस बार के लोकसभा चुनाव की तस्वीर वैसी नहीं है, जैसी कि दिख रही है और तमाम मीडिया और लोकलुभावन नारों के बावजूद असली कुंजी अभी भी जनता के पास ही है. महत्वपूर्ण यह है कि विपक्ष जनता तक किस तरह पहुंचती है .भाजपा ने तो शुरुआती पहल में अपनी बढ़त बनाई है, लेकिन विपक्ष के पास अभी भी अवसर है. जरूरत है विपक्ष के सभी नेताओं को यह तय करने की कि वह जनता को अपनी क्या तस्वीर प्रस्तुत करने जा रहे हैं. उम्मीदवारों के चयन और टिकटों के बंटवारे पर भ्रम की स्थिति ऐसा नहीं है कि केवल विपक्ष में है. भाजपा में भी असंतोष है. कुल मिलाकर अभी भी बहुत कुछ करने का अवसर है और संभावनाएं बरकरार हैं.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## सही निशाना

चित्रकला सीखने के उद्देश्य से एक युवक, कलाचार्य गुरु के पास पहुंचा. युवक की कला सीखने की तीव्र इच्छा देखकर, गुरु ने उसे शिष्य रूप में अपना लिया. अपने अविरत श्रम से देखते ही देखते यह शिष्य चित्रकला में पारंगत हो गया. अब वह शिष्य सोचने लगा, मैं कला में पारंगत हो गया हूं, गुरु को अब मुझे दीक्षान्त आज्ञा दे देनी चाहिए. पर गुरु उसे जाने की आज्ञा नहीं दे रहे थे. शिष्य तनाव में रहने लगा. एक दिन बिना गुरु को बताए उसने गुरुकुल छोड़ दिया और निकट ही एक नगर में जाकर रहने लगा. वहां लोगों के चित्र बनाकर आजीविका का निर्वाह करने लगा. देखते देखते वह समृद्ध हो गया. उसकी कीर्ति राजा तक पहुंची. राजा ने उसे दरबार में आमंत्रित किया और उसकी कलाकृतियों की भूरि भूरि प्रशंसा की. साथ ही अपना चित्र बनाने का निवेदन किया. राजा का आदेश शिरोधार्य करते हुए 15 दिन का समय लेकर, वह युवा कलाकार घर लौटा और रेखाचित्र बनाने में मशगूल हो गया, पर अनायास ही वह संताप से घिर गया. वस्तुतः राजा एक आंख से अंधा अर्थात् काना था. उसने सोचा, यदि मैं राजा का हूबहू चित्र बनाता हूं और उसे काना दर्शाता हूं तो राजा को यह अपना अपमान लगेगा और वह मुझे मृत्युदंड ही दे देगा. और यदि दोनों आंखें दर्शाता हूं तब भी गलत चित्र बनाने के दंडस्वरूप वह मुझे मौत की सजा ही दे देगा. यदि वह चित्र न बनाए तब तो राजा अपनी अवज्ञा से कुपित होकर सर कलम ही कर देगा. किसी भी स्थिति में मौत निश्चित थी. बचने का कोई मार्ग नजर नहीं आ रहा था. अन्ततः उसे गुरु की याद आई. वह शीघ्रता से आश्रम पहुंचा और अपने चले जाने के लिए क्षमा मांगते हुए अपनी दुष्कर समस्या बताई. गुरु ने उसे मार्ग सुझाया कि वत्स तुम राजा का घुड़सवार योद्धा के रूप में चित्रण करो, उन्हें धनुर्धर दर्शाओ. राजा को धनुष पर तीर चढ़ाकर निशाना साधते हुए दिखाओ, एक आँख से निशाना साधते हुए. ध्यान रहे राजा की जो आंख नहीं है उसी आंख को बंद दिखाना है. कलाकार संतुष्ट हुआ. शिष्य गुरु के कथनानुसार ही चित्र बना कर राजा के सम्मुख पहुंचा. राजा अपना वीर धनुर्धर स्वरूप का अद्भुत चित्र देखकर बहुत ही प्रसन्न और तुष्ट हुआ. राजा ने कलाकार को एक लाख स्वर्ण मुद्राएं इनाम दीं. कलाकार ने तत्क्षण प्राण बचाने के कृतज्ञ भाव से वे स्वर्ण मुद्राएं गुरु चरणों में रख दी. गुरु नें यह कहते हुए कि यह तुम्हारे कौशल का प्रतिफल है, इस पर तुम्हारा ही अधिकार है. आशीर्वाद देते हुए विदा किया.

# समानतामूलक विकास तंत्र देश के लिए जरूरी

• विमर्श

सुरेश सेठ

भारत ने आर्थिक क्षेत्र में अभूतपूर्व तरक्की की है. दस वर्ष पहले भारत विश्व की दसवीं आर्थिक शक्ति था, आज पांचवीं हो गया. यह भी कहा जा रहा है कि दुनिया की चौथी औद्योगिक क्रांति का मूलाधार भारत होगा. इस विकास के साथ-साथ देश महामंदी से बच निकला है. उसकी आर्थिक विकास दर महाबली देशों के मुकाबले कहीं अधिक हो गई और हमारे विस्तृत बाजार की शक्ति देश में मांग की शक्ति बनकर न केवल घरेलू निवेश, बल्कि विदेशी निवेश को भी अपनी ओर आकर्षित करने लगी. भारत दुनिया में चीन प्लस का विकल्प बनकर उभर रहा है. आज जहां देश में औद्योगीकरण और आधुनिकीकरण के बदलते तेवर नजर आ रहे हैं, वहां अंतरिक्ष क्षेत्र में भी उसकी और इसरो की उपलब्धियां इतनी स्पर्धायोग्य हैं कि वे केवल छोटे देशों ही नहीं, अमेरिका और रूस जैसे बड़े देशों के लिए भी एक और प्रकाशस्तम्भ बनकर उभर रहा है. विश्व आर्थिक मंच और सेंटर फॉर फोर्थ इंडस्ट्रियल रिवॉल्यूशन (सी4आईआर) में भारत के समावेशी विकास का संज्ञान लेते हुए उसके बदलते चेहरे की पहचान करने के लिए कहा है. मंच का कहना है कि इसका आधार बना है पिछले दो वर्ष से भारत की बजट नीति में परिवर्तन और प्रत्यक्ष सार्वजनिक निवेश का बढ़ना. भारत की बड़ी उपलब्धि है कि हमने अंतरिक्ष क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति की है और उसे एक व्यावसायिक तेवर दे दिया है. भारत के सार्वजनिक ही नहीं, बल्कि निजी क्षेत्र में भी कमाई के नये क्षितिज खुलते हुए जा रहे हैं. छोटे देशों का उपग्रह प्रक्षेपण सस्ती दरों पर कभी भी नहीं हो पाता, अगर भारत इस दिशा में कदम न बढ़ाता. अभी जो इसरो के नये प्रयोग हुए हैं, उसमें यात्रियों को अंतरिक्ष तक ले जाना, पर्यटन करवाना और सुरक्षा के साथ वापस ले आना भी शामिल है. अब अगला लक्ष्य पर्यटकों को चांद तक ले जाना और उन्हें वापस लाना है. दूसरी बात, ये प्रयोग किफायती दर पर हो रहे हैं. ठीक समय पर अपने अंतरिक्ष और सौर ग्रह अभियानों में निजी क्षेत्र के लिए द्वार खोल देना भी भारत की दूरदर्शी नीति का परिचायक है. दरअसल, इस समय भारत की सबसे बड़ी समस्या अंतरराष्ट्रीय विनिमय क्षेत्र में अपनी मुद्रा के मूल्य को बढ़ाना और विदेशी मुद्रा की कमाई है. इस दिशा में हमने अपने प्रयास में धरती का विकास ही नहीं, अंतरिक्ष का व्यावसायीकरण भी शामिल कर लिया.

> भारत की बड़ी उपलब्धि है कि हमने अंतरिक्ष क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति की है और उसे एक व्यावसायिक तेवर दे दिया है. भारत के सार्वजनिक ही नहीं, बल्कि निजी क्षेत्र में भी कमाई के नये क्षितिज खुलते हुए जा रहे हैं. छोटे देशों का उपग्रह प्रक्षेपण सस्ती दरों पर कभी भी नहीं हो पाता, अगर भारत इस दिशा में कदम न बढ़ाता.

इसके लिए नये अंतरिम बजट के बाद नई सरकार के जुलाई मास में आने वाले नये बजट में भी एक साझा बुनियादी ढांचा बनाने का संकल्प लिया गया है. देश में डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा बनाया जा रहा है. इससे धरती और आकाश में उद्यमिता के मामले में तेजी आएगी. नई आर्थिक नीति को निर्धारित करने के लिए जो रोडमैप बनाया जा रहा है, वह समावेशी आर्थिक उन्नति का रोडमैप है. इसमें देश को आयात आधारित अर्थव्यवस्था से बदलकर निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था बनाने का प्रयास किया जा रहा है. यहां यह बता दिया जाए कि ये प्रयास तब तक सफल नहीं हो सकते, जब तक हम पक्के कदमों से आगे नहीं बढ़ते. अगर आलम यह हो कि ऊर्जा के लिए कच्चे तेल का 85 प्रतिशत आयात करना पड़े और देश को अगर कृत्रिम मेधा, चिप, सेमीकंडक्टर युग और रोबोटिक्स में आगे बढ़ाना है तो उसके लिए विद्युत के भारी उत्पादन की आवश्यकता मुखर हो तो ऐसे माहौल में केवल अभूतपूर्व प्रगति के संकल्पों के ज्ञान से ही काम नहीं चलेगा. ऊर्जा का वैकल्पिक उत्पादन देशभर में सोलर ऊर्जा के साथ-साथ परम्परागत पेट्रोलियम ऊर्जा के नये कुओं की तलाश में भी आगे बढ़ना होगा. आयल एंड नैचुरल गैस कमीशन की इस दिशा में लगातार चुप्पी परेशान करती है. इसके साथ ही जहां तक देश के कृषि क्षेत्र का संबंध है, तो उसमें भी लघु और कुटीर उद्योगों का विकास ग्रामीण और कस्बाई अंचलों में करना पड़ेगा. आज भी भारत की 50 प्रतिशत आबादी वहां रहती है. सवाल यह भी कि देश की कुल राष्ट्रीय आय में कृषि क्षेत्र का योगदान घटते हुए 17 प्रतिशत क्यों हो गया है? इस योगदान को तभी बढ़ाया जा सकता है, जब लघु और कुटीर उद्योगों में बढ़ता निवेश नौजवानों को न केवल उपयोगी रोजगार दे, बल्कि फसलों से तैयार उत्पादों को नया रूप देकर बाजार में सीधा लाये.

# वाग्चुंक के क्लाइमेट अनशन के गहरे निहितार्थ

• सामयिकी

एन.चक्रवर्ती

दिपैशन ऑफ जीसस क्राइस्ट सप्ताह बीते कल तक मनाया गया है– उत्पत्ति के इतिहास में देखें तो पैशन शब्द का मूल लैटिन के पैशियो में है, जिसका अर्थ है कष्ट सहना. कष्ट और मौत को प्रार्थना सहित कबूलना, जिससे पुनर्जीवन और अमरत्व बनता हो, तमाम सभ्यताओं में इसका जिक्र है और बतौर आध्यात्मिक शुद्धीकरण इन कृत्यों की पुनर्स्थापना करने की रिवायत रही है. राजनीति में, इसको शहीदी पाने के रूप में दोहराया जाता है, विरोध जताने का परम तरीका. महात्मा गांधी का सत्याग्रह, कइयों के लिए, इस तपस्या का सफलतापूर्ण पुनः-प्रदर्शन था, जिसमें सबसे अधिक कष्ट खुद उन सत्याग्रहियों ने सहा, जो गुलामी की जंजीरों को तोड़कर आजादी की नई सुबह में चलने को तत्पर थे.पहले इस सप्ताह, लद्दाख के जाने-माने इनोवेटर, शिक्षाविद और पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांग्चुक ने नाजुक हिमालय को बचाने के लिए रखे गए 21 दिन के अपने अनशन को पूरा किया. विभिन्न सामाजिक-राजनीतिक एवं रीतिगत स्तरों पर इस उपवास का प्रतीकात्मक महत्व बहुत अधिक है. गांधीजी का भी सबसे लंबा अनशन 21 दिन चला था और वांग्चुक केंद्रीय सरकार और इसकी नौकरशाही को झकझोरने के लिए आत्म-शक्ति के जरिये प्रतिरोध के तरीके से इस मानक को पाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर धरने पर बैठे थे. उनकी मांगों को गहराई से पढ़ने की जरूरत है, खासकर संसद में 'प्रकृति नुमाइंदे' होने वाली. सुनने में यह भले अटपटी लगे, लेकिन 'प्रकृति नुमाइंदे' का अर्थ बहुत गहरा है. 60000 वर्ग किमी वाले लद्दाख इलाके के लिए महज एक सांसद है, जाहिर है उसकी आवाज़ कोई मायने नहीं रखती. पांच अगस्त, 2019 को जम्मू और कश्मीर संभाग से अलग किए जाने के बाद से लद्दाख का शासन नौकरशाह चला रहे हैं. भाजपा ने अपने 2019 के चुनावी घोषणापत्र में वादा किया था कि इस केंद्र शासित क्षेत्र को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल किया जाएगा, लेकिन यह वादा खोखला निकला.भारतीय राष्ट्र की मुकुट धरा में लोकतांत्रिक शून्यता कायम है, यह स्थिति अफसोसनाक और खतरनाक, दोनों है. माइनेस 12 डिग्री सेंटीग्रेड में खुले आसमान के तले, 300 अन्य सत्याग्रहियों के साथ उपवास और रहना-सोना करके वांग्चुक ने अपने ऊपर बहुत कष्ट झेला है, ताकि बाकी की दुनिया देख सके कि लद्दाख में सरकार ने विकास का जो रास्ता अख्तियार किया है, उनमें स्थानीय लोगों की भागीदारी नदारद है. यह स्थान वैश्विक चर्चा का बिंदु भी है. दुनिया में आण्विक हथियारों से लैस दो सबसे बड़ी

> माइनेस 12 डिग्री सेंटीग्रेड में खुले आसमान के तले, 300 अन्य सत्याग्रहियों के साथ उपवास और रहना-सोना करके वांग्चुक ने अपने ऊपर बहुत कष्ट झेला है, ताकि बाकी की दुनिया देख सके कि लद्दाख में सरकार ने विकास का जो रास्ता अख्तियार किया है, उनमें स्थानीय लोगों की भागीदारी नदारद है. यह स्थान वैश्विक चर्चा का बिंदु भी है.

सेनाओं के जवान आज इस सीमा पर आंखों में आंखें डाले आमने-सामने की स्थिति में हैं. तिस पर यह बेहद शीतलतम स्थान नाजुक बने पर्यावरण और ग्लेशियरों की स्थिति से मौसमीय पारिस्थितिकी बिंदु पर है, जिसे हर हाल में आने वाले समय में बचाकर रखना होगा. लद्दाख में राजनीतिक प्रतिनिधित्व के लिए लड़ाई सत्ता में हिस्सेदारी के लालच में न होकर इस शीत मरुस्थल को बचाने और चीनी मंसूबों के विरुद्ध सुरक्षा की पहली पंक्ति बने रहने वाले लद्दाखियों के मन में घर कर गए भय का निदान करने के वास्ते हैं. इसलिए वांग्चुक का सत्याग्रह एक राष्ट्रीय मुद्दा है. उनकी मांगों में, लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने और संविधान की छठी अनुसूची के अंतर्गत केंद्रशासित प्रदेश का सुरक्षा आवरण पाना शामिल है. अनुसूची के अंतर्गत आने पर जाहिर है राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में लिए फैसलों पर तेजी से क्रियान्वयन की राह में जिला और क्षेत्रीय परिषदें बाधाएं बन सकती हैं, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि लद्दाख औद्योगिक भूमि आवंटन नीति 2023 में स्थानीय लोगों को पूरी तरह नज़रअंदाज किया जाए, जिसको बनाते वक्त महत्वपूर्ण कमेटियों में स्थानीय लोगों का अर्थपूर्ण प्रतिनिधत्व न रखकर, भूमि आवंटन करने में एकल खिड़की प्रावधान बना डाला है. कहने को तो जिला, विभाग और राज्य स्तर पर तीन एकल खिड़की अनुमति कमेटियां बनाई गई हैं, लेकिन यह व्यवस्था न तो स्थानीय लोगों के मन में विश्वास जगाती है और न ही उनकी चिंताओं का निवारण करती है. जाहिर है वांग्चुक की मुम्बई, दिल्ली के लोगों से सरल जीवन जीने और प्रकृति का अत्यधिक दोहन न करने वाली अपील उन्हें रूमानी लगेगी. भारत की क्षेत्रीय संप्रभुता और चीन के साथ अपनी सीमाओं की सुरक्षा से निःसंदेह कोई समझौता नहीं हो सकता, लेकिन स्थानीय जनता की संवेदनाओं की कद्र करने की लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर भी यही बात लागू है. यह ठीक है कि भारत लद्दाखियों के साथ वह नहीं करेगा जो चीन ने तिब्बतियों के साथ किया है.

## मीडिया में अन्यत्र

# दुर्भावनापूर्ण और संदेह का साया

**अब** यह भलीभांति ज्ञात है कि भारतीय राजनीति एक ऐसे चरण से गुजर रही है, जिसे 'भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दबदबे वाला पॉलिटिकल पार्टी सिस्टम' कहा जाता है. सत्तारूढ़ दल भाजपा, दूसरों के उलट, लगभग सभी राज्यों में प्रभावशाली ढंग से प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम है. दूसरी बड़ी राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस की राष्ट्रव्यापी मौजूदगी है, लेकिन कई राज्यों में गंभीर कमजोरियों ने उसे लाचार बना रखा है. वह राज्यवार गठबंधनों के जरिए इस लाचारी पर विजय पाने की कोशिश करती है. यह गठबंधन क्षेत्रीय दलों को फायदा पहुंचाते हैं, जिनके लिए भी अपने बूते भाजपा से पार पाना लगातार मुश्किल होता जा रहा है. बहरहाल इंडिया ब्लॉक (कांग्रेस, क्षेत्रीय दल और वाम) चुनिंदा आधार पर राज्यवार गठबंधन है, जो भाजपा के खिलाफ एकता की जरूरत से संचालित है. ऐसा खास तौर पर पश्चिमी भारत के कुछ राज्यों (उदाहरण के लिए महाराष्ट्र) और हिंदी हृदयस्थली (उत्तर प्रदेश, बिहार) में है, जहां की राजनीति में कांग्रेस के साथ-साथ क्षेत्रीय दल लंबे समय से शामिल हैं और जहां 2019 के लोकसभा चुनाव में सीट जीतने के लिहाज से भाजपा की सफलता दर तकरीबन 90 फीसदी थी. बिहार में, इंडिया ब्लॉक को जुझारू प्रदर्शन की ख्वाहिश रखनी चाहिए-राजद विधानसभा में सीट और मतों की हिस्सेदारी (वोट शेयर) के लिहाज से अकेली सबसे बड़ी पार्टी है और राजद, कांग्रेस व वाम का महागठबंधन 2020 के विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा-जनता दल (यूनाइटेड) गठबंधन को उलटने के बहुत करीब आ गया था. हालांकि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की गठबंधन बदलने की कभी न खत्म होने वाली तलाश का मतलब है कि महागठबंधन जदयू को गैर-यादव अन्य और अति पिछड़े वर्गों के बीच हासिल जनाधार का वैसा लाभ नहीं ले पायेगा, लेकिन राजद ने पूरी दृढ़ता से टिके रहने की क्षमता दिखायी है और कांग्रेस व वाम ने एकसुर में वैचारिक रूप से भाजपा-विरोधी आवाज मजबूत की है. कांग्रेस जाति जनगणना की जरूरत पर जोर देकर मंडलवादी पार्टियों के नजदीक आयी है, जबकि गरीबों के बीच अपने आधार के चलते वाम एक छोटी लेकिन कारगर राजनीतिक शक्ति है. तमिलनाडु जैसे राज्यों में दूसरे गठबंधनों की तरह, बिहार में वैचारिक एकरूपता और सामाजिक आधारों के सामंजस्य ने इंडिया ब्लॉक के लिए गोंद का काम किया है, लेकिन घटक दलों की प्रकृति और उनके हालिया इतिहास ने सीट बंटवारे में परेशानी खड़ी की है. (द हिंदू)




## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### अंध/अंध्र

**गोस्वामी** तुलसीदास ने रामचरित मानस में कहा है-गुर सिप अंध बधिर कइ लेखा, एक न सुनै एन नहिं देखा. तुलसीबाबा यहां एक ऐसे गुरु और चेले की बात कर रहे हैं, जिनमें गुरु अंधा है चेला बहरा. एक देख नहीं सकता, दूसरा सुन नहीं सकता. इसी भाव की एक कहावत प्रचलित है- अंधा गुरु बहरा चेला, मांगे गुड़ तो दे दे ढेला. इस कहावत को गाहे-ब-गाहे पढ़ लिखे से लेकर अनपढ़ लोग तक बोलते रहते हैं. इसके मूल में भी अंध शब्द ही है. अंध शब्द मुख्यतः तत्सम विशेषण है. इसका अर्थ है नेत्रहीन, बिना आंख का, अंधा, अज्ञानी, अजानकार, अनजान, मूर्ख, बुद्धिहीन, अविवेकी, असावधान, अचेत, गाफिल, उन्मत्त, मतवाला, मस्त, प्रखर, तीव्र. मस्त के अर्थ में ही कविवर बिहारी ने अपने दोहे में अंध शब्द का प्रयोग किया है- ठौर ठौर झौरत, झंपत, भौर भौर मधु अंध. मतलब भौंरा फूलों की गंध से मस्त हो गया है और इधर-उधर कभी इस फूल पर तो कभी उस फूल पर भटकता है. हिंदी शब्द सागर में संज्ञा पुल्लिंग के रूप में अंध शब्द का अर्थ बताया गया है, वह व्यक्ति जिसे आंखें न हों, जल, पानी, उल्लू, चमगादड़, अंधकार, अंधेरा, ज्योतिष के अनुसार एक योग. अंधविश्वास शब्द से आप अच्छी तरह परिचित हैं, जिसका मतलब होता है किसी विश्वास में अंधा हो जाना. इससे बना एक शब्द है अंधक. इसका मतलब है दृष्टिरहित व्यक्ति. पुराणों के अनुसार कश्यप ऋषि और दिति का एक पुत्र था, जो मद के मारे अंधों की भांति चला करता था. इसलिए उसका नाम ही अंधक पड़ा. उसके एक हजार सिर थे. स्वर्ग जाकर पारिजात को लूटने के क्रम में भगवान शिव ने उसका वध कर दिया था. अंधक दैत्य के वध के बाद ही भगवान शिव का नाम अंधकारि पड़ा. इससे मिलता जुलता शब्द है अंध्र. यह कम प्रचलित शब्द है. इसका मतलब है बहेलिया, शिकारी. इसी से बना है एक प्रदेश का नाम आंध्र प्रदेश.

# आजमाइए, चुनाव जीतने का नायाब नुस्खा

• तीर-तुक्का

रवि प्रकाश

हां तो हम बात कर रहे थे कि वोटरों से वोट कैसे लिया जाए. तरकीबें तो एक से बढ़ कर एक हैं, लेकिन सबसे अच्छी तरकीब जनता को अच्छे ऑफर देने वाली है. अगर आप जनता को 50000 रुपये महीना भी चुनाव जीतने के पहले महीने से उसके बैंक एकाउंट में भेजने का ऑफर देते हैं तो यह हिट कर जाएगा. लोगों को बताना होगा कि चुनाव जीतने के बाद वोटरों को कुछ भी करने की जरूरत नहीं होगी. केवल बैंक जाकर रुपये ले आने होंगे. आलसी लोग यह मांग कर सकते हैं कि साहब हम बैंक नहीं जाना चाहते हैं. चल कर कौन जाए? तो आपको होम डिलीवरी की बात भी अपने घोषणापत्र में लानी पड़ेगी. यानी बैंक से घर तक रुपया पहुंचाना पड़ेगा. जितनी ज्यादा सुविधा आप दोगे, उतना ही वोट आपका पक्का होगा. यह तो रही भविष्य के वायदों की बातें. दूसरा काम जो आपको करना पड़ेगा, वह है चुनाव से पहले वोटर को नोट बांटने का. यह सभी लोग करते हैं, लेकिन आप जितना ज्यादा इस काम में रुचि लेंगे और नोट के साथ–साथ ही उसको शराब की बोतल देंगे, साड़ी देंगे, कोट पैंट कमीज के कपड़े देंगे, साथ में जो बड़े-बड़े वोटर–मुखिया हैं-उनको स्कूटर बाइक तथा कारें देंगे तो चुनाव में जीत की संभावनाएं बढ़ जाती हैं. चुनाव भर 2-4 हजार जगहों पर मुफ्त में समोसा, हलवा, पूरी- कचौरी दिन में तीन बार लगातार बंटती रहनी चाहिए. यह बात सही है कि 70 लाख रूपल्ली में क्या हो पाएगा ? आप चुनाव आयोग से कहिए कि लोकसभा के चुनाव में खर्च की सीमा 70 लाख से बढ़ाकर 7 करोड़ रुपए की जानी चाहिए, क्योंकि वास्तविकता यही है कि सात-आठ करोड़ से कम में लोकसभा का चुनाव लड़ा नहीं जा सकता . अब हर आदमी तो मुंह खोले खड़ा है और कह रहा है कि अगला 50000 पेशगी देकर गया है, आप 1 लाख दो तो फिर मैं आपका झंडा अपने मकान के ऊपर लगाऊं. महंगाई का जमाना है. देना पड़ता है. 70 लाख रुपल्ली में कुछ नहीं हो सकता. यह तो समझ लो कि भोजन के बाद पान चबाने का खर्चा है. आपको तो केवल अगले 5 वर्ष के लिए सोचना है. उसके बाद तो पूरे देश में अराजकता फैल ही जाएगी. एक-एक पैसे के लिए तंगी हो जाएगी. अर्थ व्यवस्था चौपट हो जाएगी. फिर जो होगा, देखा जाएगा. आप इस बारे में मत सोचो. पार्टी का चुनाव घोषणा पत्र आंख मींचकर निकाल दो. मेरी राय है कि घोषणा पत्र का शीर्षक होना चाहिए- "वोट दो नोट लो." 130 करोड़ लोगों को मुफ्त में 50 हजार रुपये महीना- दुनिया का सबसे बड़ा ऑफर." लिखकर रख लो, चुनाव जरूर जीतोगे.



# Her Story



कविता विकास

> लोग क्या कहेंगे, यह एक ऐसा डर है जिससे हम सभी अक्सर ही गुज़रते हैं. समाज का डर हम पर इस तरह हावी हो जाता है कि हम स्वयं का निर्माण भी उनके अनुसार करने लगते हैं.

# लोग क्या कहेंगे

यह बात सर्वविदित है कि हमें दूसरों के कथन का बहुत फ़िक्र होता है. लोग हमारे बारे में क्या सोचते हैं और क्यों सोचते हैं, यह हमारे मन पर इतना असर डालता है कि हम अपने मौलिक चिंतन से भी दूर हो जाते हैं. मुझे याद है चार दशक पूर्व लड़कियों की शादियां भी उनकी पढ़ाई-लिखाई छुड़वा कर 22-23 साल में कर दी जाती थी नहीं तो समाज वाले कहने लगते थे घर में बैठे-बैठे लड़की बूढ़ी हो रही है, जल्दी हाथ पीले कर दो. लड़कों को अपने पसंद का कैरियर भी चुनने की मनाही थी. अमुक के बेटे ने आई आई टी निकाली है तो अपने बेटे को भी वही लाइन पकड़वानी है, भले ही वह उस लायक न हो. हम सभी इस उक्ति का असर देखते रहे हैं. समय बदल गया है. अब किसी को फ़ुर्सत नहीं बग़ल वालों पर नज़र रखें. आम तौर पर सभी के घर बच्चों ने इसके ख़िलाफ़ बग़ावत कर दी है. उन्हें इसकी फ़िक्र नहीं कि लोग क्या कहेंगे. इसलिए तो विजातीय विवाह होने लगे, अविवाहित रहने की प्राथमिकता होने लगी, लिव इन रिलेशन का प्रचलन बढ़ा. पढ़ाई और नौकरी को प्राथमिकता दी जाने लगी. इस सिलसिले में जब बच्चे एक जगह से दूसरी जगह जाने लगे तब संस्कृतियों का भी मेल होने लगा. सोच व्यापक होने लगी.

## हमेशा बुरा नहीं होता कहना


लोगों ने हमें एक दायरे में बाँधने का काम किया है. वे हमारी सीमा तय करते हैं. ऐसा भी नहीं है कि उनके सुझाव हमेशा ग़लत ही हों, कई बार हम संशय की स्थिति में होते हैं तो उनके विचार हमारा पथ प्रशस्त करते हैं. हमारे एक पड़ोसी के छह साल के इकलौते बच्चे ने उनकी नाक में दम कर रखा था.
उसकी उद्दंडता, उसका ज़िद पड़ोसी की तनाव का कारण थे. लोगों ने उन्हें दूसरे बच्चे की सलाह दी ताकि उसे कम्पनी मिल सके. आज दो बच्चों का यह परिवार बहुत ख़ुशहाल है.

## अंतिम निर्णय हो खुद का

हमारा लक्ष्य हमेशा ऊंचा होना चाहिए. लेकिन वह हमारी समर्थता के भीतर हो. लक्ष्य निर्धारण में भी लोगों के विचार जो जाने - अनजाने हमारे कानों में आते रहते हैं, कुछ न कुछ मार्ग दर्शन करते हैं. यह तो हमारे ऊपर है, हम उनका किस तरह से इस्तेमाल करते हैं. संस्कार और संस्कृति का प्रभाव बहुत गहरा होता है. हमारा चिंतन हमें मज़बूत करता हो तो अच्छा है वरना हम लोगों की बातों में उलझ कर रह जाएँगे. जीवन में स्वीकृति का भाव होना चाहिए जो हमें बेहतर कर सके. यह स्वीकृति स्वयं की भी हो सकती है और दूसरों के विचारों की भी. जो सलाह आत्मनिर्णय की पुष्टि करे, आत्मा की उन्नति करे और ज़िम्मेदारी का बोध कराए उसे स्वीकार करना चाहिए. इसमें कोई दुविधा नहीं होनी चाहिए कि लोगों ने क्यों बताया! लोग क्या कहेंगे..एक ऐसी दशा है जो हमारी सीमा, क्षमता और लक्ष्य का विश्लेषण करके हमारे ऊपर अंतिम निर्णय का दायित्व बोध कराता है.




## इन्होंने सुनी अपनी




**किशन कुमार**
नृत्य शिक्षक

मेरी रुचि नृत्य में थी, मैं अपने विद्यालय का कल्चरल सेक्रेटरी था. लेकिन घर में सभी चाहते थे मैं इंजीनियरिंग करूं. मैंने किसी की नहीं सुनी और दिल्ली आ गया. जब यहां हिस्ट्री ऑनर्स करने लगा तो लोग कमीशन के लिए दबाव डालने लगे. लेकिन मैंने अपने मन की बात सुनी. मैंने नृत्य को विषय बनाया, और आज दिल्ली के प्रतिष्ठित कालेज में नृत्य विद्या दे रहा हूं. मेरी अपनी भी संस्था है, मैं बहुत ख़ुश हूं कि मैंने अपनी बात सुनी.



**कविता गुप्ता**
हिंदी शिक्षिका

एक समय था "लोग क्या कहेंगे" एक हव्वा बन गया था. तुम ज़्यादा ख़ुश हो रही हो, क्या बात है. इतना भी मत उतावली होवो, लोग क्या कहेंगे! ज़रा संभल के, रास्ते में बात मत करो, तुम संस्कारी दिखो, ज़्यादा ऊंची आवाज़ में मत हंसो, नहीं तो लोग क्या कहेंगे! हद है, आधी उम्र इसी उधेड़बुन में गुज़र गयी कि ऐसे न करो, वैसे न करो, लोग क्या कहेंगे! अब पता चलता है ज़िंदगी की बाज़ी तो वही जीतता है जो एक सीमा में अपने दिल की सुनता है.



**स्नेह प्रभा पांडे**
साहित्यकार और गृहिणी

ये बातें सदियों से सुनती आ रही हूं, तुम बेटी हो,पढ़ - लिख कर क्या करोगी? शादी करके ससुराल ही तो जाना है. मुझे भी इस दौर से गुज़रना पड़ा. लेकिन मैंने ठान लिया था कि मुझे तो पढ़ना है. लोगों की परवाह किए बिना. और मैंने पढ़ाई की ,गांव के वातावरण में. मैं उस गांव में मैट्रिक पास करने वाली पहली लड़की थी. इससे यह फ़ायदा हुआ कि और लड़कियों के लिए भी पढ़ने के दरवाज़े खुले. यह मेरे मनोबल और माता - पिता के साथ के कारण सम्भव हुआ. इसलिए अपनी सुनिए, लोग क्या कहेंगे,पर मत जाइए.



**ललित उपमन्यू**
पत्रकार

"परिवार में सबसे छोटे होने के कारण लाड़-प्यार भरपूर था, लेकिन अपेक्षाओं का बोझ भी. पारिवारिक पृष्ठभूमि का बड़ा हिस्सा पुलिस विभाग से जुदा था लिहाज़ा मेरे लिए भी परिवार वालों ने ख़ाकी ही सोच रखी थी. उनके सपनों के आगे मेरे सपने की अहमियत नहीं थी. छोटी उम्र से ही अख़बार बांचने की आदत ने मुझे पत्रकारिता के क्षेत्र में भाग्य आज़माने की ओर अग्रसर किया. घर वालों और आस-पड़ोस की सोच के ख़िलाफ़. आज इसी लाइन में ख़ूब इज्ज़त-शोहरत पायी. लगता है "लोग क्या कहेंगे" ; को दरकिनार कर जो चाहा सो पाया."

# चटखारा

## टिफिन में कुछ अच्छा सा



रानी प्रसाद
पाक कला विशेषज्ञ

**नए सत्र में बच्चों के स्कूल खुल गए हैं. नई किताब-कॉपियां ही नहीं, नए बैग, नए लंच बॉक्स-वॉटर बोतल और नई नई रेसिपी वाले मजेदार लंच का भी बच्चों में खूब उत्साह रहता है. पाक कला विशेषज्ञ रानी प्रसाद मम्मियों को सुझा रही हैं कुछ अलग लंच बॉक्स आयटम जो बच्चों को मजेदार तो लगे ही, हेल्दी भी हों-**

### चॉकलेट पैनकेक



**यह चाहिए**
गेहूं का आटा एक कप, चीनी दो बड़े चम्मच, पका हुआ केला एक, आवश्यकता अनुसार दूध, चॉकलेट सॉस आवश्यकता अनुसार.

**ऐसे बनाएं**
चॉकलेट सॉस को छोड़कर बाकी सभी सामग्री को मिक्सर के जार में मिलाकर ग्राइंड कर लें. ध्यान देने वाली बात यह है कि यह मिक्सर बहुत गाढ़ा या बहुत पतला नहीं होना चाहिए. अब एक नॉनस्टिक पैन गर्म करें. उस पर थोड़ा सा बटर लगाए और इस मिक्सचर को चीले के शेप में फैला दें. इसे दोनों साइड से गुलाबी गुलाबी सेक लें. जब यह अच्छे से सिक जाए तो इसे पैन से उतार कर इस पर चॉकलेट सॉस स्प्रेड करें और बच्चे के टिफिन में डाल दें. बच्चे इसे बहुत शौक से खाते हैं.

### गेहूं के दलिया का कटलेट



**यह चाहिए**
दलिया एक कप, नमक स्वाद अनुसार, बारीक कटे हुए प्याज दो बड़े चम्मच, बारीक कटी हुई शिमला मिर्च दो बड़े चम्मच, घिसा हुआ गाजर दो बड़े चम्मच, थोड़े से चिली फ्लेक्स, लहसुन और अदरक का पेस्ट एक चम्मच हल्दी पाउडर चौथाई चम्मच, धनिया पाउडर चौथाई चम्मच, जीरा पाउडर चौथाई चम्मच, बारीक कटे धनिया के पत्ते, कटलेट सेकने के लिए बटर या तेल और बेसन दो बड़े चम्मच.

**ऐसे बनाएं**
सबसे पहले दलिया को गर्म पानी में दो घंटे के लिए फुला दें. उसके बाद इसका पानी निचोड़कर इसमें ऊपर की सभी सामग्रियों को मिला दें. अब तवा गरम करें उसमें तेल या बटर डालें. अब इस मिक्सर को चपटा चपटा टिकिया का रूप देकर सुनहले होने तक उलट पलट कर सेक लें. बच्चों को यह पराठे के साथ दिया जा सकता है या सिर्फ टिक्कियों को भी दिया जा सकता है.

### मलाई और सूजी का सैंडविच



**यह चाहिए**
ब्रेड के टुकड़े पांच, घर की ताजी मलाई एक कप, सूजी चौथाई कप, नमक स्वाद अनुसार, टोमेटो केचप दो चम्मच, बारीक कटे हुए प्याज दो बड़े चम्मच, बारीक कटी हुई शिमला मिर्च दो बड़े चम्मच, गाजर घिसा हुआ दो बड़े चम्मच, ओरिगैनो या मैक्स हर्ब एक चम्मच, कुटी हुई काली मिर्च आधा चम्मच, धनिया के पत्ते दो बड़े चम्मच बारीक कटे हुए, बटर आवश्यकता अनुसार.

**ऐसे बनाएं**
सर्वप्रथम सूजी को मलाई के साथ मिक्स कर दें और नमक भी साथ में मिला दें. इसे 10- 15 मिनट के लिए रेस्ट पर छोड़ दें. तत्पश्चात इसमें सभी सामग्री मिला दें. अब ब्रेड के सभी स्लाइस को एक थाली में सजाकर उस पर इस मिक्सर को एक साइड फैलाकर रख दें. अब एक पैन गर्म करें और उस पर हल्का सा बटर लगा दें. इस मिक्सर वाले साइड को पहले पैन पर रखें और मीडियम आंच पर क्रिस्प होने तक सेक लें. जब एक साइड अच्छे से सिक जाए तब इसे पलट कर दूसरे साइड भी सेक लें. तत्पश्चात इस ब्रेड को तिरछा या लंबा काटकर बच्चों के टिफिन में डाल दें. ये सैंडविच इतने स्वादिष्ट होते हैं कि बच्चे तो बच्चे, बड़े भी इसे मांग मांग कर खाते हैं.

# इतना ही लें थाली में, व्यर्थ ना जाए नाली में



गुड़िया झा

*भोजन जितना हमारे लिए जरूरी है, उतना ही जरूरी है इसकी बर्बादी पर रोक लगाना. भोजन को बर्बाद करना बहुत आसान काम है.अपने देश की आबादी का एक हिस्सा गरीबी और भूख से बेहाल है. क्यों न हम इसकी बर्बादी पर रोक लगाकर इसकी उपयोगिता पर ध्यान दें. अपनी थाली में जब हम भोजन को छोड़ते हैं तो इससे केवल अन्न की बर्बादी नहीं होती है, बल्कि बहुत से पोषक तत्वों की बर्बादी भी होती है. अवशिष्ट भोजन से हानिकारक रसायन का भी उत्सर्जन होता है जो स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है. थोड़ी सी सावधानी से हम अनाज की बर्बादी पर रोक लगा सकते हैं साथ ही बजट पर भी नजर रहेगी.*

**1. खरीददारी से पहले लिस्ट बनाएं**
कई बार घर में बिना चेक किए हम खरीददारी करने पहुंच जाते हैं और एक के साथ एक फ्री के जाल में फंस कर कई अनावश्यक सामानों की भी खरीददारी कर लेते हैं. नतीजा यह होता है कि ज्यादा दिनों तक उपयोग नहीं होने पर ये खराब हो जाते हैं. थोड़ी थोड़ी मात्रा में खरीददारी करने से इन सबके उपयोग में भी आसानी होती है और बाजारों में आए दिन इसके मूल्यों में उतार चढाव का भी आसानी से पता चलता है. खरीददारी करते समय सामानों के पैकेट पर एक्सपायरी डेट जरूर देख लें.



**2. बनाने से पहले सावधानी**
भोजन बनाने से पहले भी इसकी मात्रा पर ध्यान दिया जाए तो बनाने का मजा भी कुछ ज्यादा ही बढ़ जाता है. खाना बनाने के समय एक बार पहले से मौजूद सब्जियों और फलों का उपयोग कर लें. बहुत अधिक मात्रा में एक बार में खाना बनाने से अच्छा है कि सदस्यों के संख्या को ध्यान में रखते हुए मात्रा का ध्यान रखा जाए. फिर भी अगर खाना बचा हो तो आसपास गरीबों में भी बांटने का ऑप्शन है. कई तरह के फूड बैंक्स शुरू हो चुके हैं जिनका काम ही होता है घर से खाना इकट्ठा करना और जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाना.

**3. खाते समय सावधानी**
खाने के प्लेट में हम अपनी भूख से ज्यादा खाना लेते हैं जो कि गलत है. इससे खाने की बर्बादी की अधिक आशंका रहती है. खाना लेने से पहले थोड़ी मात्रा में लें और खत्म होने के बाद जरूरत हो तो फिर से लें. अधिकांश शादी-पार्टीज में एक बार में बहुत ज्यादा चीजें सर्व करने के कारण ही ज्यादा खाने की बर्बादी होती है. वहां भी हमें सावधानी रखने की जरूरत है क्योंकि इस एक दिन की शादी- पार्टीज के लिए कोई भी माता पिता जीवन भर कितनी कटौती करते हैं इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है.

# कीजिए नेटवर्क मार्केटिंग



महिलाओं को करियर में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है. विवाह, बच्चे की परवरिश, बुजुर्गों की बीमारी, पति का तबादला, कई कारणों से अपने करियर को दरकिनार करना पड़ता है.ऐसे में नेटवर्क मार्केटिंग महिलाओं के लिए एक बेहतर विकल्प है. मार्केट में कई ऐसी कंपनियां हैं, जो लोगों का नेटवर्क बनाकर अपना सामान बेचती हैं और कमीशन के रूप में पैसा देती हैं. इसमें प्रमुख रूप से मार्केटिंग और सेल्स का काम होता है, लेकिन अपना मेंबर बनाते समय प्रोफेशनल डिग्री नहीं देखती हैं. इस क्षेत्र में कई महिलाएं अपना भाग्य आजमा रही हैं, मुकाम बना रही हैं.
सबसे बड़ी खासियत है कि यह काम महिलाएं कहीं से भी कर सकती हैं. यदि पारिवारिक कारणों से ऑफिस जॉइन नहीं कर सकती हैं, तो वाईफाई, लैपटॉप और फोन के साथ कहीं से भी काम शुरू कर सकती हैं. यदि आपको कहीं जाना है तो नेटवर्क मार्केटिंग के साथ यह सब संभव है, क्योंकि यह पोर्टेबल है. आप अपने समय की सहूलियत के अनुसार काम कर सकती हैं और अपना दैनिक कार्यक्रम निर्धारित कर सकती हैं. जरूरत के अनुसार समय का प्रबंधन कर सकती हैं. नेटवर्क मार्केटिंग के व्यवसाय में थोड़ा निवेश करके भी आप अच्छा कमीशन कमा सकती हैं. हर सप्ताह एक मीटिंग होती है, जिसके जरिए जुड़ा जा सकता है.

# मुश्किल दौर में सोने का जेवर देगा साथ

**अपने देश में सदियों से सोना जेवर के रूप में स्त्री धन माना जाता है. यह मुश्किल समय में आपको बहुत बड़ी आर्थिक मदद दे सकता है. कई बार ऐसी स्थितियां आती हैं, जब आपको एक साथ ज्यादा पैसों की जरूरत पड़ जाती है. ऐसे हालात में घर में रखे सोने को इस्तेमाल करते हुए गोल्ड लोन लिया जा सकता है. सोने के बदले आपको आसानी से और बेहतर दर पर लोन मिल सकता है, क्योंकि इसमें बैंक को अपने पैसे डूबने का डर नहीं रहता है.**

## आवेदन से पहले यह जाने

न्यूनतम और अधिकतम राशि बैंक और वित्तीय संस्थान अपने अनुसार तय करते हैं. गोल्ड लोन लेने के लिए उम्र 18 साल से 75 साल के बीच होनी चाहिए. कोलैटरल के तौर पर रखे जाने वाले गोल्ड की शुद्धता 18 कैरेट या इससे ज्यादा होनी चाहिए. आवेदन करने से पहले यह बात दिमाग में स्पष्ट रहे कि अगर आप तय समय में गोल्ड लोन नहीं चुका पाती हैं तो कर्ज देने वाली संस्था आपके गिरवी रखे सोने को बेचने का अधिकार रखती है. इसके अलावा सोने की कीमत कम होने पर कर्जदाता आपसे अतिरिक्त सोना गिरवी रखने के लिए भी कह सकता है. बेहतर हो कि गोल्ड लोन के लिए किसी विश्वसनीय या सरकारी बैंक का चयन करें.



## ये दस्तावेज जरूरी

बैंक में जाकर गोल्ड लोन के लिए आवेदन फॉर्म भरें. अपनी दो फोटोग्राफ फॉर्म के साथ लगाएं. परिचय प्रमाण-पत्र में आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस या वोटर आइडी कार्ड की प्रति लगाएं. पते के सत्यापन के लिए मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस का प्रयोग कर सकते हैं. सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ ही लोन के लिए आवेदन कर सकते हैं.

## ब्याज दरों की करें तुलना

गोल्ड लोन देने वाले अलग-अलग संस्थानों में लोन की ब्याज दर और प्रोसेसिंग फीस अलग-अलग होती है, जिसमें जीएसटी का चार्ज भी देना होता है. कस्टमर को गोल्ड अप्रेसर चार्जेज का भुगतान भी करना होता है. पर्सनल लोन की तुलना में इसमें ब्याज दर कम होती है. सिक्योर्ड होने की वजह से गोल्ड लोन के लिए बैंक बैकग्राउंड और इनकम चेक नहीं करते, यह तुरंत प्रोसेस कर देते हैं. बेहतर हो कि कुछ बैंकों के ब्याजदर और प्रोसेसिंग फीस के बारे में विस्तृत जानकारी लेने के बाद ही अपने फायदे के अनुसार कदम उठाएं.

## कब लें गोल्ड लोन

सवाल है कि किन खास परिस्थितियों में घर की सबसे सुरक्षित संपत्ति माना जाने वाले सोने के जेवरों को बैंक को सौंपें और उनसे इन पर ऋण लें-

**1. गंभीर बीमारी की स्थिति में :** परिजन की गंभीर बीमारी में इन दिनों अनुमान से अधिक पैसा खर्च होता है. बेहतर हो कि पहले से हम इन स्थितियों के लिए खुद को तैयार रखें. हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी लें. इमरजेंसी फंड भी बनाएं. लेकिन कई बार ये सब भी नाकाफी होता है. ऐसे में परिजन की जान रक्षा के लिए आखिरी विकल्प के तौर पर घर में रखे गोल्ड के बदले कर्ज लेने का विकल्प चुन सकते हैं और हॉस्पिटल के खर्च को इससे पूरा कर सकते हैं.

**2. शादी के खर्च के लिए :** अपने समाज में हमेशा से शादी जीवन के बड़े आयोजनों में शामिल है. कई बार शादी के लिए लोन लेने तक की नौबत आती है. हालांकि बेहतर तो यह है कि शादी में फिजूलखर्ची न करें. लेकिन यदि लोन लेने की नौबत आती भी है तो बेहतर है कि इस स्थिति में आप घर में रखे सोने का इस्तेमाल करें. दूसरे लोन की तुलना में गोल्ड लोन का प्रोसेस थोड़ा आसान होता है. कम दौड़-भाग और कम कागजी कार्यवाही के साथ ये आसानी से मिल जाता है.

**3. उच्च शिक्षा के लिए**
अगर आपका बच्चा या आप हायर एजुकेशन के लिए बाहर जा रहे हैं और एजुकेशन लोन किसी कारण से नहीं मिल पा रहा है, तो सेकंड ऑप्शन के तौर पर आप गोल्ड लोन का विकल्प चुन सकते हैं.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

### आईपीएल 2024 : कोलकाता नाईट राइडर्स और दिल्ली कैपिटल्स की बीच मुकाबला आज

# कोलकाता की चुनौती के लिए दिल्ली कैपिटल्स तैयार

## दूसरी जीत पर होगी दिल्ली की नजरें



**दिल्ली कैपिटल्स**

ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वॉर्नर, पृथ्वी साव, स्वस्तिक चिकारा, यश ढुल, एनरिच नॉर्किया, ईशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, खलील अहमद, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, प्रवीण दुबे, रसिक डार, विकी ओस्तवाल, अक्षर पटेल, जैक फ्रेजर गुर्क, ललित यादव, मिचेल मार्श, सुमित कुमार, अभिषेक पोरेल, कुमार कुशाग्र, रिकी भुई, शाइ होप, ट्रिस्टन स्टब्स.

भाषा । विशाखापत्तनम

दिल्ली कैपिटल्स की नजरें बुधवार को आईपीएल के मैच में यह साबित करने पर लगी होंगी कि चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मिली जीत कोई तुक्का नहीं थी, जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स की नजरें जीत की हैट्रिक पर लगी होंगी. दिल्ली ने रविवार को गत चैंपियन चेन्नई को 20 रन से हराया जो इस सत्र में उनकी पहली जीत थी. अब उनका सामना केकेआर से है, जिसके बल्लेबाजों ने 29 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के गेंदबाजों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था. दिल्ली के लिये ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर और पृथ्वी शॉ पर अच्छी शुरूआत देने की जिम्मेदारी होगी. इस बीच ऋषभ पंत ने पहले दो मैचों में औसत प्रदर्शन के बाद अपने पुराने फॉर्म में लौटते हुए 32 गेंद में 51 रन बनाये. दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स और ऑस्ट्रेलिया के मिचेल मार्श भी विरोधी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ने में माहिर हैं. स्टब्स ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन किया और टीम उनसे इस लय को कायम रखने की उम्मीद कर रही होगी. दूसरी ओर मार्श ने अभी तक उस तरह की बल्लेबाजी नहीं की है जिसके लिये वह जाने जाते हैं. दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया को अभी तक लय नहीं मिली है जो चोट के कारण लंबे समय बाद लौटे हैं.

| | | |
|---|---|---|
| दिल्ली कैपिटल्स ने तीन में से एक मुकाबले में दर्ज की है जीत | मैच भारतीय समयानुसार शाम 7.30 बजे शुरू होगा | जीत की हैट्रिक लगाना चाहेगी कोलकाता की टीम |

### दिल्ली के भारतीय गेंदबाजों को करना होगा बेहतर प्रदर्शन

दिल्ली के भारतीय गेंदबाजों को केकेआर के मजबूत बल्लेबाजी क्रम के सामने बेहतर खेल दिखाना होगा. सीएसके के खिलाफ खलील अहमद ने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन क्षेत्ररक्षण में उन्हें सुधार करना होगा. ऊंचे कैच टपकाने की उनकी आदत छूट नहीं रही और चेन्नई के खिलाफ उन्होंने महेंद्र सिंह धौनी का कैच छोड़ा. मुकेश कुमार के पास रफ्तार नहीं है लेकिन ईशांत शर्मा का अनुभव टीम के काम आ रहा है.

### फॉर्म में दिखे हैं कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज

दूसरी ओर केकेआर ने अब तक दोनों मैच जीते हैं. सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट, हरफनमौला आंद्रे रसेल और वेंकटेश अय्यर अच्छे फॉर्म में दिखे. कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ रन बनाये. गेंदबाजी में तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने प्रभावित किया है लेकिन महंगे खरीदे गए मिचेल स्टार्क और वरुण चक्रवर्ती नहीं चल सके.



**कोलकाता नाइट राइडर्स**

श्रेयस अय्यर (कप्तान), नीतिश राणा, मनीष पांडे, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह, शाकिब अल हसन, अनुकूल रॉय, वेंकटेश अय्यर, शेरफाने रदरफोर्ड, अंगकृष रघुवंशी, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, केएस भरत, फिल साल्ट, रहमानुल्लाह गुरबाज, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, दुष्मंता चामीरा, वरूण चक्रवर्ती, मिचेल स्टार्क, मुजीब उर रहमान, हर्षित राणा, सुयश शर्मा.

# आईपीएल के दो मैच का कार्यक्रम बदला

भाषा । नयी दिल्ली

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के घरेलू मैच को मंगलवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से एक दिन 16 अप्रैल को कराने का फैसला किया गया, जबकि गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच अहमदाबाद में होने वाले मैच के कार्यक्रम में भी भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बदलाव किया है. बीसीसीआई ने हालांकि ऐसा करने का कोई कारण नहीं बताया.

बीसीसीआई ने बयान में कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में 17 अप्रैल 2024 को होने वाला मुकाबला अब एक दिन पहले 16 अप्रैल 2024 को होगा. बोर्ड ने कहा कि अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम को पहले गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच 16 अप्रैल 2024 को मैच की मेजबानी करनी थी. यह मुकाबला अब 17 अप्रैल 2024 को होगा.

- ईडन गार्डन्स में 17 अप्रैल को होना था केकेआर और राजस्थान के बीच मुकाबला
- 16 अप्रैल को होगा केकेआर और राजस्थान के बीच मुकाबला
- गुजरात व दिल्ली के बीच 16 की जगह 17 अप्रैल को होगा मुकाबला

### कोलकाता पुलिस ने सुरक्षा मुहैया कराने में जताई थी असमर्थता

पता चला है कि कोलकाता पुलिस ने आईपीएल के 17वें सत्र के केकेआर के तीसरे घरेलू मैच के लिए पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराने में असमर्थता जताई. इससे तीन दिन पहले ही ईडन गार्डन्स पर लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ मुकाबला होना है. कोलकाता पुलिस ने बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) के अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली को लिखे पत्र में कहा था कि मैच रामनवमी के दिन पड़ रहा है और चुनाव के लिए भी सुरक्षाकर्मियों को तैनान किया गया है. इसलिए 17 अप्रैल को मैच के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करना हमारे लिए संभव नहीं होगा. सात चरण के आम चुनाव के पहले चरण के दौरान 19 अप्रैल को बंगाल में भी मतदान होगा. कोलकाता में मतदान एक जून को होना है. बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई से सोमवार को कहा था कि हां, कैब ने हमें सूचित किया है कि स्थानीय पुलिस ने तारीख को फिर से निर्धारित करने के लिए कहा है और मामले पर विचार किया जा रहा है. हमने अभी तक नई तारीख पर फैसला नहीं किया है. कैब ने सुझाव दिया था कि मैच को या तो एक दिन पहले (16 अप्रैल) या 24 घंटे बाद 18 अप्रैल को कराया जाए.

### रांची जिला बॉक्सिंग संघ की मान्यता रद्द नहीं हुई है : बलजीत सिंह बेदी



रांची। झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के वरीय उपाध्यक्ष बलजीत सिंह बेदी ने मंगलावार को प्रेसवार्ता में कहा रांची जिला बॉक्सिंग संघ की मान्यता रद्द होनी की बात पर कहा कि यह बेबुनियादी है. उन्होंने कहा कि ऐसा कोई भी निर्णय नहीं लिया गया है. रांची जिला बॉक्सिंग संघ सुचारू रूप से चल रहा है और चलता रहेगा. इसमें कोई फेरबदल भी नहीं हुआ है और रांची जिला अच्छा परिणाम दे रहा है. रांची के संघ ने अंतरराष्ट्रीय पदक भी दिया है. संवाददाता सम्मेलन में रांची जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष गुलाम जावेद, कमल किशोर कच्छप समेत अन्य लोग शामिल थे.

# जीत की दहलीज पर श्रीलंका

भाषा । चटगांव (बांग्लादेश)

श्रीलंका ने 511 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहे बांग्लादेश का स्कोर मंगलवार को यहां सात विकेट पर 268 रन है. तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा, बाएं हाथ के स्पिनर प्रबाथ जयसूर्या और कामचलाऊ गेंदबाज कामिंदु मेंडिस ने दो-दो विकेट चटकाकर दूसरे टेस्ट के चौथे दिन श्रीलंका को जीत की दहलीज पर पहुंचाया. दिन का खेल खत्म होने पर मेहदी हसन 49 गेंद में सात चौकों की मदद से 44 जबकि ताइजुल इस्लाम 10 रन बनाकर खेल रहे थे. बांग्लादेश की टीम को जीत के लिए अब भी 243 रन की दरकार है और उसकी हार लगभग तय नजर आ रही है. मेजबान टीम के लिए मोमीनुल हक (50) ने श्रृंखला का अपना दूसरा अर्धशतक जड़ा और टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया. उन्होंने 56 गेंद का सामना करते हुए आठ चौके और एक छक्का मारा.



**टेस्ट मैच**

- बांग्लादेश को मिला था 511 रनों का विशाल लक्ष्य
- बांग्लादेश ने सात विकेट पर 268 रन बनाए हैं

इससे पहले श्रीलंका ने दिन की शुरुआत दूसरी पारी में छह विकेट पर 102 रन से की. एंजेलो मैथ्यूज (56) ने 39 रन से आगे खेलते हुए श्रृंखला का अपना पहला और करियर का 41वां अर्धशतक जड़ा. शाकिब अल हसन ने मैथ्यूज को बोल्ड किया. उन्होंने अपनी पारी में 74 गेंद में पांच चौके मारे. इसके कुछ देकर बाद श्रीलंका ने सात विकेट पर 157 रन के स्कोर पर अपनी दूसरी पारी घोषित कर दी. श्रीलंका ने पहली पारी में 531 रन बनाए थे और फिर बांग्लादेश को 178 रन पर ढेर करके 353 रन की बढ़त हासिल की थी. लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ने लंच से पहले आठ ओवर में कोई विकेट नहीं गंवाया. लंच के बाद दूसरे ही ओवर में जयसूर्या ने महमूदुल हसन (24) को बोल्ड करके श्रीलंका को पहली सफलता दिलाई.

# टी-20 विश्व कप नहीं खेलेंगे स्टोक्स

भाषा । लंदन

इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी बेन स्टोक्स आगामी टी-20 विश्व कप से यह कहते हुए हट गए हैं कि इस 'बलिदान' से उन्हें पूरी ताकत से गेंदबाजी करने के लिए फिटनेस हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी और वह निकट भविष्य में वह ऑलराउंडर बन पाएंगे जो बनना चाहते हैं. इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान स्टोक्स ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में इस शीर्ष प्रतियोगिता के शुरू होने से दो महीने पहले इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को अपने फैसले के बारे में जानकारी दे दी है. ईसीबी द्वारा जारी बयान में स्टोक्स ने कहा कि मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं और मेरा ध्यान गेंदबाजी फिटनेस हासिल करने पर है जिससे कि क्रिकेट के सभी प्रारूपों में ऑलराउंडर की भूमिका निभा सकूं. उन्होंने कहा कि आईपीएल और विश्व कप से बाहर रहना उम्मीद है कि वह बलिदान होगा जिससे मुझे वह ऑलराउंडर बनने में मदद मिलेगी जो मैं निकट भविष्य में बनना चाहता हूं. स्टोक्स भारत के टेस्ट दौरे पर इंग्लैंड के कप्तान थे जहां उनकी टीम को 4-1 से शिकस्त का सामना करना पड़ा. उन्होंने कहा कि इस दौरे के दौरान उन्होंने महसूस किया कि गेंदबाजी के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं थे. स्टोक्स ने कहा कि हाल ही में भारत के टेस्ट दौरे से पता चला कि घुटने की सर्जरी और नौ महीने बिना गेंदबाजी के रहने के बाद मैं गेंदबाजी के नजरिए से कितना पीछे था. उन्होंने कहा कि मैं हमारे गर्मियों के टेस्ट सत्र की शुरुआत से पहले काउंटी चैंपियनशिप में डरहम के लिए खेलने के लिए उत्सुक हूं. मैं जोस (बटलर), मोट्टी (मैथ्यू मॉट) और पूरी टीम को अपना खिताब बचाने के लिए शुभकामनाएं देता हूं. वर्ष 2022 में ऑस्ट्रेलिया में टी-20 विश्व कप का पिछला टूर्नामेंट जीतने वाला इंग्लैंड कैरेबिया में खिताब का बचाव करेगा. पिछले टी-20 विश्व कप फाइनल में स्टोक्स ने एमसीजी में पाकिस्तान पर पांच विकेट की जीत के दौरान फाइनल में विजयी रन बनाया था.



**खास बातें**

- पूरी तरह से फिटनेस हासिल करने के लिए स्टोक्स ने लिया फैसला
- घुटने की सर्जरी के नौ महीने बाद भी पूरी तरह फिट नहीं हैं स्टोक्स

### कोहली ने फिर से खुद को निखार लिया है : हसी

मुंबई । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर डेविड हसी का मानना है कि विराट कोहली 'फिर से निखर' गए हैं. उन्होंने इस भारतीय बल्लेबाज के स्ट्राइक रेट पर बहस के बीच इस चैंपियन खिलाड़ी को नजरअंदाज करने के खिलाफ चेतावनी दी. आईपीएल के मौजूदा सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के लिए सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में सबसे आगे होने के बावजूद कोहली को पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पर्याप्त आक्रामकता के साथ बल्लेबाजी नहीं करने के लिए कुछ आलोचना का सामना करना पड़ा. कोहली अभी राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग के साथ संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं जिन्होंने तीन मैच में 141.4 के स्ट्राइक रेट से दो अर्द्धशतक के साथ 181 रन बनाए हैं. टी-20 विश्व कप नजदीक होने के कारण टीम में कोहली की जगह भी चर्चा का विषय बनी हुई है.

### रियान को प्रतिभाशाली बताते हुए राजस्थान के कोच शेन बांड ने कहा-

# युवा सूर्यकुमार की याद दिलाता है रियान

भाषा । मुंबई

राजस्थान रॉयल्स के सहायक कोच शेन बांड ने फॉर्म में चल रहे रियान पराग को काफी प्रतिभाशाली बताते हुए उनकी तुलना एक दशक पहले मुंबई इंडियंस से जुड़े सूर्यकुमार यादव से की है, जो कालांतर में दुनिया के सबसे आक्रामक टी-20 बल्लेबाजों में से एक बने. बाईस बरस के पराग ने घरेलू क्रिकेट का फॉर्म आईपीएल में भी जारी रखते हुए दो अर्धशतक जमाये हैं. उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ सोमवार को छह विकेट से मिली जीत में 39 गेंद में नाबाद 54 रन की पारी खेली.

बांड ने कहा कि पराग मुझे सूर्यकुमार यादव की याद दिलाता है जो कई साल पहले मुंबई इंडियंस से जुड़ा था. वह अपार प्रतिभाशाली है और बतौर क्रिकेटर परिपक्व भी हो रहा है. उन्होंने कहा कि उसने घरेलू सत्र में अच्छा प्रदर्शन किया है. उसने बहुत कम उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू किया और छठे नंबर पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं होता. आईपीएल में आम तौर पर फिनिशर की भूमिका काफी अनुभवी खिलाड़ी निभाते हैं. रॉयल्स में उसमें जो निवेश किया है, उसका फल मिलने लगा है.



- बतौर क्रिकेटर परिपक्व भी हो रहा है रियान पराग
- राजस्थान को रियान पर निवेश करने का मिल रहा है फल

### भारतीय टीम में वापसी कर सकते हैं युजवेंद्र चहल

उन्होंने यह भी कहा कि निस्वार्थ प्रदर्शन करने वाले युजवेंद्र चहल अगर इसी तरह से खेलते रहे तो भारतीय टीम में वापसी कर सकते हैं. चहल ने चार ओवर में 11 रन देकर तीन विकेट लिये. बांड ने कहा कि प्रतिस्पर्धा कड़ी है और सबसे बड़ी चुनौती यह है कि गेंदबाज को यह भुलाकर गेंदबाजी करना है कि विश्व कप होने वाला है और उसे टीम में जगह बनाने के लिये दावा बुलंद करना है. चहल अगर इसी तरह गेंदबाजी करता रहा तो विश्व कप टीम में जगह बना सकता है.

**क्रिकेट**

### हार की हैट्रिक के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान ने कहा, हौसला बना रहेगा

# हम कभी हार नहीं मानते, संघर्ष करते रहेंगे : हार्दिक

भाषा । मुंबई

मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने कहा कि पूर्व चैंपियन टीम हार नहीं मानेगी और हार की हैट्रिक के बावजूद मौजूदा आईपीएल में संघर्ष जारी रहेगा. हार्दिक ने एक्स पर पोस्ट किया कि इस टीम के बारे में आपको एक बात पता होनी चाहिये. हम हार नहीं मानते. हम संघर्ष जारी रखेंगे. हौसला बना रहेगा. रोहित शर्मा की जगह मुंबई इंडियंस का कप्तान बनाये जाने के बाद से हार्दिक को प्रशंसकों का आक्रोश झेलना पड़ रहा है. पहले दो मैचों में दर्शकों ने उनकी हूटिंग की और वानखेड़े स्टेडियम पर मुंबई के इस सत्र के पहले मैच में भी उन्हें इसका सामना करना पड़ा. कप्तान के तौर पर हार्दिक के कुछ फैसलों की भी आलोचना हुई है. मसलन जसप्रीत बुमराह को नयी गेंद नहीं सौंपना या खुद टिम डेविड के बाद बल्लेबाजी के लिये उतरना.



### वानखेड़ में हुई हार्दिक की हूटिंग

मुंबई और राजस्थान के बीच वानखेड़े में खेले गए मैच के दौरान हार्दिक पांड्या को हूटिंग का सामना करना पड़ा. सोमवार को वानखेड़े स्टेडियम में टॉस के दौरान मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या पिच के पास पहुंचे तब फैन्स ने ''रोहित-रोहित'' के नारे लगाना शुरू कर दिया. मैच के दौरान एक फैन मैदान में घुसकर रोहित शर्मा और ईशान किशन के पास पहुंच गया. इससे पहले हैदराबाद और अहमदाबाद में भी मैच के दौरान दर्शकों ने हार्दिक को हूट किया था. टॉस से पहले जब पंड्या वॉर्म-अप के लिए मैदान का चक्कर लगा रहे थे, तब भी दर्शकों ने उनकी हूटिंग की. टॉस के समय जब पंड्या की हूटिंग हुई तब भी उन्होंने अपने आप को संभाला और चेहरे पर मुस्कुराहट बरकरार रखी. इतना ही नहीं टॉस के बाद जब पंड्या ने बोलना शुरू किया, तब भी रोहित के नारे जारी रहे. कॉमेंटेटर संजय मांजरेकर को बीच में दर्शकों को बोलना पड़ा कि ''प्लीज बिहेव'' यानी अपना व्यवहार सुधारें.

### भारत, ऑस्ट्रेलिया व इंग्लैंड के बीच चल रही है बात

# फिर से शुरू हो सकता है सीएल टी-20

भाषा । मुंबई

भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्ड दस साल पहले बंद हो चुकी चैंपियंस लीग क्लब टी-20 चैंपियनशिप (सीएल टी-20) को फिर शुरू करने के लिये आपस में बातचीत कर रहे हैं. आखिरी बार चैंपियंस टी-20 लीग का आयोजन 2014 में हुआ था जब चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर खिताब जीता था.

उस समय भारत से तीन, आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका से दो-दो और पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड से एक एक टीम ने इसमें भाग लिया था. चैंपियंस लीग में 2009-10 और 2014-15 के बीच छह सत्र खेले गए थे, जिनमें से चार भारत में और दो दक्षिण अफ्रीका में हुए. चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस ने दो बार खिताब जीता जबकि आस्ट्रेलिया की न्यू साउथ वेल्स और सिडनी सिक्सर्स ने एक एक बार खिताब जीता. क्रिकेट विक्टोरिया के सीईओ निक कमिंस ने कहा कि अति व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर में इसके लिये विंडो बनाना सबसे बड़ी चुनौती है. भारत में मेलबर्न क्रिकेट अकादमी के लांच के लिये खेलोमोर से साझेदारी के मौके पर उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि चैम्पियंस लीग समय से पहले की पहल थी. उस समय टी20 क्रिकेट इतना परिपक्व नहीं हुआ था. लेकिन अब है. उन्होंने कहा कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया, ईसीबी और बीसीसीआई इसे फिर शुरू करने पर बात कर रहे हैं. इसके लिये आईसीसी के व्यस्त कैलेंडर में विंडो तलाशना मुश्किल है. हो सकता है कि पहली चैंपियंस लीग महिला क्रिकेट में हो जिसमें डब्ल्यूपीएल, द हंड्रेड और महिला बिग बैश लीग की टीमें खेलेंगी.

**फ्रेंचाइजी क्रिकेट**

- 2014 में आखिरी बार हुआ था चैंपियंस लीग का आयोजन
- चैंपियंस लीग के अब तक कुल छह सत्र हुए हैं

### ब्रीफ खबरें

## हथियार के साथ दो अपराधी हुए गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिला पुलिस टीम ने उत्पाद कांड सहित अन्य कई कांड में वांछित दो अपराधियों को हथियार समेत गिरफ्तार किया है. इसकी जानकारी देते एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने बताया कि पीपराकोठी थाना में दर्ज मामले के वांछित अभियुक्त को देखे जाने की गुप्त सूचना पर एएसपी सदर 2 जीतेश पांडेय के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया. टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संतोष सहनी व बिधान सहनी को गिरफ्तार किया है. इनके पास से एक देसी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, एक बाइक आदि बरामद किया गया है.

## नवादा व भोजपुर के डीएम-एसपी हटाए गए

**पटना।** लोकसभा चुनाव में गड़बड़ी की संभावना को देखते हुए चुनाव आयोग लगातार एक्शन ले रहा है. पदाधिकारियों को इधर-उधर किया जा रहा है. इस बीच चुनाव आयोग ने नवादा और भोजपुर जिलों के डीएम-एसपी को तत्काल प्रभाव से हटाने का निर्देश जारी किया है. आयोग ने भोजपुर डीएम राजकुमार और एसपी प्रमोद कुमार यादव तथा नवादा के डीएम आशुतोष वर्मा और एसपी अमरीष राहुल को हटा दिया है. साथ ही चुनाव आयोग ने चारों अधिकारियों को आम चुनाव पूरा होने तक किसी भी तरह की चुनावी ड्यूटी में लगाने पर रोक लगा दिया है. सरकार ने छह अधिकारियों की लिस्ट भेजी जायेगी.

## रायफल व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** लोकसभा चुनाव के दौरान आतंक फैलाने की साजिश को पुलिस की टीम ने नाकाम कर दिया है. माली थाना क्षेत्र के सिमरी धमनी गांव में छापेमारी कर पुलिस ने 315 बोर का एक राइफल और कारतूस बरामद करते हुए शातिर को गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तारी व बरामदगी से संबंधित जानकारी प्रेस वार्ता के माध्यम से एसपी स्वप्ना जी मेश्राम ने साझा की. एसपी ने बताया कि साइबर थाना के पुलिस उपाधीक्षक डॉ अनु कुमारी को गुप्त सूचना मिली कि माली थाना क्षेत्र के सिमरी धमनी गांव में एक व्यक्ति द्वारा अवैध आग्नेयास्त्र रखा गया है.

### राजद ने सारण लोकसभा क्षेत्र से रोहिणी आचार्य को बनाया है प्रत्याशी

# सबों से ली आशीर्वाद, बोलीं अब जनता के बीच जा रही हूं

**संवाददाता।पटना**



राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद की दूसरी बेटी रोहिणी आचार्य मंगलवार को पहली बार जनता के बीच पहुंचीं. राजनीति में अपनी औपचारिक लांचिंग पर रोहिणी आचार्य ने कहा कि भगवान का आशीर्वाद ले लिया, अपने जन्मदाता माता-पिता के साथ सास-ससुर का आशीर्वाद लेकर अब अपनी जनता के बीच जा रही हूं. बता दें कि रोहिणी को इस बार राजद सारण लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बना रहा है. मार्च में जब गांधी मैदान में लालू प्रसाद ने बाकायदा रैली के मंच से रोहिणी आचार्य के योगदान को याद किया तो यह पक्का हो गया कि उन्हें इस लोकसभा चुनाव में मौका मिलेगा. अब सारण में उनका नाम पक्का हो गया है. वह क्षेत्र के लिए निकल भी चुकी हैं. बता दें कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद अपने परिवार रोहिणी, राबड़ी देवी, मीसा भारती के साथ हरिहरनाथ मंदिर गए थे. अपने चुनावी अभियान की शुरुआत करने से पहले बाबा हरिहरनाथ का आशीर्वाद लेने पहुंचे थे.

### नियोजित शिक्षकों को हाईकोर्ट से बड़ी राहत

# समक्षता परीक्षा नहीं होने पर भी बने रहेंगे शिक्षक

**संवाददाता।पटना**



नियोजित शिक्षकों को पटना हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है. हाईकोर्ट के फैसले के अनुसार अब सक्षमता परीक्षा पास नहीं करने वाले या इस परीक्षा में शामिल नहीं होने के बावजूद भी शिक्षक अपने पद पर बने रहेंगे. पटना हाई कोर्ट ने ऐसे अभ्यर्थी शिक्षकों के पक्ष में फैसला देते हुए कहा कि उनकी नौकरी नहीं जाएगी. इससे पूर्व चीफ जस्टिस केवी चंद्रन की खंडपीठ ने इस मामले पर सुनवाई करते हुए 15 मार्च 2024 को फैसला सुरक्षित रखा था, जिसे मंगलवार को सुनाया गया. इसके अलावा जिस नियमावली-12 के तहत अपीलीय प्राधिकार को खत्म किया गया था, उसे भी खारिज कर दिया गया है यानी अब प्राधिकार भी बने रहेंगे. बता दें कि शिक्षा विभाग के एसीएस यानि अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली कमेटी ने सरकार से ये अनुशंसा की थी कि 5 बार परीक्षा में अनुपस्थित रहने या लगातार पांच बार इसमें अनुत्तीर्ण शिक्षकों की नौकरी समाप्त कर दी जाए.

### आरा में एनकाउंटर : खेत में काम करने के दौरान हुई हत्या

# अपराधियों ने पिता व पुत्र को गोलियों से भूना, मौत

**संवाददाता।आरा**

भोजपुर में अपराधियों ने पिता-पुत्र को गोलियों से छलनी कर दिया. अब पुलिस ने भाग रहे उन अपराधियों को गोली मार दी. घटना उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव की है, जहां पुलिस ने पूरब पट्टी में अपराधियों का घायल अपराधियों को दबोच लिया. यह दोनों अपराधी डबल मर्डर की घटना को अंजाम देने के बाद भाग रहे थे.

पुलिस ने दोनों को रोका, लेकिन अपराधी रुकने के बजाय पुलिस पर ही फायरिंग करने लगे. फिर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में भाग रहे अपराधियों पर गोली चलाई, जिसमें दोनों अपराधी घायल हो गये. दोनों को पैर में गोली लगी है, साथ ही एक आरोपी को कमर में गोली लगी है, जिसके बाद दोनों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और उसके बाद आरा ले गई है. बता दें कि मंगलवार की सुबह दिनदहाड़े हथियारबंद बदमाशों ने रघुनीपुर गांव निवासी रामाधार सिंह (65) और



### पुलिस ने दोनों को दौड़ा कर पकड़ा

पुलिस के मुताबिक अपराधियों की पहचान उदवंतनगर थाना क्षेत्र के रघुनीपुर गांव निवासी चंद्रमा सिंह के पुत्र विनोद कुमार और स्वर्गीय ललन सिंह ने पुत्र जज कुमार के रूप में की गई है. दोनों ही आपस में चचेरे भाई हैं. पुलिस ने दोनों को दौड़ाकर गिरफ्तार किया है. फ़िलहाल पुलिस ने जख्मी हालत में दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर इलाज के लिए ले गई है.

### जमीन का है विवाद

मृतक के दूसरे बेटे जगेश ने बताया कि 2009 से चले आ रहे दो कट्ठे जमीन के विवाद को लेकर गांव के ही कुछ दबंगों से विवाद चल रहा था. मंगलवार की सुबह जब पूरा परिवार खेत में गेहूं काट रहा था, तभी हथियार से लेश कुछ दबंग खेत में आ धमके और ताबड़तोड़ फायरिंग कर मेरे पिता के सिर में और भाई के पेट में गोली मार दी. जगेश ने बताया कि इस दौरान उक्त लोगों के द्वारा मुझ पर भी फायरिंग की गई लेकिन हम वहां से अपनी जान बचाकर भाग निकले.

उनके बेटे मुकेश यादव (35) को गोलियों से भून डाला. इस घटना में घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई. पिता को चार गोली लगी थी, जबकि बेटे के पेट के बीचो-बीच गोली लगी. यह घटना उदवंतनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत रघुनीपुर गांव की है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और अपराधियों की गिरफ्तारी में जुट गई.

**पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में चलायी गोली :** घटना के संबंध में पुलिस का कहना है कि पिता-पुत्र के हत्या के बाद आरोपी हथियार लेकर बेलाऊर गांव के पूरब पट्टी सत्यपर स्थित एक घर में छिपे हुए थे. छिपने की सूचना मिलने के बाद पुलिस भी वहां पहुंच गई और चारों तरफ से घेर लिया. पुलिस ने सरेंडर करने को कहा लेकिन अपराधी अचानक पुलिस पर ही फायरिंग करने लगे

# शॉट सर्किट से 11 घर जले, दो की मौत

**संवाददाता।पटना**

गोपालगंज में शॉर्ट सर्किट से दलित बस्ती में भीषण अगलगी की घटना हुई है. इसमें दो बच्चों की झुलसकर मौत हो गई है, जबकि बचाने के दौरान एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है. यह घटना जिले के महम्मदपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव की है. इस घटनाक्रम में 11 घर भी जलकर राख हो गए है. मृतकों की पहचान बृजेश महतो की 5 वर्षीय पुत्री ईशानी कुमारी और 3 वर्षीय पुत्र कुलदीप कुमार के रूप में की गई है. वहीं, झुलसने से बिसरी महतो को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना के बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच कर घंटों बाद आग पर काबू पाने में सफल रही. वहीं, डीएम मकसूद आलम ने मृतकों के परिवार को तत्काल राहत सामग्री पहुंचाने और सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधाओं को मुहैया करने का निर्देश दिया है. डीएम का आदेश मिलते ही एसडीओ डॉ प्रदीप कुमार मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिजनों को तत्कालिक राहत सामग्री उपलब्ध कराने का इंतजाम कराया.

### अगलगी में किशोरी की मौत, पांच घर स्वाहा

**वैशाली।** वैशाली के राघोपुर मे भीषण अग्निहादसे में मंगलवार को एक किशोरी की झुलस कर मौत हो गयी. वहीं इस अगलगी में एक दंपती भी बुरी तरह से झुलस गया. इस घटना में पांच घर जल गये. वहीं इस घटना में पांच गायों के भी झुलसने की खबर आ रही है, जिसमें तीन गायों की मौत हो गयी, जबकि दो गायें बुरी तरह झुलस गईं. उक्त घटना राघोपुर में रूस्तमपुर थाना क्षेत्र के रूस्तमपुर गांव के वार्ड नंबर पांच की है. इधर, मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. अगलगी की इस घटना में दयानंद राय की 10 वर्षीय पुत्री आलिया की झुलसकर मौत हो गयी.

## ट्रक से 50 लाख रु की शराब जब्त, दो धराये

**बेतिया।** बगहा में पुलिस ने यूपी से बिहार आ रही शराब की बड़ी खेप को जब्त करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है. जब्त किए गए शराब की कीमत 50 लाख रुपए आंकी गई है. वहीं गिरफ्तार दोनों शख्स ट्रक के चालक और खलासी बताए गए हैं. कार्रवाई के बाद पुलिस पूछताछ के आधार पर शराब तस्करी के नेटवर्क को खंगालने में जुटी है. जब्त विदेशी शराब कुल 3600 लीटर है. शराब नरकटियागंज के एक कारोबारी के पास जा रही थी.

# एनडीए उम्मीदवार अजय मंडल ने नामांकन किया

**भागलपुर ।** भागलपुर लोकसभा क्षेत्र से मंगलवार को एनडीए उम्मीदवार अजय मंडल ने अपना नामांकन जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी के कार्यालय में दाखिल किया. इसके पूर्व अजय मंडल एनडीए के समर्थकों के साथ गौशाला परिसर से पूजा-अर्चना के बाद जुलूस निकालकर भागलपुर के समाहरणालय गेट पर पहुंचे. जिसमें भाजपा के जिला अध्यक्ष संतोष शाह, जदयू जिला मीडिया प्रभारी शिशुपाल भारती, जदयू के सुड्डू साई, गोपालपुर के विधायक गोपाल मंडल सुल्तानगंज के विधायक डॉ ललित नारायण मंडल सहित सभी पार्टी के कार्यकर्ता शामिल थे. इस दौरान पूरा सड़क नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, नीतीश कुमार जिंदाबाद, सम्राट चौधरी जिंदाबाद के नारों से गुंजता रहा.

## कारोबार

## एचएमएसआई की मार्च में बिक्री 81 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) की घरेलू बाजार में थोक बिक्री मार्च में सालाना आधार पर 81 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 3,58,151 इकाई रही. कंपनी की मार्च, 2023 में थोक बिक्री 1,97,542 इकाई रही थी. एचएमएसआई की ओर से जारी बयान के अनुसार, मार्च, 2023 के 14,460 इकाइयों की तुलना में पिछले महीने निर्यात 95 प्रतिशत बढ़कर 28,304 इकाई हो गया. पिछले महीने कुल बिक्री बढ़कर 3,86,455 इकाई हो गई, जो 2023 के इसी महीने में 2,12,002 इकाई थी.

## बजाज ऑटो की थोक बिक्री 25 प्रतिशत बढ़ी

**नयी दिल्ली।** बजाज ऑटो लिमिटेड की थोक बिक्री में मार्च में सालाना आधार पर 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई जिसमें 3,65,904 इकाइयों का निर्यात भी शामिल है. बयान के अनुसार, पुणे स्थित वाहन विनिर्माता ने मार्च 2023 में 2,91,567 दोपहिया और वाणिज्यिक वाहन बेचे थे. मार्च 2024 में कुल घरेलू बिक्री (वाणिज्यिक वाहनों सहित) 18 प्रतिशत बढ़कर 2,20,393 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में 1,86,522 इकाइयां बेची गई थीं.

## इरेडा ने 2023-24 में सर्वाधिक ऋण मंजूरी दी

**नयी दिल्ली।** इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट (इरेडा) ने वित्त वर्ष 2023-24 में सर्वाधिक ऋण मंजूरी दी. इरेडा ने बयान में कहा, कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में 37,354 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए और 25,089 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए गए. बयान के अनुसार, ऋण पुस्तिका में 26.71 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है. यह एक साल पहले के 47,076 करोड़ रुपये की तुलना में अब 59,650 करोड़ रुपये है. वार्षिक ऋण स्वीकृतियां 2022-23 में 32,587 करोड़ रुपये से 14.63 प्रतिशत बढ़कर 2023-24 में 37,354 करोड़ रुपये हो गई. बयान में कहा गया, जनवरी-मार्च 2024 तिमाही में ऋण मंजूरी दोगुनी हो गई.

### भारतीय यूजर्स का डेटा सिंगापुर में मेटा के डेटा सेंटर में आता है

# चेन्नई में मेटा बना सकती है डेटा सेंटर

**भाषा ।नयी दिल्ली**

फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप की पेरेंट कंपनी मेटा चेन्नई में रिलायंस इंडस्ट्रीज के कैंपस में भारत में अपना पहला डेटा सेंटर स्थापित कर सकती है. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार मेटा के को फाउंडर मार्क जकरबर्ग मार्च में जामनगर में हुए अनंत अंबानी की प्री वेडिंग फंक्शन में शामिल हुए थे. तभी उन्होंने रिलायंस के साथ इसको लेकर एक समझौता किया था. डेटा सेंटर से मेटा को फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप जैसे अपने ऐप पर लोकल लेवल पर यूजर्स द्वारा तैयार किए गए कंटेंट को प्रोसेसिंग करने में मदद मिलेगी. हालांकि अभी तक डील के बारे में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है. इस कैंपस के जरिए मेटा अब देशभर में कई स्थानों पर चार से पांच नोड्स ऑपरेट कर सकेगा, जिससे भारत में तेजी से डेटा प्रोसेसिंग की परमिशन मिलेगी. मौजूदा समय में भारतीय यूजर्स का डेटा सिंगापुर में मेटा के डेटा सेंटर में आता है. इस मामले में जानकार के अनुसार मेटा लोकल डेटा सेंटर के साथ, कंटेंट के अलावा, लोकल एड भी यूजर्स के एक्सपीरियंस को बेहतर



### डेटा प्रोसेसिंग

- भारत में तेजी से डेटा प्रोसेसिंग की परमिशन मिलेगी
- मेटा यूजर्स के एक्सपीरियंस को बेहतर बनाएगी

बनाएगी. इसके अलावा इससे ग्लोबल डेटा सेंटर्स की कॉस्टिंग में कटौती होगी.

चेन्नई के अंबत्तूर इंडस्ट्रियल एस्टेट में 10 एकड़ का कैंपस ब्रुकफील्ड एसेट मैनेजमेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज और डिजिटल रियल्टी के बीच एक थ्री वे ज्वाइंट वेंचर है. यह 100 मेगावाट आईटी लोड कैपेसिटी तक को पूरा कर सकता है. बिजनेसमैन मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग में मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग शामिल हुए थे. ये फंक्शन एक से तीन मार्च तक गुजरात के जामनगर में हुआ था. इस फंक्शन में माइक्रोसॉफ्ट के को फाउंडर बिल गेट्स और अडाणी ग्रुप के मालिक गौतम अडाणी सहित कई अन्य बिजनेस भी शामिल हुए थे. माना जा रहा है कि उसी दौरान इनके बीच इस पर बात हुई थी. यही बात अब आगे बढ़ कर डेटा सेंटर की स्थापना तक पहुंची है. हालांकि इस पर अभी और बात होना बाकी है.

बता दें कि डाटा सेंटर नेटवर्क से जुड़े हुए कंप्यूटर सर्वर का एक बड़ा समूह है. बड़ी मात्रा में डाटा स्टोरेज, प्रोसेसिंग के लिए कंपनियों द्वारा इसका उपयोग किया जाता है. सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक, ट्विटर, वॉट्सऐप, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, बैंकिंग, खुदरा, स्वास्थ्य सेवा, टूरिज्म और अन्य ट्रांजेक्शन में बहुत अधिक डेटा मिलता है, जिसके स्टोरेज के लिए डेटा सेंटर की जरूरत होती है. इन सुविधाओं में डाटा स्टोरेज, सूचनाओं की प्रोसेसिंग और दूसरे स्थान पर उसे पहुंचाना और कंपनी के एप्लिकेशन से जुड़े काम काज शामिल हैं. इसे किसी सर्वर की तरह मान सकते हैं जहां से किसी कंपनी का पूरा आईटी ऑपरेट होता है. डिजिटल युग में सोशल नेट वर्किंग कंपनियां अपने सारे यूजर का डाटा, सारी इन्फॉर्मेशन अपने बनाए डाटा सेंटर में ही रखते हैं. इन डेटा सेंटर पर हजारों की संख्या में ढेरों सर्वर होते हैं. जानकारी के अनुसार भारत में जहां फेसबुक के 314.6 मिलियन यूजर्स हैं वहीं इंस्टाग्राम के 350 मिलियन और व्हाट्सएप के 480 मिलियन यूजर्स हैं. भारत में यूजर्स की संख्या उनके देश अमेरिका से करीब दोगुनी है. मेटा प्लेटफॉर्म ने बताया कि भारत में फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप समेत सभी प्लेटफार्मों पर क्लिक-टू-मैसेज विज्ञापनों से उसका विज्ञापन राजस्व सितंबर 2023 तिमाही के दौरान दोगुना हो गया है.

## संजय नायर ने एसोचैम के अध्यक्ष का पदभार संभाला

**नयी दिल्ली।** सोरिन इन्वेस्टमेंट फंड के चेयरमैन संजय नायर ने 2024-25 के लिए उद्योग मंडल एसोचैम के अध्यक्ष का पदभार संभाला है. एसोचैम ने मंगलवार को यह जानकारी दी. नायर ने स्पाइसजेट के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अजय सिंह की जगह ली. एसोचैम के अध्यक्ष के तौर पर सिंह का कार्यकाल पूरा हो गया था. एसोचैम ने बयान में कहा, नायर के पास वैश्विक वित्तीय और पूंजी बाजारों में चार दशक का अनुभव है. पिछले साल सेवानिवृत्त होने से पहले उन्होंने सिटी में 25 साल और केकेआर में करीब 14 साल काम किया. नायर ने सिटीग्रुप छोड़ने के बाद 2009 में केकेआर इंडिया ऑपरेशन की स्थापना की थी. उन्होंने भारत, ब्रिटेन और अमेरिका में 25 वर्षों तक सिटीग्रुप में वरिष्ठ नेतृत्व पदों पर काम किया. वह उनके और उनकी पत्नी फाल्गुनी नायर द्वारा स्थापित नायका में एक गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में सेवाएं देते हैं. नायर ने कहा, मेरे अध्यक्ष पद के कार्यकाल के दौरान, मैं और एसोचैम के मेरे सहयोगी देश को विकसित राष्ट्र बनाने के साथ ही देश की प्रति व्यक्ति आय में कई गुना वृद्धि के हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी लक्ष्य के लिए सरकार के साथ मिलकर काम करेंगे.

# स्पाइसजेट को जल्द एक क्यू 400 विमान मिलेगा

**एजेंसी।नयी दिल्ली**

घरेलू एयरलाइन स्पाइसजेट ने मंगलवार को कहा कि पट्टे पर विमान मुहैया कराने वाली कंपनी नॉर्डिक एविएशन कैपिटल (एनएसी) के साथ हुए समझौते के तहत उसे जल्द ही एक क्यू400 विमान मिलेगा. एयरलाइन ने एनएसी से पट्टे पर लिए गए क्यू400 विमानों के लिए सभी पिछली देनदारियों का भुगतान कर दिया है. निपटान समझौते के तहत उसके पास पहले से ही पांच क्यू400 विमान मौजूद हैं. स्पाइसजेट ने बयान में कहा, इन विमानों का स्वामित्व स्पाइसजेट को हस्तांतरित कर दिया गया है. छठा क्यू400 विमान भी जर्मनी से भारत के रास्ते में है और उसके जल्द ही दिल्ली पहुंचने की उम्मीद है. मुश्किल हालात से उबरने की कोशिश में जुटी स्पाइसजेट ने हाल ही में प्रमुख विमान पट्टेदारों के साथ चार प्रमुख समझौतों की घोषणा की है. इन निपटान से उसे 1,252 करोड़ रुपये की बचत होने का अनुमान है.

# सरकार ने निर्धारित कर संग्रह लक्ष्य को हासिल किया: अधिकारी

**एजेंसी।नयी दिल्ली**


सरकार ने मजबूत आर्थिक गतिविधियों और बेहतर अनुपालन की मदद से वित्त वर्ष 2023-24 में 34.37 लाख करोड़ रुपये से अधिक कर संग्रह के लक्ष्य को काफी हद तक हासिल कर लिया है. एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी. अधिकारी ने कहा, वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कर राजस्व का कुल लक्ष्य हासिल कर लिया गया है. सरकार ने अप्रैल 2023- मार्च 2024 के लिए संशोधित बजट अनुमान में प्रत्यक्ष कर संग्रह का लक्ष्य बढ़ाकर 19.45 लाख करोड़ रुपये कर दिया था जबकि अप्रत्यक्ष कर (जीएसटी, सीमा शुल्क और उत्पाद शुल्क) के लिए अनुमान को घटाकर 14.84 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया था. इस दौरान 17 मार्च तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह (कॉरपोरेट कर और व्यक्तिगत आयकर मिलाकर) 18.90 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया था.

### भारतीय शेयर मार्केट | स्थानीय शेयर बाजारों में तीन दिन से जारी तेजी पर विराम लगा

# सेंसेक्स 111 अंक टूटा, निफ्टी भी 8.70 अंक की हुई गिरावट

**एजेंसी।मुंबई**

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को तीन कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 111 अंक के नुकसान में रहा. अमेरिकी बाजारों में कमजोर रुख तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी के बीच चुनिंदा निजी बैंकों और वाहन शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार में गिरावट आई. तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 110.64 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,903.91 अंक पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 270.78 अंक तक नीचे चला गया था. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का



निफ्टी भी 8.70 अंक यानी 0.04 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 22,453.30 अंक पर बंद हुआ. सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सोमवार को कारोबार के दौरान अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गये थे. बाद में दोनों मानक सूचकांक 0.5 प्रतिशत की बढ़त में रहे थे. जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू शेयर बाजारों के सोमवार को कारोबार के दौरान रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के साथ बाजार में मंगलवार को गिरावट आई. अमेरिकी डॉलर में मजबूती, अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि और कच्चे तेल के दाम में अच्छी तेजी जैसे कारणों से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई. नायर ने कहा कि अमेरिका में विनिर्माण आंकड़ा उम्मीद से बेहतर रहने से अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में कटौती में देरी की आशंका को लेकर चिंता बढ़ी है.

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, निफ्टी में तीन दिन से जारी तेजी मंगलवार को थम गयी. जबकि कारोबार के अंतिम आधे घंटे में तेजी से सुधार हुआ. अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट में गिरावट से वैश्विक शेयर बाजारों में मिला-जुला रुख रहा. अमेरिका में विनिर्माण आंकड़े मजबूत रहने से इस बात को लेकर संदेह उत्पन्न हुआ है कि फेडरल रिजर्व नीतिगत दर में कटौती को लेकर कुछ देरी कर सकता है. सेंसेक्स के शेयरों में कोटक महिंद्रा बैंक सबसे ज्यादा 1.84 प्रतिशत नीचे आया. इसके अलावा एचसीएल टेक्नोलॉजीज, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, विप्रो, टेक महिंद्रा और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से नुकसान में रहे. दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, नेस्ले, टाटा मोटर्स और इंडसइंड बैंक शामिल हैं. बीएसई 'स्मॉलकैप' सूचकांक 1.28 प्रतिशत मजबूत हुआ, जबकि 'मिडकैप' 1.14 प्रतिशत चढ़ा. विशेषज्ञों के अनुसार, मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में सुधार जारी है. हालांकि, उच्च मूल्यांकन को लेकर चिंता भी बनी हुई है. निवेशकों को अब रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा का इंतजार है. इससे उन्हें निकट भविष्य में बाजार की दिशा का संकेत मिलेगा. शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 522.30 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे.

# जोमैटो को सेवा कर मांग और जुर्माने को लेकर नोटिस

**एजेंसी।नयी दिल्ली**

ऑनलाइन खाने का ऑर्डर देने और उसे मंगाने की सुविधा देने वाले मंच जोमैटो को 184 करोड़ रुपये से अधिक की सेवा कर मांग और जुर्माने को लेकर नोटिस मिला है. कंपनी इस आदेश के खिलाफ उचित प्राधिकरण के समक्ष अपील दायर करेगी. जोमैटो ने सोमवार देर रात शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि यह आदेश अक्टूबर, 2014 से जून, 2017 के बीच सेवा कर का भुगतान नहीं करने को लेकर दिया गया है. इसका निर्धारण कंपनी की विदेशी अनुषंगी इकाइयों और शाखा की देश के बाहर अपने ग्राहकों को कुछ बिक्री के आधार पर किया गया है. जोमैटो ने यह भी कहा कि कारण बताओ नोटिस के जवाब में उसने जरूरी दस्तावेज और इस संदर्भ में पूर्व में दिये गये अदालती आदेशों के साथ आरोपों पर स्पष्टीकरण दिया था. कंपनी के अनुसार, ऐसा लगता है कि आदेश पारित करते समय अधिकारियों ने इसपर गौर नहीं किया. जोमैटो ने कहा कि उसे दिल्ली केंद्रीय कर आयुक्त का एक अप्रैल को पारित आदेश मिला है. जोमैटो ने कहा, कंपनी को अक्टूबर, 2014 से जून, 2017 की अवधि के लिए दिल्ली केंद्रीय कर आयुक्त (अधिनिर्णय) से आदेश प्राप्त हुआ है. इसमें सेवा कर के रूप में 92,09,90,306 रुपये की मांग की गई है. साथ ही ब्याज और जुर्माने के रूप में 92,09,90,306 करोड़ रुपये की मांग की गयी है.

# मैं और तीन अन्य 'आप' नेता जेल में डाले जाएंगे : आतिशी

एजेंसी। नयी दिल्ली

आतिशी का बड़ा दावा



दिल्ली की मंत्री आतिशी ने मंगलवार को दावा किया कि उनके एक करीबी व्यक्ति ने उनसे कहा था कि उन्हें भाजपा में शामिल हो जाना चाहिए या एक महीने के भीतर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के लिए तैयार रहना चाहिए. आतिशी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि उनके अलावा आप के तीन नेताओं मंत्री सौरभ भारद्वाज, विधायक दुर्गेश पाठक और राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा को भी गिरफ्तार किया जाएगा.

भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने दावा किया कि आतिशी झूठ बोल रही हैं. उन्होंने कहा कि पूरी आप शराब घोटाले में शामिल थी और उसके नेता इस आशंका पर आपस में लड़ रहे हैं कि अगला बलि का बकरा कौन होगा. मंत्री ने दावा किया कि उन्हें बताया गया था कि आने वाले दिनों में प्रवर्तन निदेशालय उनके और उनके रिश्तेदारों के आवास पर छापे मारेगा.

उन्होंने दावा किया कि उसके बाद समन भेजा जाएगा और गिरफ्तारियां की जाएंगी. उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल के लिए मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने का कोई कारण नहीं है क्योंकि उनके खिलाफ आबकारी नीति मामले में न तो आरोपपत्र दायर किया गया है और न ही उन्हें दोषी ठहराया गया है. दिल्ली की मंत्री ने कहा, मैं भाजपा को कहना चाहती हूं कि हम आपकी धमकियों से डरने वाले नहीं हैं. हम केजरीवाल के सिपाही और भगत सिंह के शिष्य हैं. हम देश को बचाने और लोगों की भलाई के लिए आखिर तक लड़ेंगे.

### केजरीवाल के सीएम बने रहने पर भाजपा ने उठाए सवाल, कहा-

## दिल्ली की जनता बेहतर की हकदार



**नयी दिल्ली।** भाजपा ने मंगलवार को जेल में बंद होने के बावजूद अरविंद केजरीवाल के मुख्यमंत्री पद पर बने रहने पर सवाल उठाया और कहा कि राष्ट्रीय राजधानी के लोग बेहतर मुख्यमंत्री के हकदार हैं जो उन्हें एक ईमानदार और पारदर्शी सरकार दे सके. भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने केजरीवाल पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि केजरीवाल ने उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और एक अन्य मंत्रिमंडलीय सहयोगी सत्येंद्र कुमार जैन से इस्तीफा ले लिया लेकिन आबकारी नीति मामले में गिरफ्तारी के बाद इस्तीफा देने से इनकार कर दिया. भाटिया ने संवाददाताओं से कहा कि यह संवैधानिक नैतिकता का भी मामला है. उन्होंने हैरानी जताई कि केजरीवाल सलाखों के पीछे से अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों का निर्वहन कैसे कर सकते हैं. भाजपा प्रवक्ता ने तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री को दिल्ली की सेवा करने के लिए उनकी पार्टी में कोई उपयुक्त नेता नहीं मिला क्या.

### कांग्रेस ने 17 और प्रत्याशी के नाम घोषित किए

## शर्मिला को कडप्पा व अनवर को कटिहार से मिला टिकट

एजेंसी। नयी दिल्ली

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को 17 और उम्मीदवार घोषित किए, जिनमें पूर्व केंद्रीय मंत्री तारिक अनवर एवं एमएम पल्लम राजू तथा पार्टी की आंध्र प्रदेश इकाई की अध्यक्ष वाईएस शर्मिला रेड्डी के नाम शामिल हैं. पार्टी की ओर से जारी उम्मीदवारों की 11वीं सूची में आंध्र प्रदेश से पांच, बिहार से तीन, ओडिशा से आठ और पश्चिम बंगाल से एक उम्मीदवार का नाम शामिल है.

पार्टी ने बिहार के कटिहार से एक बार फिर अनवर को उम्मीदवार बनाया है. पिछले लोकसभा चुनाव में उन्हें जनता दल (यूनाइटेड) के उम्मीदवार दुलालचंद गोस्वामी ने पराजित किया था. एक बार फिर से उनका मुकाबला गोस्वामी से होगा. कांग्रेस ने बिहार की किशनगंज लोकसभा सीट से अपने मौजूदा सांसद मोहम्मद जावेद को टिकट दिया है. भागलपुर लोकसभा क्षेत्र से पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधायक अजीत शर्मा को उम्मीदवार बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस बिहार की कुल 40 लोकसभा सीटों में से नौ पर चुनाव लड़ रही है. वहीं, 26 सीट पर उसकी सहयोगी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और पांच सीट पर वाम दल चुनाव लड़ रहे हैं.

## ब्रीफ खबरें

### गाजा में इजराइल के हमले में सात की मौत

**गाजा पट्टी।** गाजा में इजराइल के हमलों में विदेशियों समेत एक सहायता समूह के कम से कम सात कर्मियों की मौत हो गई. सहायता समूह 'वर्ल्ड सेंट्रल किचन' ने यह जानकारी दी. जाने-माने शेफ जोस एंड्रेस द्वारा स्थापित परमार्थ समूह 'वर्ल्ड सेंट्रल किचन' ने मंगलवार की सुबह कहा कि मारे गए सात लोगों में ऑस्ट्रेलिया, पोलैंड और ब्रिटेन के नागरिक शामिल हैं. उसने बताया कि इनमें एक अमेरिकी-कनाडाई नागरिक भी शामिल और कम से कम एक फलस्तीनी भी मारा गया है.

### महुआ मोइत्रा पर ईडी ने दर्ज किया केस

**नयी दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं. सीबीआई के बाद अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उनके खिलाफ केस दर्ज कर लिया है. गौरतलब है कि महुआ मोइत्रा के खिलाफ पहले ही रिश्वत के बदले संसद में सवाल पूछने के मामले में सीबीआई की जांच जारी है. तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा पर कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के कहने पर संसद में सवाल पूछने का आरोप है.

### मप्र में बस पलटने से 40 यात्री घायल हुए

**मुरैना।** मध्य प्रदेश के मुरैना शहर के पास सोमवार देर रात एक निजी बस पलट जाने से लगभग 40 यात्री घायल हो गये. यह घटना सोमवार देर रात एक बजे से दो बजे के बीच हुई. उस समय यात्री ग्वालियर से राजस्थान स्थित मेहंदीपुर बालाजी मंदिर जा रहे थे. अधिकारी के अनुसार, ऐसा लगता है कि बस चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद बस मुरैना शहर से 12 किमी दूर सिकरोदा इलाके में एक नहर के पास पलट गई. पुलिस हादसे की सूचना मिलने के बाद यात्रियों को बचाने के लिए घटनास्थल पर पहुंची.

### 'आप' के संस्थापक सदस्य दिनेश का निधन

**पणजी।** आम आदमी पार्टी (आप) के संस्थापक सदस्य दिनेश वाघेला का गोवा में निधन हो गया. वह कुछ वक्त से बीमार थे. पार्टी के एक नेता ने मंगलवार को यह जानकारी दी. आप की गोवा इकाई के उपाध्यक्ष वाल्मीकि नाइक ने कहा कि 73 वर्षीय वाघेला का सोमवार की रात पणजी में उनके आवास पर निधन हो गया. पार्टी की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, वाघेला आप की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य थे और 'इंडिया अगेंस्ट करप्शन' आंदोलन के बाद पार्टी में शामिल होने वाले शुरुआती सदस्यों में थे.

### आतंकवादियों के तीन सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के सोपोर इलाके से मंगलवार को सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के तीन सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि उनके कब्जे से एक पिस्तौल और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई हैं. उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने जांच के लिए एक संयुक्त चौकी स्थापित की और वहां देखा कि तीन संदिग्ध मौके से भागने का प्रयास कर रहे हैं. प्रवक्ता ने कहा, हालांकि, दल ने उन्हें पकड़ लिया.

### भगवान राम पर भाजपा का एकाधिकार नहीं : पायलट

# जनता के मुद्दों पर चुनाव लड़ेगा 'इंडिया' गठबंधन

एजेंसी। नयी दिल्ली



कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने मंगलवार को कहा कि भगवान राम सबके हैं और भाजपा चाहे कितनी भी कोशिश कर ले, वह उन पर या धर्म पर एकाधिकार नहीं रख सकती. उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) लोकसभा चुनाव भावनात्मक मुद्दों पर नहीं, बल्कि जनता के मुद्दों के आधार पर लड़ेगा तथा वह बहुमत हासिल करके अगली सरकार बनाएगा.

पायलट ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में यह भी कहा कि राजग के '400 पार' नारे में अहंकार की बू आती है और सत्ता में वापसी के पहले 100 दिनों की रूपरेखा के बारे में बात करने के बजाय भाजपा को अपने बीते 10 वर्षों का तथ्यात्मक रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करना चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि निर्वाचन आयोग को इस चुनाव में सभी राजनीतिक दलों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करना चाहिए.

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के बैंक खातों पर रोक लगाना अप्रत्याशित घटना है तथा यह लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं है. राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि भाजपा बैकफुट पर है और राजस्थान में इस बार कांग्रेस 'बहुत अच्छा' करेगी.

**विपक्ष से नेताओं को लेने की हो रही है कोशिश :** पायलट ने कहा, मैं (इंडिया गठबंधन के बहुमत हासिल करने को लेकर) आश्वस्त हूं. यदि आप 2019 में हमारे घटक दलों के वोट शेयर को देखें, तो यह कुल मिलाकर 65 प्रतिशत था, जबकि राजग को 35 प्रतिशत वोट मिले. यही कारण है कि भाजपा में अब वे विपक्ष से नेताओं को लाने की कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने सवाल किया कि अगर उन्हें 400 सीट का इतना भरोसा है तो वे हमारे और अन्य विपक्षी दलों के लोगों को अपने साथ क्यों लेना चाहते हैं?

**एमएसपी के लिए गारंटी देना चाहते हैं**

पिछले दो लोकसभा चुनाव में कांग्रेस राजस्थान में खाता नहीं खोल पाई है. यह पूछे जाने पर कि उत्तर भारत में राम मंदिर की लहर मानी जा रही है और 'इंडिया' गठबंधन इससे कैसे निपटेगा, पायलट ने कहा, मुझे लगता है कि यह चुनाव उन मुद्दों पर लड़ा जाएगा जो हमारे वर्तमान और हमारे भविष्य के लिए बहुत प्रासंगिक हैं. संवैधानिक संस्थाओं को सुनियोजित ढंग से कमजोर करना इनमें से ही एक मुद्दा होगा. हम युवाओं, महिलाओं, किसानों की समस्याओं को सामने लाना चाहते हैं, हम एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) के लिए कानूनी गारंटी देना चाहते हैं, ये वो चीजें हैं जो आम मतदाता के लिए मायने रखती हैं. पायलट के अनुसार, उन्हें नहीं लगता कि भारतीय मतदाता धर्म, हिंदू-मुस्लिम, मंदिर-मस्जिद के मुद्दों पर आधारित चुनावी एजेंडे को सराहते हैं. उनका कहना था कि चुनाव आर्थिक नीति, रोजगार सृजन, महंगाई को कम करने और हमारे किसानों के लिए बेहतर भविष्य सुरक्षित करने जैसे मुद्दों पर लड़ा जाना चाहिए. कांग्रेस नेता ने कहा, भाजपा चाहे कितनी भी कोशिश कर ले, धर्म या भगवान राम पर उसका एकाधिकार नहीं हो सकता. राम सबके हैं, वह सर्वव्यापी हैं और उन्हें किसी पार्टी या सरकार तक सीमित करने की कोशिश भी अपने आप में व्यर्थ का काम है.

**मंदिर का निर्माण अदालती फैसले से हुआ है**

उनके मुताबिक, मंदिर का निर्माण किसी पार्टी या सरकार के कारण नहीं हुआ, बल्कि अदालत के फैसले के कारण हुआ. पायलट से पूछा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों की रूपरेखा और सत्ता पक्ष और विपक्ष के विश्वास के स्तर में अंतर के बारे में बात कर रहे हैं. इस पर पायलट ने कहा कि जनता जो जनादेश देगी, उसका पहले से अनुमान लगाना गलत है. उन्होंने इस बात पर जोर दिया, हमें निष्पक्ष खेल के लिए अपनी सोच को खोलना होगा, आम नागरिकों के मुद्दों और चिंताओं पर चुनाव लड़ना होगा जो हमारे देश के मतदाताओं के लिए महत्वपूर्ण हैं और लोगों को यह तय करने देना होगा कि कौन उनकी सबसे अच्छी सेवा करेगा. पायलट ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल द्वारा लगाए जा रहे '300 पार' और '400 पार' के नारे में अहंकार की बू आती है. उन्होंने कहा कि सरकार को रिकॉर्ड स्तर की बेरोजगारी, बढ़ती महंगाई, कृषि संकट, अमीर और गरीब के बीच खाई पैदा करने पर जवाब देना चाहिए. उन्होंने कहा कि ये मुद्दे भाजपा के एजेंडे से गायब हैं.

### कच्चातिवु को लेकर दुष्प्रचार कर रही है द्रमुक : सीतारमण

**चेन्नई।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) पर कच्चातिवु द्वीप को लेकर दुष्प्रचार करने और इस मुद्दे पर गैर-जिम्मेदाराना बयान देने का आरोप लगाया. भारत ने 1974 में यह द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया था. सीतारमण ने कहा कि तत्कालीन द्रमुक अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम करुणानिधि को उस समय केंद्र में सत्तारूढ़ कांग्रेस के इस कदम की जानकारी थी, लेकिन उन्होंने विरोध नहीं किया. वित्त मंत्री ने कहा कि 1967 के बाद तमिलनाडु में सत्ता में आने में विफल रही कांग्रेस को इस द्वीप को गंवाने के लिए देश को स्पष्टीकरण देना चाहिए, जिसे पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने पत्थर का एक छोटा सा टुकड़ा कहा था.

### अप्रैल फूल के चक्कर में गई छात्र की जान

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** इंदौर में अपने दोस्त को कथित तौर पर अप्रैल फूल बनाने के दौरान गलती से फांसी लगने के कारण 18 वर्षीय छात्र की जान चली गई. पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी. अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने बताया कि मल्हारगंज थाना क्षेत्र में अभिषेक रघुवंशी (18) ने सोमवार, एक अप्रैल को अपने एक दोस्त को अप्रैल फूल बनाने के लिए वीडियो कॉल किया और गले में फांसी का फंदा डालकर खुदकुशी का दिखावा करने लगा. उन्होंने बताया, इसी दौरान रघुवंशी जिस स्टूल पर खड़ा था, वह गलती से सरक गया. उसके हवा में लटकते ही गले में फांसी का फंदा कस जाने के कारण उसकी मौत हो गई. दंडोतिया ने बताया कि रघुवंशी, प्रशासन के एक अनुविभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) के वाहन चालक का बेटा है.

## न्यूज अपडेट

### कांग्रेस नेता गणेश्वर बेहरा ने दिया इस्तीफा

**भुवनेश्वर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गणेश्वर बेहरा ने मंगलवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया. केंद्रपाड़ा जिले के रहने वाले बेहरा ने अपना इस्तीफा ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी (ओपीसीसी) के अध्यक्ष शरत पटनायक को भेजा. उन्होंने विधायक और कांग्रेस कार्यकर्ता के रूप में ओडिशा के लोगों की सेवा करने का मौका देने के लिए पार्टी को धन्यवाद दिया. सूत्रों ने बताया कि बेहरा के बीजद में शामिल होने की संभावना है. बीजद बेहरा को केंद्रपाड़ा विधानसभा सीट से मैदान में उतार सकती है जो अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है. गणेश्वर बेहरा ने कहा है कि उनके शुभचिंतक और उनके निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता उनसे बीजद में शामिल होने का आग्रह कर रहे हैं.

### सांसद अजय निषाद कांग्रेस में शामिल हुए

**नयी दिल्ली।** मुजफ्फरपुर से लोकसभा सदस्य अजय निषाद मंगलवार को भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए. भाजपा ने हाल ही में उनका टिकट काट दिया था. पार्टी ने उनके स्थान पर मुजफ्फरपुर से राजभूषण चौधरी को उम्मीदवार बनाया है. कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा, बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह और प्रदेश प्रभारी मोहन प्रकाश ने निषाद का पार्टी में स्वागत किया. पूर्व केंद्रीय मंत्री जयनारायण निषाद के पुत्र अजय निषाद ने कहा, मुझे किसी का अहंकार तोड़ना है और अपना खोया हुआ सम्मान वापस पाना है. सूत्रों का कहना है कि निषाद को कांग्रेस मुजफ्फरपुर से उम्मीदवार घोषित कर सकती है.

### भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल ने किया नामांकन



**मेरठ (उप्र)।** दूरदर्शन पर प्रसारित हुए लोकप्रिय धारावाहिक 'रामायण' में श्रीराम की भूमिका निभाने वाले अभिनेता अरुण गोविल ने मंगलवार को मेरठ लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल कर दिया. इस दौरान गोविल के साथ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी मौजूद रहे. मौर्य ने संवाददाताओं से कहा, अरुण गोविल जी ने मंगलवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है.

### ओडिशा: भाजपा ने 112 उम्मीदवारों की सूची जारी की

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने मंगलवार को आगामी ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए 112 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी. पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल को चंदबली से उम्मीदवार बनाया है जबकि मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के खिलाफ हिंजली विधानसभा सीट से शिशिर मिश्रा को मैदान में उतारा है. निवर्तमान लोकसभा में सांसद सुरेश पुजारी ब्रजराजनगर से चुनाव लड़ेंगे. पिछले दिनों भाजपा में शामिल होने वाले अभिनेता और दो बार के सांसद रहे सिद्धांत महापात्रा को डिगपींडी से भाजपा ने उम्मीदवार बनाया है. ओडिशा में विधानसभा के साथ ही लोकसभा चुनाव होने हैं. ओडिशा विधानसभा में 147 सीट हैं.

### भूपेश बघेल ने नामांकन पत्र दाखिल किया

**राजनांदगांव :** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव लोकसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया. बघेल (62) ने राजनांदगांव के जिलाधिकारी कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल करने की अपनी तस्वीरें अपने 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट की और लिखा, राजनांदगांव लोकसभा के हर नागरिक के भरोसे को साक्षी मानकर मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल किया है. (हम) जीतेंगे. राज्य की 11 लोकसभा सीट के लिए तीन चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और सात मई को चुनाव होंगे और वोटों की गिनती चार जून को होगी. नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में बघेल ने कहा, मैंने नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है.

### मैं अब चुनाव नहीं लड़ूंगा : मुख्यमंत्री सिद्धरमैया

**मैसूरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने अब चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है, क्योंकि बढ़ती उम्र के साथ चार साल बाद काम करने के लिए स्वास्थ्य उनका पूरी तरह साथ नहीं देगा. पिछले साल के विधानसभा चुनाव के दौरान ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिद्धरमैया ने ऐलान कर दिया था कि यह उनका आखिरी चुनाव होगा, लेकिन वह राजनीति में बने रहेंगे. सिद्धरमैया ने कहा, वरुणा निर्वाचन क्षेत्र के लोग चाहते हैं कि मैं एक बार फिर वहां से विधानसभा चुनाव लड़ूं, लेकिन मैंने अब चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है. अब मैं 77 साल का हूं, अभी भी मेरे पास चार साल का समय है, तब तक मैं 81-82 साल का हो जाऊंगा.

## केजरीवाल की तिहाड़ जेल में पहली रात बेचैनी में गुजरी

- रक्त में शर्करा का स्तर कम हुआ : जेल अधिकारी

एजेंसी। नयी दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल में अपनी पहली रात के दौरान 14 फुट लंबी और आठ फुट चौड़ी कोठरी में टहलते दिखे और कुछ देर ही सोए. कारागार के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. कारागार अधिकारियों के मुताबिक, केजरीवाल को सोमवार शाम चार बजे तिहाड़ जेल लाया गया और पहले उनकी चिकित्सकीय जांच की गई. इसके बाद उन्हें कोठरी में भेजा गया जहां वह अकेले रह रहे हैं.

उन्होंने कहा कि उस समय उनके रक्त में शर्करा का स्तर 50 मिलीग्राम/डीएल से कम था और डॉक्टरों की सलाह पर उन्हें दवाएं दी गईं. सीएम जेल जाने वाले भारत के पहले पदासीन सीएम हैं.

### उत्तराखंड में पीएम मोदी ने चुनाव प्रचार का किया शंखनाद, बोले

## भ्रष्टाचार पर प्रहार और तेज होगा

एजेंसी। रूद्रपुर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भ्रष्टाचार से गरीबों और मध्यम वर्ग का हक छिनता है और चुनाव के बाद उनके तीसरे कार्यकाल में भ्रष्टाचार पर प्रहार और तेज होगा. उत्तराखंड में 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार की शुरूआत करते हुए प्रधानमंत्री ने रुद्रपुर में 'विजय शंखनाद' रैली को संबोधित किया. उन्होंने कहा, तीसरे कार्यकाल में भ्रष्टाचार पर और तेज प्रहार होगा. यह गारंटी मैं आपको देने आया हूं. उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार से हर गरीब का हक छिनता है, हर मध्यम वर्ग का हक छिनता है और मैं किसी का हक किसी को छीनने नहीं दूंगा. प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले पांच साल अभूतपूर्व काम और बड़े फैसलों के लिए होंगे लेकिन उसके लिए जनता को उन्हें और मजबूत करना होगा. विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडी' ने अपने इरादे साफ कर दिए हैं.

### कॅरियर-काउंसिलिंग

# रिटेल मैनेजमेंट को बना सकते हैं अपना कॅरियर

रजनीश प्रसाद। रांची

रिटेल मैनेजमेंट एक ऐसी प्रक्रिया है जो देश के विभिन्न स्टोर्स से ग्राहकों को उनके इस्तेमाल के लिए जरूरत की वस्तुएं खरीदने में मदद करती है. इस प्रक्रिया में ग्राहकों को रिटेल स्टोर में निमंत्रित करने से लेकर उनकी सारी जरूरी खरीदारी की सुविधा उपलब्ध करवाने से जुड़े अनेक कार्य शामिल होते हैं. इससे एक और फायदा यह है कि ग्राहक अपने समय की बचत अच्छे से कर लेता है, क्योंकि उसे अपने सारे ज़रूरत के सामान एक स्टोर से ही उपलब्ध हो जाते हैं.





**स्किल्स**

- खुदरा क्षेत्र में गहरी दिलचस्पी
- महत्वपूर्ण सोच
- संचार कौशल
- नेतृत्व की विशेषता
- तुरंत निर्णय लेने का कौशल
- समस्या का समाधान करने की कुशलताएं
- साधन-संपन्न
- अनुकूलन क्षमता
- नैतिक
- रणनीतिक सोच

**विदेश में टॉप यूनिवर्सिटीज**

1. मिनेसोटा विश्वविद्यालय
2. रायर्सन विश्वविद्यालय
3. पर्ड्यू विश्वविद्यालय
4. सेंट्रल मिशिगन
5. ईस्टर्न केंटकी
6. फ्लोरिडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी
7. सिनसिनाटी विश्वविद्यालय
8. कॉलेज डबलिन विश्वविद्यालय
9. मैनचेस्टर मेट्रोपॉलिटन यूनिवर्सिटी
10. कला विश्वविद्यालय लंदन

**भारत में टॉप यूनिवर्सिटीज**

**भारत में रिटेल मैनेजमेंट कोर्स के लिए टॉप यूनिवर्सिटीज इस प्रकार हैं :**

- नेशनल स्किल डेवलपमेंट कैंपेन, नई दिल्ली
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ रिटेल मैनेजमेंट, अहमदाबाद
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ रिटेल मैनेजमेंट, मुंबई
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ रिटेल, बैंगलोर
- शांति निकेतन कॉलेज ऑफ एजुकेशन, श्रीनगर
- रिटेल एक्सीलेंस अकेडमी, नई दिल्ली
- मनी कम्युनिकेशन इंस्टीट्यूट, अहमदाबाद
- बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड हायर स्टडीज, नोएडा
- नरसी मोंजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड हायर स्टडीज, मुंबई
- पर्ल एकेडमी ऑफ फैशन, नई दिल्ली

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)